सुप्रभात
रांची, शनिवार
12.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, चर्तथी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 119

12 फाइनल कल : इंग्लैंड और पाक के बीच कौन किसपर भारी




## न्यूज डायरी

### सीएम हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से चुनाव आचार सहिंता उल्लंघन मामले में बड़ी राहत मिली है। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और निचली अदालत में चल रही कार्यवाही को निरस्त कर दिया है। सीएम की ओर से अधिवक्ता कौशिक सरखेल ने अदालत को बताया कि इस तरह के मामले में सरकारी अधिकारी शिकायत दर्ज करा सकते हैं लेकिन उनकी ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है जो नियम संगत नहीं है। इसके बाद अदालत ने हेमंत सोरेन के खिलाफ अरगोड़ा थाने में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया।

### कैश कांड : अनूप सिंह पर बरस तीनों विधायक

**रांची।** कैश कांड में फंसे कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी शुक्रवार को अनूप सिंह पर जम कर बरसे। जमानत मिलने के बाद विधानसभा के विशेष सत्र में शामिले होने के पहुंचे थे। मीडिया से बात करते हुए तीनों विधायकों ने कांग्रेस विधायक अनूप सिंह पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से सरकार के साथ हैं।

### हर्ट अटैक से टीवी स्टार एक्टर सिद्धांत का निधन

**नयी दिल्ली।** कसौटी जिंदगी की और कट्टी बट्टी जैसे शो में नजर आ चुके टेलीविजन के मशहूर एक्टर सिद्धांत वीर सूर्यवंशी का 46 साल की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार की शाम को जिम में वर्कआउट के दौरान एक्टर को दिल का दौरा पड़ा और वे चल बसे। निधन की खबर सुनने के बाद टीवी इंडस्ट्री पूरी तरह से सदमें में है।

### अपने स्कूल पहुंच कर भावुक हो गयीं राष्ट्रपति

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को गर्ल्स हाई स्कूल यूनिट दो का दौरा करने पर बहुत खुश एवं भावुक हो गयीं। यहीं उन्होंने 1970 से 1974 तक कक्षा आठ से ग्यारहवी कक्षा तक की पढ़ाई की थी। राष्ट्रपति ने कुतंला कुमारी सबत आदिवासी छात्रावास के उस कमरे का भी दौरा किया जहां वह स्कूली शिक्षा के दौरान रुकी थी। राष्ट्रपति कमरे में अपने सहपाठियों के साथ लगी अपनी तस्वीर को देखकर खुश हुई।

### जजों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट खफा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर शुक्रवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने बेंगलुरु के एडवोकेट्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की ओर से भेजे गए नामों को लंबित रखना, उन्हें मंजूरी नहीं देना और इस मामले में कोई वजह नहीं बताना स्वीकार्य नहीं है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 65,500 रु./प्रति किलो |

# 1932 का खतियान झारखंड की पहचान

## विशेष सत्र में खतियान आधारित स्थानीयता व 27% ओबीसी आरक्षण बिल पास

- सीएम हेमंत सोरेन ने सदन में रखा दोनों विधेयक, कहा सबका ख्याल रखा जायेगा
- बिल संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल होने के बाद प्रभावी होगा
- आजसू-भाजपा ने भी कुछ शर्त्तों के विधेयकों का किया समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में हेमंत सोरेन सरकार ने 1932 आधारित स्थानीय नीति और आरक्षण संशोधन विधेयक पास कर दिया गया। इस विधेयक के अनुसार वे लोग झारखंड के स्थानीय या मूल निवासी कहे जायेंगे जिनका या जिनके पूर्वजों का नाम 1932 या उससे पहले के खतियान में दर्ज होगा। वहीं, ओबीसी आरक्षण की सीमा 14% बढ़ाकर 27% कर दिया है। अब झारखंड में कुल 77% रिजर्वेशन हो गया है। अब प्रदेश में अनुसूचित जनजाति (एसटी) को 28 फीसदी, पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 फीसदी और अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 12 फीसदी आरक्षण लागू हो जायेगा। शुक्रवार को सदन के नेता सह सीएम हेमंत सोरेन ने यह विधेयक पटल पर रखा। सदन ने झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधायक 2022 को ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान कर दी। सीएम ने इस विधेयक को विधानसभा से पारित करा कर अपने सबसे बड़े चुनावी वायदे को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा, आज का दिन झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक बीमा और रोजगार, बेरोजगारी के संबंध में राज्य की सभी योजनाओं और नीतियों के हकदार होंगे। स्थानीय नागरिक को अपनी भूमि, रोजगार, कृषि ऋण और अन्य ऋण पर लाभ मिलेगा।



## जेल में भी रहेंगे तो भाजपा का सूपड़ा कर देंगे साफ : हेमंत

**सदन** में दोनों विधेयक पर संशोधन प्रस्ताव पर सीएम ने जवाब देते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पिछले साल हमने सरना कोर्ड पारित किया था। आज का दिन शुभ है। भाजपा के विधायकों के रिश्तेदारों के यहां लाखों करोड़ मिलते हैं तो उन्हें छोड़ दिया जाता है। गरीब आदिवासी के यहां एक दाना नहीं मिलता तो उसे फंसा दिया जाता है। अब इडी-सीबीआई से सत्ता पक्ष डरने वाला नहीं है, हम जेल में रहकर भी आपका सूपड़ा-साफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे विपक्ष के सहयोगी नौंवी अनुसूची के बजाए संकल्प जारी करने की बात कर रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक में चल रही उनकी सरकार ने आरक्षण को लेकर केंद्र को क्यों भेजा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शीशे की तरह ट्रांसपेरेंट होकर काम करना चाहती है। ठगने का काम हमलोग नहीं करते। सदन से निकलकर सीएम हेमंत ने दिखाई विक्ट्री साइन, कहा- अब दिल्ली में लड़ेंगे लड़ाई।


## सरकारी नियुक्तियों में अब 77% आरक्षण

वहीं अब सीधी भर्ती से राज्य में होने वाली सरकारी नियुक्तियों में 77 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। मेरिट से 23 प्रतिशत पद भरे जायेंगे। इस विधेयक के अनुसार अब अनुसूचित जाति के लिए 12, अनुसूचित जनजाति के लिए 28, अत्यंत पिछड़ा वर्ग अनुसूची के लिए 15, पिछड़ा वर्ग अनुसूची-2 के लिए 12, आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। सरकारी नौकरियों में इनके लिए 77 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड का गठन हुआ। 2001 में तत्कालीन सीएम बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया गया था। समिति ने सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 71 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव दिया। जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 12, अनुसूचित जनजाति के लिए 32, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 16 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग के लिए 9 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया। वर्ष 2002 में उच्च न्यायालय ने रजनीश मिश्रा बनाम राज्य सरकार और अन्य के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत तक सीमित रखने का आदेश दिया। इसके बाद राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 10, अनुसूचित जनजाति के लिए 26 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत आरक्षण, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग को एक समेकित कोटि मानकर देने का निर्णय लिया गया है।

### ग्रामसभा देगी भूमिहीनों को पहचान का दर्जा

सीएम ने कहा कि वैसे लोग जिनका नाम 1932 खतियान में दर्ज नहीं है यह फिर जिनका खतियान खो गया हो या नष्ट हो गया हो ऐसे लोगों को ग्राम सभा से सत्यापन लेना होगा कि वे झारखंड के मूल निवासी हैं या नहीं। भूमिहीन व्यक्तियों के मामले में स्थानीय व्यक्ति की पहचान ग्राम सभा की ओर से संस्कृति, स्थानीय रीति-रिवाज, परंपरा के आधार पर की जायेगी। ग्राम सभा को उनके स्थानीय निवासी होने की पहचान करने का अधिकार होगा। इस अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय व्यक्ति प्राथमिकता के आधार पर अपनी भूमि रिकॉर्ड को बनाये रखने के हकदार होंगे। विधेयक में बताया गया है कि झारखंड के मूलवासियों, आदिवासियों, अधिवासियों को उनकी भूमि पर कुछ अधिकार और लाभ प्रदान करने के लिए स्थानीय व्यक्तियों और उनकी पहचान को परिभाषित करने की अनिवार्यता महसूस की गयी है।

## सीएम का पैगाम : झारखंडियों को मिला मान-सम्मान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के लिए आज का दिन विशेष और ऐतिहासिक है। झारखंड वासियों की आत्मा और अस्मिता से जुड़े 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित हो चुका है। उन्होंने कहा कि पूरा झारखंड जश्न और खुशियां मना रहा है। उन्होंने कहा एक बार फिर झारखंड के लिहाज से 11 नवंबर का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उसे निभाने का काम किया। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह यहां की भावनाओं के अनुरूप संवैधानिक प्रावधानों के तहत 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि से संबंधित विधेयक को नौवीं अनुसूची में डालने की पहल करें। इससे झारखंड वासियों उनका मान-सम्मान और अधिकार मिल सके। यदि जरूरत हुई तो पूरी सरकार दिल्ली में भी इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगाने से पीछे नहीं हटेगी।

### सरकार के हर निर्णय का हो रहा जोरदार स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जो भी निर्णय ले रही है। इसका झारखंड की जनता जोरदार स्वागत कर रही है। हमारे कार्यों को लेकर हर तरफ हर्ष उल्लास का वातावरण है। हमारी कार्यप्रणाली से लोगों में काफी उम्मीदें हैं। सभी को उनका हक अधिकार और मान -सम्मान देने का जो सिलसिला शुरू हुआ है,अब थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों का सामना करते हुये जनकल्याण और विकास के कार्य सरकार लगातार कर रही हैं। लंबे समय से जो समस्याएं यहां व्याप्त थी। उसे दूर करने का कार्य लगातार जारी है। आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों का जो दुःख- दर्द है। उसे दूर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सरकार के कदम ना रुके थे और ना रुकेंगे। हम लगातार आगे बढ़ते रहेंगे।

### झारखंड के लिए 11 नवंबर का दिन बेहद खास

मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 नवंबर का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक है। 11 नवंबर 1908 को ही छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट वजूद में आया था। वहीं, पिछले वर्ष 11 नवंबर को विधानसभा में सरना अलग धर्म के विधेयक को पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था और एक बार फिर 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक केंद्र को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी और मूलवासियों को उनका अधिकार देने के साथ यहां रह रहे सभी लोगों के हितों का भी पूरा ख्याल और संरक्षण किया जायेगा।

## गुरुजी के सपनों को पूरा करने की ओर बढ़ा कदम : महतो

# स्पीकर बोले, अब बदलेगी तकदीर

## अब वैधानिक तरीके से लाभ मिलेगा

उदय चौहान

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा है कि जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान के लिए वह पक्ष-विपक्ष के सहयोग से सदन को संचालित कराने का प्रयास करते हैं, लेकिन, शुक्रवार को आरक्षण और स्थानीय नीति से संबंधित विधेयकों को विधानसभा से मंजूरी मिलने पर बेहत खुशी जतायी है। श्री महतो विधानसभा स्थित अपने कक्ष में खबर मन्त्र से विशेष बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता व ओबीसी आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत किये जाने से सही मायने में अलग झारखंड का लाभ यहां के आदिवासी-मूलवासी को मिल सकेगा। 15 नवंबर 2000 को ही अलग झारखंड राज्य का गठन हो गया था। उस वक्त राज्य मुख्यालय से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक सिर्फ बोर्ड बदला गया। बिहार की जगह झारखंड नाम हो गया था, लेकिन सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आया। लंबे अरसे से यहां के लोगों की तृतीय और चतुर्थ वर्ग की सरकारी नौकरियां में अधिकार की मांग थी। इन दोनों विधेयकों के पारित होने से लोगों की आकांक्षाएं पूरी हुई है। एक ओर जहां ओबीसी के अलावा एसटी और एससी के आरक्षण प्रतिशत में वृद्धि हुई हैं।



उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों की ओर से लंबे समय से स्थानीय नीति बनाने की मांग की जा रही थी, ताकि तृतीय और चतुर्थ वर्ग की सरकारी नौकरियों में स्थानीय मूलवासियों-आदिवासियों को उनका अधिकार मिल सके। अब स्थानीयता संबंधी विधेयक पारित हो जाने के बाद लोगों को वैधानिक तरीके से हक और अधिकार मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि एकीकृत बिहार में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता था, लेकिन, राज्य की पूर्ववर्ती सरकार ने पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग को मिलने वाले आरक्षण प्रतिशत को कम कर दिया। इसके कारण पिछड़ा वर्ग की स्थिति अत्यंत खराब हो गई थी। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बार फिर से ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया है। इसका पूरा फायदा आने वाले समय में झारखंड को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों विधेयकों को अब 9वीं अनुसूची में सम्मिलित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह का कानूनी प्रावधान करना चाहती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा बदलाव

उन्होंने कहा कि अलग राज्य गठन के बावजूद किन्ही वजहों से आम लोगों की आकांक्षाएं नहीं पूरी हो पा रही थी, लेकिन, नयी स्थानीय और आरक्षण नीति से झारखंड की तकदीर बदलेगी। कानूनी अधिकार मिलने से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आयेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से अलग झारखंड राज्य निर्माण की लड़ाई चल रही थी। पहले बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के आदिवासी बहुल इलाके को लेकर वृहत झारखंड राज्य गठन की मांग की जा रही थी। अंत में सिर्फ बिहार से तत्कालीन 18 जिलों को मिलाकर अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ। संताल परगना और छोटानागपुर के लोगों की चिर-प्रतीक्षित मांग पूरी हुई।

## राजीव हत्याकांड सभी दोषी रिहा

**नयी दिल्ली।** राजीव गांधी हत्याकांड के सभी 6 दोषी शुक्रवार को रिहा हो गये। इससे पहले सुबह सुप्रीम कोर्ट ने नलिनी और आरपी रविचंद्रन समेत सभी दोषियों की रिहाई का आदेश दिया था। कोर्ट का आदेश आने के एक घंटे बाद ही उम्रकैद की सजा काट रहे सभी दोषियों की रिहाई हो गयी। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को इसी केस में दोषी पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था। बाकी दोषियों ने भी उसी आदेश का हवाला देकर कोर्ट से रिहाई की मांग की थी। नलिनी और रविचंद्रन दोनों 30 साल से ज्यादा का वक्त जेल में गुजार चुके हैं।

## शिवलिंग को संरक्षित रखने का आदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वाराणसी में खोजे गये शिवलिंग की सुरक्षा के लिए अपने आदेश बरकरार रखा है। हिंदू पक्ष के वकील जैन ने शुक्रवार को कोर्ट में मामले का उल्लेख करते हुए कहा था कि शिवलिंग की सुरक्षा का अंतरिम आदेश 12 नवंबर को समाप्त हो रहा। इस मामले को लेकर शुक्रवार को अलग-अलग मामलों में सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और जिला अदालत में सुनवाई हुई। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए अगले आदेश तक शिवलिंग को संरक्षित रखने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने हिंदू पक्षों को ज्ञानवापी विवाद पर दायर सभी मुकदमों को मजबूत करने के लिए वाराणसी जिला न्यायाधीश के समक्ष आवेदन करने की अनुमति दी।

### ज्ञानवापी मामला

### शिवलिंग कोई नहीं छुएगा

ज्ञानवापी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अगले आदेश तक शिवलिगं का संरक्षण जारी रखने का आदेश सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि शिवलिंग को कोई नहीं छुएगा। इसके साथ ही पीठ ने हिंदू पक्षों को एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की प्रबंधन समिति द्वारा दायर अपील पर तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

## कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा (नि:शुल्क टीकाकरण)

–:आम सूचना:–

केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम दिनांक 15.11.2022 से FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग ) प्रथम चरण एवं BRUCELLOSIS बीमारी (तृतीय चरण) 4–8 माह की बाछी का टीकाकरण किया जाएगा। कोडरमा जिला अंतर्गत FMD सभी गाय और भैंस, में करना सुनिश्चित किया गया है। आप सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकृत कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिए टीकाकर्मी घर–घर जाकर पशुपालकों से सम्पर्क कर टीकाकरण करेंगें।

अतः सभी पशुपालक भाई–बहनों एवं जनप्रतिनिधि (प्रमुख,मुखिया,वार्ड सदस्य) का सहयोग अपेक्षित है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.282070 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

अति अल्प कालीन निविदा आमत्रंण सूचनासंख्या –16 वर्ष 2022–2023

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :दिनांक: 14.11.2022को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक: 14 .11.2022कोअपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक: 14.11.2022 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री :1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, का स्थान भवन प्रमण्डल,खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति :1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, का स्थान छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying of furnishing equipments and decorative articles for Circuit house khunti. | 45,00,000.00 | 5,000.00 | 90,000.00 | 02 days |
| 2. | Construction of 03 nos temprory helipad and barricading work at ulihatu Khunti. | 10,16,750.00 | 2,500.00 | 20,100.00 | 02 days |
| 3. | Construction of 03 nos temprory helipad and barricading work at sembukel khunti. | 6,73,300.00 | 1,250.00 | 13,500.00 | 02 days |

नोटः-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा। (प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।)
निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 282007 (Building)22-23*D



## झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

40वीं औपबंधिक सूची
जिला :–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–11 2. आवेदक का नाम–लक्ष्मी नारायण प्रसाद 3. पिता का नाम–स्व0 महनू महतो 4. ग्राम–घासी बारी 5. पो0–घुनसुली 6. थाना–कर्रा 7. प्रखण्ड–खूँटी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ मे लहसन का दाग। 10. आयु–58 वर्ष | नहीं | नहीं | कारण:–झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन के आधार पर | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र–12 2. आवेदक का नाम–अजय सिंह (आश्रित पुत्र) 3. पिता का नाम–स्व0 झमन सिंह (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–बड़ाईक टोली 5. पो0–अंकित नहीं 6. थाना–खूँटी 7. प्रखण्ड–खूँटी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं 10. आयु–62 वर्ष | नहीं | नहीं | कारण:–इलियास मजीद द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आन्दोलन गोमके होरो साहेब' में नाम अंकित होने पर। पार्टी का नाम– झापा | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करायें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र क0 तामांग)
1 उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मु) सदस्य — PR 281978 Home (22-23)_D — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची)

कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा, कैम्प कार्यालय कोडरमा।
जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा।, E-mail-id scochatra@gmail.com

वित्तीय वर्ष 2022–23 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए "जल निधि नामक" योजना–

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समूचित व्यवस्था हेतु **डीप बोरिंग** एवं **परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु"जलनिधि" नामक योजना** जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

कृषक/संस्था का चयन
(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिचांई पम्प एवं परकोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नही होगी।
(3) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं योजना बनाओं अभियान/विशेष ग्राम–सभा के तहत चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

आवेदन पत्र की प्राप्ति
(I) **भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा** के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(II) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी,, कैम्प कार्यालय कोडरमा **(जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा)** से कार्यालय अवधि में निःशूल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(III) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/agri. एवं www.Sameti.org पर भी उपलब्ध है।

**आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रसारण के बाद से ही दिनांक 25.11.2022 तक कार्यालय अवधि में भूमि संरक्षण कार्यालय, कैम्प कार्यालय कोडरमा (जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा) में जमा लिया जायेगा।**
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा/विशेष ग्राम से पारित होनी चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. पानी पंचायत समिति का गठन कर, रजिस्टर की छाया प्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति मे ) पानी पंचायत के गठन की रंगीन फोटोग्राफ देय होगा।
3. पानी पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छाया प्रति (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त पासबुक की छाया प्रति)।
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) न्यूनतम 12 कृषक।
5. गाँव के नक्शा पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शा की छाया प्रति।
6. भूमि का खेसरा संख्या अद्यतन रजस्व रशीद पहचान पत्र के साथ संलग्न करें यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
7. जिस स्थल पर डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0, रकबा, का भूमि प्रतिवेदन अंचलाधिकारी द्वारा मान्य होगा।

(1) डीप बोरिंग की योजना:–

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राषि |
|---|---|---|---|---|
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ लक्ष्य OSP-20 | योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 05 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिषत (3.15 लाख) | 10 प्रतिषत (0.35 लाख) |

(2) परकोलेशन टैंक की योजना।

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| Length of percolation tank 120ft. width of percolation tank 100ft. Depth of percolation tank 12ft. Length of Bound-370ft side slope-1:1 लक्ष्य OSP-56 | योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 4.70 लाख | 90 प्रतिषत (4.23 लाख) | 10 प्रतिशत (0.47 लाख) |

PR 282081 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)#D

ह0
भूमि संरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा


## सदन में स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण विधेयक पारित

# 11 नवंबर को धर्म सम्मान अधिकार और पहचान दिवस के रूप में मनायेगी जनता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 नवंबर राज्य के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि इस दिन ही 2021 को अलग सरना धर्म कोड की मांग को विधानसभा से पारित कर केंद्र को भेजा गया था और अब फिर 11 नवंबर 2022 को राज्य की साढ़े तीन करोड़ लोगों की उम्मीदों के अनुसार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27% आरक्षण को लागू करने के लिए प्रस्ताव पास किया गया है। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को अब राज्य की जनता हर साल धर्म, सम्मान अधिकार और पहचान दिवस के रूप में मनाएगी।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 1928 में मोरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने पहचान की पहली लड़ाई शुरू की थी, जिसे आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन पूरा कर रहे हैं। सरकार जब जनता के हित में काम कर रही है तो आजसू और भाजपा के पेट मे दर्द हो रहा है। जेएमएम नेता ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के काम भाजपा आजसू के लिए जमालगोटा का काम कर रहे हैं।

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि आजसू भाजपा झारखंड की राजनीति से सर्वदा के लिए बाहर हो गए हैं। आजसू और भाजपा की सरकारों में आदिवासी और मूलवासी कहीं नहीं रहे। जब आज एक आदिवासी के बेटे ने राज्य के आदिवासियों मूलवासियों और ओबीसी को उनका अधिकार देने की शुरूआत की तो भाजपा आजसू की सामंतवादी सोच वाले लोगों को परेशानी हो रही है। भाजपा और आजसू के धरतीपुत्रों को आजसू और भाजपा को छोड़कर यूपीए में शामिल हो जाना चाहिए।

**केंद्र जल्द से जल्द विधानसभा से पारित प्रस्ताव को नौवीं अनुसूची में शामिल करे :** झामुमो केंद्रीय सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं अन्य नेताओं से अपील की कि वह सरना धर्म कोड, भाषा को संवैधानिक दर्जा देने और ओबीसी आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति को नौवीं अनुसूची में शामिल करने में सहयोग करें।

## राजपथ से लेकर सीएम आवास तक मना जश्न, हेमंत ने की आतिशबाजी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा से 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नयी आरक्षण पॉलिसी पास होने पर राजपथ से लेकर सीएम हाउस तक जश्न का माहौल रहा। झामुमो ने विजय जुलूस निकाला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर विभिन्न संगठनों के लोगों ने आभार जताया।

सीएम को बधाई देने वालों में प्रकाश हंस, नवनीत उरांव, किशोर लोहरा, प्रो प्रवीण उरांव, सुभानी तिग्गा, योगेन्द्र उरांव, राहुल उरांव, जयंत कच्छप, मुन्ना उरांव, रीना तिर्की, रीता तिर्की, गुड़िया तिर्की सहित कई शामिल थे। इस दौरान सीएम ने भी आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

## 1932 का खतियान आधारित स्थानीयता राज्य की जनता के लिए गर्व की बात : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य की महागठबंधन की सरकार ने शुक्रवार 11 नवम्बर 2022 को झारखंड में 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक सदन से पारित करा लिया। इसको लेकर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने जश्न मनाया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के लिए राज्य की जनता पिछले 22 वर्षों से इंतजार कर रही थी। इसका विधानसभा द्वारा पास होना हर्ष का विषय है। हमने सरकार में रहकर ओबीसी आरक्षण के लिए जो संघर्ष और आंदोलन किया था उसका परिणाम भी आया। झारखंड के ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव भी पारित हो गया। हमारी सरकार के इस निर्णय से राज्य के युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

मौके पर प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, केशव महतो कमलेश, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, डॉ राकेश किरण महतो, मानस सिन्हा, कुमार राजा, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, नेली नाथन, अरुण साहू, जितेन्द्र त्रिवेदी, शहीद अंसारी, सुरेन राम, अजय कुमार, छोटू सिंह, अजय सिंह, राजेश चन्द्र राजू, विनंजय भारती, प्रिंस बप्त, सलीम खान, इश्तियाक अहमद, पंकज तिवारी, सुनील प्रसाद, बिट्टू कुमार, दिनेश लाल सिन्हा, चंदन बैठा, नरेन्द्र लाल गोपी, गुलाब रब्बानी, फिरोज आलम, अरुण श्रीवास्तव, दामोदर प्रसाद, एवं रामानंद केशरी आदि थे।

## नयी स्थानीय व नियोजन नीति लटकाने और भटकाने वाला बिल : दीपक प्रकाश

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले– बहानेबाजी और जनता को दिग्भ्रमित करना महागठबंधन सरकार की आदत**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि स्थानीय नीति व नियोजन नीति को संकल्प के माध्यम से राज्य सरकार लागू कर सकती है। उन्होंने नई स्थानीय व नियोजन नीति को लटकाने, भटकाने और अटकाने वाला विधेयक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य गठन के पूर्व से ही जन भावनाओं के साथ खड़ी है। स्व अटल बिहारी वाजपाई एवं लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में झारखंड राज्य का गठन हुआ। भाजपा ने अलग राज्य के सपनो को साकार किया। जबकि, सत्ताधारी दलों ने अलग राज्य के आंदोलन को बदनाम किया। आंदोलन को बेचा और खरीदा गया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार, आरोपों से घिरे मुख्यमंत्री एवं उनके कुनबे को 32 महीनों के बाद 1932 के खतियान की याद आ गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने फिर एकबार राज्य की जनता को दिग्भ्रमित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को स्थानीय नीति, नियोजन नीति बनाने, लागू करने का पूरा अधिकार भारत के संविधान ने दिया है। फिर 9वीं अनुसूची की बहानेबाजी क्यों की जा रही है। इसी से यह स्पष्ट हो चुका है कि सरकार की मंशा साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूर्व सरकार ने संकल्प के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन नीति को परिभाषित करते हुए लागू किया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का आदिवासी, दलित, पिछड़ा विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि विधेयक में अनुसूचित जाति का उल्लेख तक नहीं है। ऐसे ही अपनी परंपरा संस्कृति का पालन करने वाला जनजाति समाज विकास की बाट जोह रहा है।

### पिछड़ा विरोधी कांग्रेस ने 10 साल दबायी मंडल कमीशन रिपोर्ट

दीपक प्रकाश ने कहा कि जिस कांग्रेस की गोद में बैठकर हेमंत जी सरकार चला रहे हैं। वही, कांग्रेस ने 10वर्षों तक मंडल कमीशन रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक अधिकार नहीं दिया था। आज ये लोग पिछड़ों की हितैषी बनने का नाटक कर रहे। यदि पिछड़ों की इतनी ही चिंता थी तो फिर बिना आरक्षण दिए पंचायत चुनाव क्यों कराये गये। अब नगर निकाय चुनाव कराने की भी बात बिना आरक्षण के ही हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है,वही करती है।

## अपने आप में अपूर्ण है 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक: मधु कोड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र से पारित 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने अधूरा बताया है। उन्होंने कहा है कि यह विधेयक अपने आप में अपूर्ण है। इसकी मूल वजह 1932 के खतियान के अलावा 1964 का खतियान तथा ग्राम सभा को संवैधानिक रूप से अधिकार नहीं दिया जाना है।

**सर्टिफाई अधिकार ग्रामसभा, नगर परिषद, नन शेड्यूल एरिया व शेड्यूल एरिया को नहीं :** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक उनकी जानकारी है कि विधेयक में ग्राम सभा को कोई संवैधानिक अधिकार नहीं दिया गया है। ग्राम सभा जिसे सर्टिफाई करेगी, उसको स्थानीय माना जायेगा। सवाल यह है कि ग्रामसभा नगर परिषद, नन शेड्यूल एरिया तथा शेड्यूल एरिया किसे सर्टिफाई करेगी, इसका कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है। इस विधेयक के पास होने से कोल्हान की जनता पूरी तरह आहत है। इसका उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग कि है कि इस विधेयक में जो भी त्रुटियां रह गई हैं, उन्हें उससे दूर किया जाए।

## ईडी का लेटर बम से याद आया 1932 और ओबीसी आरक्षण : भानू प्रताप

**रांची।** विधानसभा से 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति 1932 और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े विधेयक पास करने को भाजपा ने राजनीतिक एजेंडा करार दिया है। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने सदन के बाहर कहा कि जनता को धोखा देने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे को शेड्यूल 9 के हवाले कर दिया गया है। जबकि, यह सिर्फ एक संकल्प से लागू कराया का सकता था। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव आयोग और ईडी का लेटर बम के डर से स्थानीयता और ओबीसी आरक्षण पर राज्यवासियों को बरगलाया जा रहा है। लेकिन, यहां की जनता जागरूक है और सत्ताधारी दलों की खुटचाल को अच्छी तरह समझती है।


## उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।

(भू–अर्जन शाखा)

नोटिस

मुकदमा संख्या–11/2018–2019

कामेश्वर साहु–बनाम–तुलसी साव, वगैरह

एतदर्थ वादी 1. श्री तुलसी साव, ग्राम–देशवाली, पोस्ट–लिगड़ा, थाना–कर्रा, जिला–खुटी, 2. श्री सुरेश साव, ग्राम–गोविन्दपुर, थाना–जरिमा, जिला–खुंटी एवं श्री कृष्णा साव, ग्राम+पोस्ट–गोविन्दपुर, थाना–जरिमा, जिला–खुंटी को संसूचित किया जाता है कि प्रश्नगत वाद में दिनांक–16.11.2022, (12:30PM) को सुनवाई हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की गई, जिसमें आप अपने दावे के समर्थन में वैद्य कागजातो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। विदित हो कि इससे पूर्व अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होने के लिए आपको निबंधित डाक के माध्यम से नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु आप अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए, इस कारण वाद में अग्रेत्तर कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

अतएव, आप सभी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए संसूचित किया जाता है कि वाद सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि–16.11.2022, (12:30PM) को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित पाये जाने पर वाद का निस्तारण अभिलेख में संधारित कागजातों के आधार पर कर दिया जाएगा।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला

PR 282054 Land Reforms(22-23)D


**विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी बोले**

# फंसाने वालों को हम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेंगे...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कैश कांड को लेकर फंसे कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने पहुंचे। वहां पहुंचते ही जामताड़ा विधायक ने पार्टी और विधायक कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) पर जमकर भड़ास निकाली। इरफान अंसारी ने तो यहां तक कह दिया कि आरोप लगाने वाले बाहरी हैं। हमलोग स्थानीय एवं ग्रास रूट से आते हैं। अनूप सिंह को वे बेहतर तरीके से और बचपन से जानते हैं। वे हमेशा दो नंबर वाले लोगों से घिरे रहते हैं। इससे हमारे पार्टी आलाकमान भी गुमराह हो गए। इस दौरान भी तीनों ने कहा कि उन्हें फंसाने वालों को वे किसी भी हाल में नहीं छोड़ेंगे।

**अनूप, शिल्पी और भूषण बाड़ा को जवाब तो देना ही पड़ेगा :** विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में इरफान ने कहा कि पार्टी ने अभी तक एक ही पक्ष की बातों को सुना है। अब हम हमलोग अपनी बातों को पार्टी आलाकमान के समक्ष रखेंगे। जल्द ही वे दिल्ली जाएंगे। इरफान ने कहा कि विधायक अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और भूषण बाड़ा ने उनपर 10 करोड़ रुपए का आरोप लगा दिया। स्पष्ट कर दूं कि अनूप सिंह से पिछले एक साल से बात ही नहीं हुई। अब जब आरोप लगा ही दिए हैं तो तीन विधायकों को जवाब तो देना ही पड़ेगा।

**संसार की सबसे बेस्ट एजेंसी से हो जांच :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कैश कांड मामले को टेकओवर करने के सवाल पर इरफान ने कहा कि हम तो मांग करते हैं कि संसार की जो सबसे बेस्ट जांच एजेंसी है, उससे मामले की जांच करायी जाए। हम निर्दोष साबित होंगे। अपने ऊपर लगे आरोपों को लेकर भी इरफान ने अपना पक्ष रखा। आज सत्य की जीत हुई है। कोलकाता हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि सरकार गिराने में उनलोगों का कोई हाथ नहीं था। हमारी तो सरकार बनाने में ही शुरूआत से भूमिका रही है।

### जांच का काम आयकर विभाग का : हाईकोर्ट

इरफान ने कहा कि हमपर आरोप लगाया गया कि गाड़ी में 10 करोड़ रुपए से अधिक राशि है। इससे आलाकमान भी गुमराह हुआ और पश्चिम बंगाल पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस ने हमारी गाड़ी की जांच की, तब उनकी गाड़ी से 17 लाख और अन्य विधायकों (राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी) के पास से क्रमश: 16 और 15 लाख रुपए मिले। यानी हमारी गाड़ी से मात्र 48 लाख रुपए मिले। हाईकोर्ट ने भी माना कि जांच करने का काम तो आयकर विभाग का है। पुलिस क्यों हाय तौबा मचा रखी है।

स्पीड न्यूज



### धूमधाम से कल मनेगी पटेल जयंती, दीपिका होंगे चीफ गेस्ट

**जमशेदपुर।** सरदार बल्लभ भाई पटेल सेवा समिति ने शुक्रवार को गोविंदपुर स्थित पटेल स्मारक विद्यालय छोटा गोविंदपुर में एक बैठक हुई जिसमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का 147 वा जयंती समारोह दिनांक 13 नवंबर 2022 को 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इस कार्यक्रम में अतिथि दीपिका पांडे सिंह विधायक (सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी), मंगल कालिंदी विधायक( जुगसलाई पटमदा), गणेश कुमार (पूर्व डीसी जामताड़ा), डॉ रिचा (भागलपुर बिहार), डॉ रामाशंकर (टीएमएच जमशेदपुर) राजेश कुमार (डायरेक्टर एयरवेज लॉजिस्टिक), दीपक अग्रवाल (डायरेक्टर दास फैक्ट्री गोविंदपुर), संजय पलसानिया (समाजसेवी) गुड्डू गुप्ता (समाज सेवी) लोगो ने अपनी स्वीकृति दी। जयंती में बच्चों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण की व्यवस्था की गई है। इस बैठक में सरदार बल्लभ भाई पटेल समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद ,सचिव बिंदा प्रसाद ,महामंत्री नवीन चंद्र सिंह, सचिव स प्रेस प्रवक्ता नरेश कुमार सिंह ,कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह , शत्रुघ्न प्रसाद ,सुरेश प्रसाद, त्रिपुल राय ,जय कुमार महतो, उपेंद्र सिंह ,अशोक कुमार, योगेश्वर प्रसाद सिंह और अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आज शहर में होंगे राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश



**जमशेदपुर।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश शनिवार को शहर में रहेंगे। दोपहर 12 बजे वे करीम सिटी कॉलेज साकची कैंपस प्रेक्षागृह में हिंदी मीडिया की चुनौतियां और अवसर पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम का आयोजन 56वें राष्ट्रीय प्रेस डे के उपलक्ष्य में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की ओर से किया जा रहा है। जमशेदपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने बताय कि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सह साहित्यकार दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश करेंगे। कार्यक्रम में शहर के सभी अखबार के संपादक, चौनल हेड, प्रमुख, पत्रकार, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी, विभिन्न कॉलेजों के प्रिंसिपल, प्रतिनिधि, करीम सिटी कॉलेज, अरका जैन यूनिवर्सिटी, नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी, शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। शहर में पहली बार ऐसा व्याख्यान कराया जा रहा है।

### जमशेदपुर में रेडक्रॉस का नेत्र शिविर आज से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 659वां नेत्र शिविर स्व नर्मदा देवी-सत्यनारायण जी दोदराजका के पुण्य स्मृति में 659वां नेत्र शिविर शनिवार 12 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित किया जायेगा। 12 नवम्बर शनिवार को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया जायेगा। चयनित मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार 13 नवंबर नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा की जायेगी। शिविर संयोजक रेड क्रॉस सोसाईटी, जमशेदपुर के चेयरमैन गोविन्द प्रसाद दोदराजका ने समाजसेवी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को शिविर में पहुंचायें ताकि शिविर में जांच कर जरूरत के अनुसार नेत्र रोगियों का इलाज हो सके।

# जमशेदपुर में सीटू का दो दिवसीय सातवां राज्य सम्मेलन आज से

## तैयारी पूरी

- टिनप्लेट काली मंदिर सभागार में कॉमरेड तपन सेन करेंगे उद्घाटन
- आज सुबह 10 बजे से आकाशदीप प्लाजा से निकलेगी मजदूर रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र (सीटू) का दो दिवसीय सातवां राज्य सम्मेलन जमशेदपुर में 12 और 13 नवंबर को टिनप्लेट काली मंदिर प्रांगण में आयोजित होने जा रहा है। राज्य सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

सम्मेलन की पूर्व संध्या पर गणिनाथ सेवा संस्थान में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सीटू के प्रदेश महासचिव प्रकाश विप्लव जानकारी देते हुए कहा कि जनता बचाओ, देश बचाओ के मुद्दे पर केंद्रित करते हुए, नव उदारवादी नीतियों के तहत शासक वर्ग की कॉरपोरेट और सांप्रदायिक विभाजनकारी गठजोड़ द्वारा मेहनतकश वर्गों के जीवन जीविका पर किए जा रहे हमले के खिलाफ एकजुट संघर्ष को निर्णायक स्तर तक ले जाने के लिए चर्चा होगी।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर देश को पूंजिपतियों के चंगुल से मुक्त कराना तथा सत्ताधारी दलों द्वारा बनाई गई जनविरोधी नीतियों के दुष्परिणाम से आम जनता को मुक्त करने का संकल्प लिया जाएगा। कॉमरेड विप्लव ने बताया कि सम्मेलन में कोयला, स्टील, बॉक्साइट, पत्थर, खनन, बीड़ी, बिजली, निर्माण, ट्रांसपोर्ट, तांबा, अल्मुनियम और भारी




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित सीटू के प्रदेश महासचिव प्रकाश विप्लव और साथी।

उधोग समेत विभिन्न परियोजनाओं के स्कीम वर्कर, सेल्स प्रमोशन इम्पलाईज, असंगठित क्षेत्र के कामगारों समेत ठेका और आउट सोर्सिंग मजदूरों, गिग वर्कर्स आदि के बीच काम कर रहे सीटू से सम्बद्ध 54 यूनियनों के 378 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन आगामी तीन वर्षों के लिए नयी राज्य कमेटी व पदाधिकारियों का भी चुनाव किया जायेगा।

सम्मेलन के पहले दिन 12 नवंबर को सुबह 10 बजे आकाशदीप प्लाजा चौक से सम्मेलन स्थल टीन प्लेट काली मंदिर प्रांगण तक मेहनतकश जनता की एकता और देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए एकता रैली सह पदयात्रा निकाला जाएगा। जहां झंडोत्तोलन एवं शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उद्घाटन सत्र की शुरूआत होगी। उद्घाटन सत्र में, विभिन्न विरादराना केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र महासंघ एवं अन्य जन संगठनों के नेतागण भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन का उदघाटन प्रख्यात श्रमिक नेता पूर्व राज्यसभा सांसद व सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन करेंगे। जहां अखिल भारतीय उपाध्यक्ष ज्ञान शंकर मजुमदार, कोल वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डीडी रामानंदन, सीटू झारखंड के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, राज्य महासचिव प्रकाश विप्लव, कोल्हान मे सीटू के संस्थापक नेता केके त्रिपाठी आदि मौजूद रहेंगे। कोल्हान सीटू के नेता और स्वागत समिति के सचिव विश्वजीत देव ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी के लिए के विभिन्न संस्थान और संगठन जैसे रेलवे, बैंक इंश्योरेंस, बीएसएनएल, पोस्टल, राज्य और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के फेडरेशनों, किसानों, महिलाओं और लेखकों के जन संगठनों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को लेकर एक व्यापक आधार वाली स्वागत समिति का गठन किया गया है जिसके चैयरमैन प्रतिष्ठित संस्थान एक्स एल आर आई के प्रोफेसर शांतनु सरकार बनाए गए है। इस अवसर पर सीटू झारखंड के कोषाध्यक्ष अनिर्वान बोस, संजय पासवान आदि थे।

## सज गयी किताबों की दुनिया, रवींद्र भवन में 36वें पुरस्तक मेला का उद्घाटन

# किताबों की खुशबू लोगों में बढ़ाती हैं पढ़ने की ललक : विजया जाधव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रवींद्र भवन, साकची के परिसर में 36 वें जमशेदपुर पुस्तक मेला का आज से शुभारंभ हुआ। 20 नवंबर तक चलने वाले मेले का उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम की डीसी विजया जाधव ने किया।

मौके पर डीसी विजया जाधव ने इतने व्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से पुस्तक मेला के आयोजन के लिए टैगोर सोसायटी को बधाई दी। उन्होंने जिले के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों और परिवार को पुस्तक मेला घुमाने अवश्य आवें, और किताबें खरीद कर बच्चों को गिफ्ट करें। मेले में आकर बच्चे किताबों की दुनिया से एक अलग किस्म का स्नेह और






भावनात्मक लगाव महसूस करेंगे। डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों के बच्चों को पुस्तक मेला भ्रमण करवाने का प्रबंध करें।

किताबों के महत्व की चर्चा करते हुए डीसी विजया जाधव ने कहा कि किताबों का स्थान कभी आइपैड, फोन अथवा डिजिटल माध्यम नहीं ले सकते। किताबें भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को प्रतिबिंबित करती हैं। गुरुकुल काल से भारतीय संस्कृति में किताबों का महत्व रहा है। किताबों की खुशबू की बराबरी डिजिटल किताबें नहीं ले सकतीं। आप नई किताबें खरीदें और उसे खोल कर उसकी सुगंध को महसूस करें आप अध्ययन के प्रति एक नयी दिवानगी महसूस करेंगे। उद्घाटन समारोह में कोल्हान विवि के कुलपति गंगाधर पंडा, टैगोर सोसायटी के अध्यक्ष डा एचएस पॉल, महासचिव आशीष चौधुरी ,संयुक्त महासचिव एस बसु एवं मेला प्रभारी जयदेव घोष समेत बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी और प्रकाशन समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मदर्स होम पब्लिक स्कूल में याद किये गये मौलाना अबुल कलाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिन के अवसर पर जाकिरनगर के मदर्स होम पब्लिक स्कूल मे राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। मौके पर एक समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के डायरेक्टर नबील मोहम्मद ने कहां की मौलाना आजाद देश के प्रथम शिक्षा मंत्री होने के साथ साथ कई खूबियों के मालिक थे।

अंग्रेजी के विरुद्ध लड़ने वाले एक सेनापति के हैसियत रखते थे। मौलाना के राष्ट्रीय सेवाओं को स्वीकार करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि मौलाना इंडियन कांग्रेस के सरदार हैं , भारतीय राजनीति का अध्ययन करने वाले हर व्यक्ति को चाहिए कि इस सच्चाई को नजर अंदाज न करे।

# डॉक्टर से मारपीट करने वालों को माफ नहीं करेगी आइएमए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आइएमए ने गुरुवार को टाटा मेन हॉस्पिटल के कैथ लैब में इलाज के क्रम में मरीज की मौत होने पर डॉक्टर के साथ मारपीट एवं अस्पताल में तोड़-फोड़ को गंभीरता से लिया है,और संगठन ने कहा है कि वे मरीज के दोषी परिजनों को माफ नहीं करने जा रहे हैं। सभी को सलाखों के पीछे किया जायेगा चाहें वे कितने भी बड़े परिवार से हों। बता दें कि सोनारी बड़ागोलााई निवासी सुजीत सिंह की गुरुवार को टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में मौत हो गई जिसके बाद मृतक के स्वजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्वजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए ऑन ड्यूटी डॉक्टर




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डॉ सौरव चौधरी, डॉ जीसी मांझी। साथ में बायें से डॉ देवेश महतो, डॉ जयदेव नंदी, दायें से डॉ विभूतिभूषण।

राहुल राज से हाथापाई करने लगे। साथ ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की। सूचना पर बिष्टुपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हंगामा करने वाले को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## एक नजर में

### 1932 खतियान बिल को लेकर सीएम हेमंत सोरेन के ननिहाल में मनाया गया जश्न



**चांडिल।** विधानसभा में 1932 के खतियान आधारित बिल पास होने की खुशी में मुख्यमंत्री के ननिहाल चांडिल में अबीर गुलाल के साथ जश्न मनाया गया। चांडिल के होटल राहुल प्लेस से पूरे चांडिल बाजार होते हुए झामुमो नेता सुखराम हेंब्रम के नेतृत्व में बस स्टैंड तक जश्न मनाया और लड्डू बांटे। सुखराम हेंब्रम ने कहा जिस उद्देश्य से झारखंड का गठन हुआ था। झारखंड के लोगों की आशा और अपेक्षा कि उद्देश्य झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने पूरा किया। मौके पर दिलीप किस्कू, विश्वनाथ मंडल, बुद्धेश्वर मार्डी, बुद्धेश्वर गोप, धरमु गोप, विश्वनाथ गोप, नितेश वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना शिक्षा दिवस



**पोटका।** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर एनएसएस के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया और उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व और मौलाना अबुल कलाम आजाद की जीवनी के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम का संचालन बीएड की छात्रा राखी मिश्रा ने किया। विद्यार्थियों को संदेश देते हुए डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर कल्याणी कबीर ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव है । छात्रा सायका अली, मुस्कान , प्रिया, मोनिका, लीना, विभूका, पूनम शर्मा ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए एक नाटक प्रस्तुत किया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश यादव ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम जीवन में उन्नति के सोपान चढ सकते हैं। डी एल एड की छात्रा श्वेता कुमारी ने प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के व्यक्तित्व पर चर्चा की । छात्रा साइका अली ने शिक्षा के संदेशों को सभी के साथ साझा किया। कॉलेज के चेयरमैन रामबचन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो जीवन को सही दिशा दे सकता है। यह कार्यक्रम एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ भूपेश चंद्र यादव जी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2022 में गोविंद विद्यालय के छात्र देवाशीष महतो का चयन



**जमशेदपुर।** गोविंद विद्यालय तामोलिया के छात्र देवाशीष महतो को 47वें सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अंतर्गत झारखंड की टीम में चुना गया है, जो 14 से 21 नवंबर तक हिमाचल प्रदेश के कगांडा में होगी। इस चयन के लिए आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य जे पी होता, सचिव अभिषेक शर्मा, प्रशासिका सुश्री कृष्णा मोदक, उप प्रधानाचार्या अनीता नंदी, खेल प्रशिक्षक अंजलि सौरभ, खेल शिक्षक महेंद्र रौतिया एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उसे शुभकामनाएं दी।

### बैंकों की मनमानी से नहीं खुला खाता, छात्र निराश



**चांडिल।** शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों का चांडिल बीआरसी कार्यालय में बचत खाता खोलने को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया चांडिल शाखा के अलावे एक भी बैंक नहीं पहुंचा। बीआरसी कार्यालय पहुंचे छात्र छात्राओं का बचत खाता नहीं खोला जा सका। वहां उपस्थित छात्रों का अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दिनेश कुमार दंडपात ने कहा चांडिल के सभी बैंकों को कैंप को लेकर सूचना दी गई थी परंतु यूनियन बैंक के अलावे एक भी बैंक चांडिल बीआरसी कार्यालय नहीं पहुंचे जिससे दूरदराज से आए छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने आगामी 14 नवंबर के कैंप में सभी बैंकों के प्रतिनिधि को आने का आग्रह किया है। जिससे छात्रों का बचत खाता खुल सके। जिससे सरकारी लाभ ले सके।

# जमशेदपुर और पोटका प्रखंड पर राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड में हेमंत सरकार अपना तीन वर्ष पूर्ण करने जा रही है। युवाओं को रोजगार, बेरोजगारी भत्ता एवं ऋण माफी जैसे बड़े वादे के सहारे सत्ता में आई झामुमो कॉंग्रेस एवं राजद के गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था और खनिज संपदाओं की खुली लूट जैसे मुद्दे को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में महानगर अंतर्गत 22 मंडलों के हजारों कार्यकताओं ने करनडीह स्थित प्रखंड कार्यालय पर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए झामुमो-कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। इस दौरान जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों की प्रमुख समस्याओं को दशार्ते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समुचित निदान की मांग की गई। आक्रोश प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू समेत कई वरीय नेतागण शामिल हुए।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार सभी मोर्चों पर पूरी तरह विफल है। चुनाव से पहले और सत्ता में आने के बाद हेमंत सरकार केवल घोषणाएं कर रही है। पूरे राज्य में विकास कार्य ठप्प है। प्रदेश में खनिज सम्पदाओं की खुली लूट मची है। सत्ता के संरक्षण में अवैध बालू खनन, खनिज संपदा की लूट और जंगल की अवैध कटाई जोरों पर है। भाजपा राज्य सरकार के जनविरोधी कार्यों और भ्रष्टाचार के खेल पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

# बाल मेला का उद्घाटन आज

- शाम पांच बजे से टाउन हॉल में माइम शो का आनंद लेंगे बच्चे
- मेले और शो में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को सूर्य धाम परिसर में बाल मेला का उद्घाटन होगा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपराह्न 3 बजे उद्घाटन करेंगे। बच्चों के खेलकूद के अतिरिक्त माईम शो कल के मेला कार्यक्रम का सर्वाधिक आकर्षक कार्यक्रम है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक सरयू राय ने बताया कि माईम शो बाल मेला के समीप स्थित टाउन हॉल में 5 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। कोलकाता से आये हुए मॉडर्न माइम सेन्टर के निदेशक श्री कमल नस्कर अपनी टीम के साथ आ रहे हैं। श्री नस्कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के माईम कलाकार हैं। इन्हें देश और दुनिया में अनेक पुरस्कार मिले हैं। माईम कला क्षेत्र की एक ऐसी विधा



मेला उद्घाटन की पूर्व संध्या पर मेला कार्यालय का फीता काटते विधायक सरयू राय।

है जिसमें करीब आधा दर्जन कलाकारों का समूह अपने हाथों और चेहरे की भाव भंगिमा से रोचक प्रस्तुति देते हैं और घंटो तक दर्शकों को बांधे रहते हैं। मेला में आने वाले बच्चे और उनके अभिभावक टाऊन हॉल में कल शाम 5 से 7 बजे तक माईम शो का आनंद ले सकते हैं।

# बाल मेला का मंच छठ घाट के अंदर बनाया, रघुवर समर्थकों के विरोध के बाद हटाया

- सूर्य मंदिर परिसर में फिर टकराते-टकराते बचे रघुवर और सरयू राय समर्थक
- प्रशासन ने समय पर किया हस्तक्षेप, क्यूआरटी तैनात कर स्थिति किया नियंत्रित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को पुनः सूर्य मंदिर परिसर में पूर्व सीएम रघुवर दास के समर्थक और विधायक सरयू राय के समर्थक आमने सामने आ गए। प्रशासन ने क्यूआरटी की मदद से टकराव रोका और इस बार विवाद का कारण बचे मंच को छठ घाट के बीच से शिफ्ट करवा





छठ घाट के अंदर बना मंच और छठ घाट से मंच हटवाता प्रशासन।

दिया। इसी मंच पर बाल मेला का उद्घाटन समारोह आयोजित था जिसमें शनिवार को अपरान्ह तीन बजे राज्यसभा के अध्यक्ष एवं नामी पत्रकार हरिवंश भाग लेने वाले हैं। रघुवर समर्थकों का कहना था कि एक साजिश के तहत छठ घाट को नुकसान पहुंचाया जा रहा है तो सरयू राय के भाजमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा और जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव का कहना था कि सोन मंडप एवं अन्य आय के स्रोत छीन जाने से भाजपाई कुंठित होकर बाल मेला को डिस्टर्ब करना चाहते हैं।

सूर्य मंदिर समिति ने छठ घाट तालाब में बन रहे उद्घाटन स्टेज पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। इस मामले को लेकर मंदिर समिति की ओर से धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित शिकायत कर स्टेज के निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गयी है। इसके साथ ही, समिति ने इस मामले पर स्थानीय सिदगोड़ा थाना एवं जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी से भी शिकायत की है।

### मंदिर में आयोजन व्यवधान डालने की कोशिश

शिकायत में बताया गया कि सूर्यधाम पिछले कई दशकों से हिंदुओं की आस्था का केंद्र रहा है। सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में प्रायः कोई न कोई धार्मिक अनुष्ठान होता रहता है। गौरतलब है कि सूर्यधाम परिसर में भगवान भास्कर के भव्य मंदिर के अलावे प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री हनुमान मंदिर एवं वर्षो से पुराना शिव मंदिर है। यहां लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व, चैती छठ को महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही, प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रसिद्ध जलाभिषेक यात्रा का आयोजन होता है। यहां श्रीराम कथा, भागवत कथा का भी आयोजन आये दिन होता है। शिकायत में कहा गया है कि मंदिर समिति महसूस करती है कि हिन्दू आस्था के इस स्थल को कुछ लोग बर्बाद करने की मंशा लेकर सूर्यधाम की गतिविधियों में निरंतर व्यवधान डाल रहें हैं। विगत छठ महोत्सव में भी इस तरह का व्यवधान डाला गया था, जिसकी पूरी जानकारी जिला प्रशासन को है। जिला प्रशासन के सहयोग के कारण ही सूर्य मंदिर समिति छठ महोत्सव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में सफल हो

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंदिर प्रभारी लक्ष्मीकांत सिंह, महासचिव गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, पवन अग्रवाल, राकेश सिंह, ब्रह्मदेव शर्मा, मान्तु बनर्जी, कुलवंत सिंह बंटी, चिंटू सिंह, कमलेश साहू, छक्कन चौधरी, सरजू गोस्वामी, मिथिलेश सिंह, जयप्रकाश शिवा तिवारी।


## स्पीड न्यूज

### समाजसेवी ने करायी चापानल मरम्मत



हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र के सतगावां बांध स्थित चापाकल की समाजसेवी जानू चौधरी ने शुक्रवार को निजी खर्च से मरम्मत कराई। यह पिछले कई दिनों से खराब था। जिससे लोगों को समस्या हो रही थी। जानकारी मिलने पर जानू ने मिस्त्री भेज चापाकल चालू कराया। इसके लिए विजय यादव, नसीम खान, बैजनाथ साव, शेरा खातून, बंटी कुमार, सुनील कुमार, राजू शर्मा, पुकार सिंह, अजमेरी खातून, तैयब, उपेंद्र, गुनगुन ने आभार जताया।

### मुरमा के शशिकांत बने एसडीओ



विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड के मुरमा कला निवासी राम प्रयाग राम के पुत्र शशिकांत ने पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्हें झारखंड लोक सेवा आयोग की संयुक्त परीक्षा में 404वां रैंक मिला है। वे जल संसाधन विभाग में एसडीओ (सहायक अभियंता) के पद पर चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर गांव सहित पूरे बिश्रामपुर प्रखंड में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय पिता और गुरुजनों को दिया। कहा कि कठिन परिश्रम, धैर्य व निष्ठा हमेशा सुखद परिणाम देता है। 10वीं तक की पढ़ाई रांची स्थित रातु के इंटरनेशनल स्कूल से की है। वहीं इंजीनियरिंग की शिक्षा बीआईटी सिंदरी से की है। पिता राम प्रयाग राम ने कहा कि वह शुरू से ही मेधावी था। सीमित संसाधनों में उसने हमेशा बेहतर किया। शशिकांत की सफलता पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास, प्रमुख रम्भा देवी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### ग्रीन को लाल कार्ड में बदलने की गुहार



बिश्रामपुर (पलामू)। नगर परिषद के वार्ड एक के भलूही गांव की दलित परिवार की महिलाओं ने शुक्रवार को पलामू उपायुक्त से मेदिनीनगर कार्यालय जाकर मुलाकात की। दलित परिवार के महिलाओं का नेतृत्व युवा समाजसेवी मणि भूषण पांडेय कर रहे थे। महिलाओं ने डीसी को अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि हम सब अत्यंत गरीब परिवार से हैं। बावजूद हम लोगों के पास राशन का ग्रीन कार्ड है। महिलाओं ने डीसी से ग्रीन कार्ड को लाल कार्ड में तब्दील कराने का गुहार लगाई। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे। मुलाकात करने वाली महिलाओं में बिभु देवी, दुलारी कुंवर, चांदनी कुमारी, इंदु देवी, गुलाबी देवी आदि शामिल हैं।

### फाइलेरिया की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक



मेदिनीनगर। उपायुक्त ए दोड्डे की अध्यक्षता में आईडीए-एमडीए कार्यक्रम को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। जिसमें सभी संबंधित विभागों के जिलाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पतालों के उपाधीक्षक तथा सभी समुदायिक चिकित्सा केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डीएमडी, डीपीएम, अरबन डीपीएम, बीपीएम, वीबीडीसी, एटीएस, एमआई, एफएलए, केयर इंडिया के डीपीओ, डीपीएसी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि अपने स्तर से इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सुनिशचित करें। साथ ही सभी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की तैयारी समय पर कर लें एवं अन्य विभागों से समन्वय बनाते हुए बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वयक समिति की बैठक एक सप्ताह में पूर्ण करने को कहा। उपायुक्त ने आइडीए/एमडीए कार्यक्रम हेतु स्लोगन का विमोचन किया एवं सभी को संकल्प कराया गया कि वे अपनी जिम्मेवारी आइडीए/एमडीए प्रोग्राम में निभायेंगे एवं जिला को फलेरिया भुक्त बनायेंगे।

### हेमंत सोरेन ने चुनाव पूर्व राज्य की जनता से किये वादे किया पूरा : राजेंद्र सिन्हा



मेदिनीनगर। हेमंत सरकार ने विस का विशेष सत्र बुलाकर चुनाव पूर्व राज्य के जनता के समक्ष जो वादे किये थे। उन प्रस्तावों को विधानसभा में पारित किया है। जिससे राज्यवासियों को काफी लाभ मिलेगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में आभार समारोह छह मुहान पर हुआ। मौके पर लड्डू बांट खुशी का इजहार किया गया। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड की जनता के समक्ष जो वादे किये थे। उसे विधानसभा के विशेष सत्र बुलाकर पूरा हेमंत सरकार ने किया है। एसटी को 28, ओबीसी को 27, एससी को 12 प्रतिशत के साथ ही 1932 का खतियान लागू किया है। चिर परिचित पुरानी मांगें पूरा की गयी। मौके पर ईश्वरी यादव, राजेश सिन्हा, राजन चंद्रवंशी, मनव्वर खान, रजिया नीआजी मौजूद थे। संचालन जिला सचिव सानू सिद्दीकी ने किया।

### सरकारी शिक्षक खुद गायब, निजी व्यक्ति से करवा रहा था शिक्षण कार्य

मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिला शिक्षा अधीक्षक को सतबरवा के घुटुवा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सरकारी शिक्षक कुंदन कुमार को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते द्वारा किये गये जांच के आलोक में यह कार्रवाई की है। दरअसल घुटुवा के ग्रामीणों ने उपायुक्त श्री दोड्डे से महीनों शिक्षक का गायब रहने व अपने स्थान पर निजी व्यक्ति से शिक्षण का कार्य करने को लेकर शिकायत की गयी थी जिसके पश्चात उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच सहायक समाहर्ता से करवायी। सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते द्वारा जांच में पाया गया कि सरकारी शिक्षक कुंदन कुमार महीनों गायब रहते हैं। वहीं खुद के स्थान पर गांव के ही एक व्यक्ति मोहन कुमार से शिक्षण का कार्य करवाते हैं। जांच के क्रम में उन्होंने पाया कि इस कारण बच्चों का शिक्षा का स्तर भी गिरा है। इस दौरान जांच का भनक लगते ही निजी शिक्षक फरार होगया। इस पूरे मामले में उपायुक्त ने त्वरित एक्शन लेते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को आरोपी सरकारी शिक्षक कुंदन कुमार को सस्पेंड करने का निर्देश दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल रेलवे समिति की बैठक में सांसद ने पलामू क्षेत्र की समस्या को जोरदार तरीके से रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय में आयोजित बैठक में सांसद बिष्णुदयाल राम शामिल हुए। बैठक में हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय, सीनियर डीसीएम, रेलवे पदाधिकारी, सांसदगण के साथ-साथ सांसदों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में पलामू सांसद बीडी राम ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित विषयों को रखा। जिस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। सांसद श्री राम द्वारा जपला में रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीण रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने, हैदरनगर/उटारी रोड़ स्टेशन पर सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव, रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों की संख्या काफी होने के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।





यात्रियों की संख्या को देखते हुए 2 एसएलआर एवं जनरल कोच की संख्या में बढ़ाने, उंटारी रोड स्टेशन के प्लेटफार्म को चौड़ा करने एवं ओवर ब्रिज का निर्माण करने। हैदरनगर प्रखंड के अंतर्गत डाली एवं उटारी रोड़ के अंतर्गत लहर बंजारी रेलवे क्रॉसिंग के पास एलएचएस का निर्माण कराने, ट्रेन संख्या 18611/12 रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस को लखनऊ तक विस्तार करने, कजरात नावाडीह एवं लालगढ़ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव करने एवं कोविड-19 के दौरान बंद हुई ट्रेनों को पुनः चालू करने, बीडीएम ट्रेन सहित पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से स्पेशल ट्रेन का किराया लिया जा रहा है उसे हटाने पर चर्चा की गयी।

इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने देते हुए कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में रेलवे से संबंधित समस्याओं पर सांसद श्री राम ने बैठक में विषय को प्रमुखता से रखते हुए जोरदार चर्चा कराया। जिस पर बैठक में शामिल लोगों ने समाधान किये जाने का भरोसा दिलाया। श्री दूबे ने कहा कि सांसद बीडी राम द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के रेलवे से संबंधित जो विषय रखा गया है उसका समाधान जल्द हो जायेगा तो पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा।

## छापेमारी कर शराब के अवैध कारोबार शीघ्र रोकें : आयुक्त

➲ दुकानों में जरूरत के हिसाब से हो आपूर्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने मद्य निषेध विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में आयुक्त राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने पलामू प्रमंडल के जिलों में सक्रियता से छापेमारी कर शराब की अवैध कारोबार को रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ओवर प्राइस की समस्या,



जानकारी लेते पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी।

मिलावट व रिपैकेजिंग की शिकायतें मिलती है। सख्ती से छापेमारी अभियान चलाकर इन समस्याओं को दूर कराना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार के राजस्व संग्रहण में तेजी आ सके। आयुक्त ने कहा कि दुकानों में जरूरत के हिसाब से आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही ट्रैक एंड ट्रैस की व्यवस्था दुरुस्त कराने की पहल करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि स्कैन करने की व्यवस्था दुरुस्त होने से राजस्व संग्रहण में तेजी आयेगी। उत्पाद विभाग में पदाधिकारियों की कमी को दूर करने एवं उत्पाद दारोगा को प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने तक सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति करने को लेकर विभाग को अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही आयुक्त ने उत्पाद अधिकारियों को दुकानों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं नियमावली का पालन कराने का निर्देश दिया। बैठक में पलामू की उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, गढ़वा के उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार एवं लातेहार के उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## हर मोर्चे पर विफल रही है राज्य की सरकार : मनोज सिंह

➲ चैनपुर में भाजपाइयों ने निकाली जनाक्रोश रैली

रंजीत पांडेय

चैनपुर पलामू। भाजपा नरसिंहपुर पथरा मंडल तथा चैनपुर मंडल के संयुक्त तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार हर एक मोर्चे पर विफल है। इस सरकार में भ्रष्टाचारियों की, नक्सलियों की, बलात्कारियों की, अपराधियों की बोलबाला है। हेमंत सोरेन के दो प्रमुख नजदीकी जिसमें अमित अग्रवाल जिसके पास से ईडी को कई अहम सुराग मिले हैं।




वहीं दूसरी तरफ हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा द्वारा माइंस लीज में कई गड़बड़ियां की गई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में राज्य की बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। भाजपा द्वारा आयोजित जनाक्रोश रैली शाहपुर बिरसा चौक से निकालकर प्रखंड कार्यालय चैनपुर तक पहुंची। सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथ में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाते चल रहे थे। कार्यक्रम का संचालन चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नरसिंहपुर पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी नें किया। मौके पर नरसिंहपुर पथरा प्रभारी प्रदीप सिन्हा, चैनपुर मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया सहित कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यक्रम समन्वयक भीष्म चौरसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमरेंद्र चौरसिया, सुदेश्वर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि समन्वयक आनंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र तिवारी, महामंत्री रूपेश कुमार, मनीष पांडे, मुखिया लाल बहादुर भुइयां, दिनानाथ मांझी, मनोज चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, राजेश सिंह, नन्हक चौधरी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## राज्य की सरकार हर मोर्चे पर विफल : श्याम नारायण दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर में भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला। मार्च की शुरुआत बस स्टैंड से हुई। नगर भ्रमण के बाद आक्रोश मार्च प्रखंड कार्यालय परिसर में महुचा, जहां मार्च सभा में तब्दील हो गयी। सभा की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। सभा में भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रम प्रभारी वरीय भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राज्य सरकार विकास के बजाए तुष्टिकरण कर रही है। राज्य में दलितों व आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। इसे उखाड़ फेंकना होगा तभी राज्य का भला होगा। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था चौपट हो चुकी है। अपराध और लूट खसोट चरम पर है। राज्य में कानून नाम का कोई चीज दिखाई नहीं दे रहा है।

## हरिहरगंज : बेलोदर में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत बेलोदर प्राथमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 13 से 16 वार्ड तक के लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्रमवार पंजीकरण कराने के बाद लोगों से आवेदन प्राप्त किया।

शिविर में बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, सीओ बासुदेव राय ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के संबंधित आवेदन लिये गये हैं। कुछ मामलों का निष्पादन शिविर में तत्काल किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकतर आवेदन सर्वजन पेंशन योजना, बाल विकास, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए हैं। केसीसी के लिए भी दर्जनों किसानों ने आवेदन दिया है। इस दौरान गरीबों व जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### वित्तीय ज्ञान जीवन का महत्वपूर्ण पहलू : अभिषेक



सतबरवा पलामू। सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विद्यार्थियों के बीच वित्तीय जागरूकता अभियान चलाया गया। परामर्शदाता कमलेश मिश्रा तथा ग्रामीण बैंक के उप प्रबंधक मौजूद थे। यह जागरूकता अभियान आरबीआई के दिशा निर्देशन में चलाया जा रहा है। साथ ही बच्चों को शपथ भी दिलायी जा रही है। विषय वस्तु था बैंक बच्चों के लिए। कहा गया कि हम भ्रष्टाचार न करेंगे और न ही इसमें सम्मिलित होंगे। भ्रष्टाचार मुक्त देश में हम सक्रिय भूमिका निभायेंगे वर्ग 9वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### पंसस की बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रंभा देवी व संचालन उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह ने किया। बैठक में मनरेगा, 15 वें वित्त, पीडीएस, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने सदस्यों को प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता बरती जा रही है। योजनाओं में गुणवाता का भी ख्याल रखा जा रहा है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,पंसस रीना चौबे, सत्यप्रकाश शुक्ला, शोभा पांडेय, लेखा सहायक अंकित राज, प्रधान सहायक भोला राम, बीपीओ आवीदीन अंसारी, बीपीआरओ मुकेश कुमार राम, वन बिभाग से गौरव निराला, जेई शिवम पाण्डेय, प्रमोद बर्मा सहित सभी पंचायत समिति सदस्य व कई विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है राज्य सरकार : विजयानंद

राज्य सरकार के नीतियों के खिलाफ भाजपाइयों ने दिया धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों के विरोध में भाजपा नगर मंडल , ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर एवं पोलपोल मंडल द्वारा शुक्रवार को सदर प्रखंड कार्यालय मेदिनीनगर का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों की जम कर आलोचना करते हुए हल्ला बोला। कार्यक्रम में भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने राज्य सरकार पर आदिवासी, किसान, युवा व महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। सरकार के पास उपलब्धि बताने के लिए कुछ भी नहीं है। हेमंत सरकार ने विकास के मामले में राज्य को पीछे ले जाने का कार्य किया है।

### वर्षों के रास्ते को बंद करने का आरोप

पड़वा पलामू। पड़वा बाजार के व्यवसायियों ने पड़वा सीओ चंद्रदेव प्रसाद को ज्ञापन सौंप पड़वा बाजार परिसर में वर्षों से चालू रास्ता बंद करने का आरोप लगाया है। कहा कि गैरमजरूआ मालबंधी जमीन है। मालबंधी से पहले से ही आम रास्ता है। जिसे पड़वा के ही प्रेमचंद महतो, जयंत महतो, विश्वास महतो, शिवनारायण महतो एवं प्रभु महतो आठ नवंबर को जेसीबी लगाकर रास्ता बंद कर दिये हैं। रास्ता बंद होने से लोगों को परेशानी तो होगी ही, साथ ही करीब दो दर्जन से अधिक दुकानदारों का रोजगार प्रभावित हो जायेगा।

## देश को तोड़ने की भरपूर कोशिश कर रही भाजपा सरकार : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में पलामू जिला में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण को सफल बनाने के लिए बैठक स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में हुई। जिसमें बिट्टू ने कहा कि पलामू जिला में 8 सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा सभी प्रखंडों में से शुरू की गई थी। दूसरे चरण 14 नवंबर से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरु जयंती से पलामू में भारत जोड़ो यात्रा सभी पंचायतों तक किया जायेगा। तीसरे चरण में पलामू जिला के सभी बूथों तक कांग्रेसी भारत जोड़ो यात्रा निकालेंगे। यात्रा में जिस प्रकार लोगों का समर्थन स्नेह और प्यार मिल रहा है निश्चित रूप से 2024 में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार जनता से किए गए वादे को पूरा कर रही है जो भाजपा को हजम नहीं हो रही है।

### भाजपा मनातू मंडल ने निकाली जन आक्रोश रैली



मनातू पलामू। भाजपा मनातू मंडल ने बाजार से प्रखंड कार्यालय तक पदयात्रा करते हुए जन आक्रोश रैली निकाली। अध्यक्षता सह संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष सतेंदर यादव ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन सरकार सत्तासीन है तब से अपराधियों का मनोबल इतना बड़ा है कि महिलाओं के खिलाफ हमेशा सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को रौंदा जा रहा है। प्रखंड से लेकर जिले तक के पदाधिकारी भ्रष्टाचार के आकंठ में इतना डूब चुके हैं कि पैसों के बिना कोई काम नहीं हो रहा है।

## राज्य सरकार की जनविरोधी नीति के खिलाफ भाजपा छतरपुर मंडल का जोरदार प्रदर्शन

➲ भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार को हटाने की जरूरत : मनोज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। भारतीय जनता पार्टी छतरपुर मंडल के तत्वावधान में हेमंत सरकार के जनविरोधी नीति के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर झारखंड में भाजपा सात नवंबर से 14 नवंबर तक हेमंत हटाओ भाजपा बचाओ कार्यक्रम किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत छतरपुर में आक्रोशित रैली में मंडल के प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, पलामू भाजपा के पूर्व सांसद




राज्य सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते भाजपाई।

मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड में जबसे हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से पूरे राज्य में भय व अराजकता का माहौल व्याप्त है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इसके खिलाफ भाजपा हेमंत हटाओ झारखंड बचाव का आह्वान करती है।

मौके पर रविंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले समय में हेमंत सोरेन की सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से ध्वस्त करने लग जायें। भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे सरकार को हटाने की जरूरत है। भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव व संचालन जितेंद्र कुमार ने किया। मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी रामप्रताप शर्मा, लठेया मंडल अध्यक्ष प्रयाग शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरबिंद सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, सत्यनारायण साव, जगनारायण साव, अशोक सिंह, मुन्ना, राहुल, कृष्णा, संतोष गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## अनुराग की शहादत जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है : मनोज

■ भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया ग्राम सिंगरा का दौरा, शहीद के स्मारक पर माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सिंगरा वैसै विभूतियों की धरती है, जिन्होंने देश और समाज की बेहतरी के लिए अपनी जान तक की बाजी लगा दी है। ऐसे इलाके के विकास पर विशेष ध्यान दिये जाने की जगह इसे उपेक्षित छोड़ दिया गया है। उक्त बातें भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। श्री सिंह घर-घर यात्रा के तहत गुरुवार को अमर शहीद अनुराग शुक्ला के स्मारक पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि अनुराग शुक्ला की शहादत से न सिर्फ सिंगरा बल्कि पूरे पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### सिंगरा के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित



इसलिए इस इलाके के उस रूप में विकसित किया जाना चाहिए कि इस इलाके को लोग देखने आये, ताकि अनुराग शुक्ला की वीरता की ख्याति दूर-दूर तक फैले। पर आज की स्थिति यह है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद सिंगरा के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं यह निगम की नाकामी है। उन्होंने सिंगरा वासियों को आश्वस्त किया कि जनता का आशीर्वाद मिला तो चुनाव जीतने के बाद खेतिहर जमीन को टैक्स मुक्त करेंगे और इसके लिए वो किसी भी आंदोलन में सिंगरा वासियों के साथ पहले भी थे और आज भी हैं। कहा कि राजनीति में वह सेवा के लक्ष्य को लेकर आये हैं। सेवा भाव का माहौल तैयार कर विकास के साथ विश्वास का वातवरण तैयार करना उनकी प्राथमिकता है। अभियान के दौरान सिंगरा वासियों ने जो स्नेह और सम्मान दिया, यही स्नेह और सम्मान उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास की रक्षा कर निगम मे विकास का इतिहास रचेंगे। इसी संकल्प को लेकर वह चुनावी मैदान में हैं। जो विकास का सब्जबाग दिखाकर वोट लेते हैं उसके बाद इलाके को उसी हाल में छोड़ देते हैं। अब जनता वैसे अवसरवादियों को सबक सिखाने की मन में ठान ले। इसके बाद श्री सिंह ने सिंगरा के बजराहा, पूर्णाडीह, आदि मुहल्ला का दौरा कर सभी मुहल्लेवासियों से संवाद किया और मुहल्लेवासियों की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान समस्त मुहल्ले वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर संतोष शुक्ला, मंगल नाथ शुक्ला, विनोद ठाकुर, रेणु देवी, विजय शुक्ला, आनंद शुक्ला, देवांग शुक्ला, आशीष शुक्ला, लव शुक्ला, चंदू शुक्ला, साकेत शुक्ला, फोटू दूबे, शिशू दूबे, अखिलेश कुमार, नामधारी कुमार, जितेंद्र कुमार, अमरावती देवी व अखिलेश राम सहित कई मुहल्ले वासी शामिल थे।

# हेमंत सरकार में उनके विधायक व अधिकारियों की है चांदी : जयराम

गिद्दी सी में खतियानी महाजुटान को जयराम महतो ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिद्दी।** गिद्दी सी स्टेडियम में झारखंड भाषा-खतियान संघर्ष समिति द्वारा खतियानी महाजुटान में टाईगर जयराम महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज डाड़ी की पावन धरती पर मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने झारखंड की हेमंत सरकार से दो टूक कहा कि 1932 खतियान पर आधारित स्थानीय नीति बनाया जाए, इसके साथ साथ नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति भी इसी के आधार पर बनाया जाए। कहा कि पूर्व की सरकार भी हम सभी झारखंडियों को ठगने ० धोखा देने का काम किया है और वर्तमान सरकार भी यही काम कर रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चुनाव में बड़े बड़े वादे किए थे.लेकिन आज यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। हेमंत सोरेन द्वारा अपने नाम पर खनिज लीज लिया गया और अन्य तरह के फायदे भी सिर्फ अपने परिवार के लिया जा रहा है। जयराम महतो ने कहा कि सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इनकी सरकार में इनके विधायक और बड़े-बड़े अधिकारी पैसे कमाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं.उदाहरण स्वरूप पुजा सिंघल का नाम काफी चर्चा में है और वे अपने कारनामों की बदौलत जेल की सलाखों के पीछे हैं। कहा कि साथ ही वर्तमान में बेरमो विधायक जयमंगल उर्फ. अनुप सिंह प्रतिदिन एक करोड़ रूपए कमा रहे है। इस पर हम सभी झारखंड वासियों को सोचना होगा कि हमारी जमीन, हमारा कोयला और हमारे पास अनेको खनिज हैं.सब कुछ है, लेकिन आज यहां के लोग गरीब हो रहें हैं. बिहार, यूपी ० दूसरे राज्यों के लोग झारखंड में राज कर रहे हैं। झारखंड में शिक्षा का अभाव और राजनीतिक चेतना की कमी के कारण ऐसा हो रहा है। हमारे लोगों को अच्छी शिक्षा और राजनीतिक चेतना एवं नितियों के बारे में सही जानकारी रखना होगा। जयराम महतो ने कहा कि जिस उद्देश से अलग झारखंड हमें मिला,आज झारखंड के लोगों को उससे कुछ भी नहीं मिल रहा है। हम सभी को आगे आना होगा तभी झारखंड वासियों को अपना हक मिल सकेगा। झारखंड अलग राज्य में आंदोलनकारी नेता शहिद निर्मल महतो,स्व बिनोद बिहारी महतो, भगवान बिरसा मुंडा, सुनिल महतो एवं टेकलाल महतो जिस उद्देश्य से अलग झारखंड बनाने में योगदान दिये थे, उनको लोग भुलाने पर तुले हैं। हम सभी ने सोचा था कि झारखंड राज्य का विकास होगा लेकिन झारखंड में विकास के नाम पर सिर्फ चारों तरफ से लुट मची हुई है और सही मायनों में झारखंड का विनाश हो रहा है। जयराम महतो ने कहा कि मांडू की धरती स्व टेकलाल महतो की कर्मभूमि है। परन्तु झारखंड के बोकारो, धनबाद, रांची, जमेशदपुर सभी कोयला ब्लॉक पर सिर्फ बिहारियों का राज चल रहा है, झारखंड के लोग सिर्फ लेबर और कुली का कार्य कर रहें हैं। इसके लिए झारखंड वासियों को सोचना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमेश्वर महतो, गोबिंद महतो, जगदीश महतो, गणेश महतो,दासो मारांडी,नेमन यादव, सुरेश बेदिया, हकीम अंसारी,नागेश्वर महतो,टिकेश्वर महतो ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर कुलदीप महतो, रवि कुमार, सुनिल महतो,कमल कुमार महतो,खेमनाथ महतो, प्रदीप महतो, युगेश कुमार महतो, रामचंद्र महतो,लालमोहन महतो का मुख्य भूमिका रहा। इस कार्यक्रम में टाईगर जयराम महतो ने करीब दो घंटे सभा को संबोधित किये। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए थे।

## स्पीड न्यूज

### देवघर में बाबा परिहस्त सहयोगियों के साथ गिरफ्तार

**देवघर।** पुलिस ने कुख्यात बाबा परिहस्त को उसके तीन साथियों के साथ पकड़ लिया है। इनकी गिरफ्तारी धनबाद के मैथन से हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किसी बड़े अपराध को अंजाम देने के लिए बिहार से कोलकाता जा रहे तीन अपराधियों को थार जीप के साथ देवघर पुलिस ने मैथन थाने की पुलिस के सहयोग से मैथन टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार को करीब 12 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पकड़ में आये तीनों पर कई संगीन मामले दर्ज हैं।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक युवक गंभीर

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघमारा में शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाघमारा निवासी 42 वर्षीय महावीर यादव पिता रामेश्वर माहतो अपने घर से पैदल कहीं जाने के लिए निकल रहा था। इसी क्रम में पिपचो की ओर से आ रही मोटरसाइकिल ने युवक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा घायल को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### हेमन्त सरकार के खिलाफ निकाली जन-आक्रोश रैली

**मरकच्चो (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना से पूर्व हेमन्त सरकार के खिलाफ जन–आक्रोश रैली निकाली गयी। रैली प्रखण्ड मुख्यालय परिसर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव व संचालन पवन सिंह व सुनील यादव ने संयुक्त रूप से किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, वरीय भाजपा नेता रमेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार गठबंधन की सरकार नही, बल्कि ठगबंधन की सरकार है। वर्तमान ठगबंधन सरकार को हटाना बहुत जरूरी है। झारखंड को बचाना है तो वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। वहीं वरीय नेता रमेश सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस जन–विरोधी सरकार के शासन काल में सिर्फ और सिर्फ लोगों को लूटने का काम किया जा रहा है।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**डोमचांच (कोडरमा)।** दुर्गा पूजा समिति कालीमंडा के द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के माध्यम से किया गया। वहीं सर्वप्रथम महिलाओं के द्वारा 108 कलश महेशपुर सोतिया नदी उत्तरवाहिनी के पास से जल भरकर पूरा नगर भ्रमण बाजे–गाजे के साथ किया गया। इस दौरान सभी नागरिकों को श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए आमंत्रित किया गया। विदित हो कि शुक्रवार की संध्या 6 बजे से लगातार 17 नवंबर तक वृंदावन से आए ब्रजरस, प्रवाहक आचार्य आलोक वशिष्ठ भैया जी महाराज के द्वारा भागवत कथा किया जाएगा।

### राष्ट्रवादी प्रणेता थे अबुल कलाम आजाद : श्याम नारायण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग चैनपुर इकाई के तत्वाधान में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर इकाई के अध्यक्ष रामरेश तिवारी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं पूर्व प्रदेश सचिव श्याम नारायण सिंह ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को एक सच्चा देशभक्त और महान राष्ट्रवादी नेता बताया।

## उत्पाद विभाग ने नकली विदेशी शराब किया बरामद



इससे बड़ा खुलासा होने की है उम्मीद : विमला लकड़ा

**मेदिनीनगर।** उत्पाद अधीक्षक विमला लकडा के गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर संजय कुमार ने नावा जयपुर थाना पुलिस के सहयोग से महुलिया गांव के चुरादोहर स्थित एक मकान में छापेमारी किया। जहां से काफी संख्या में नकली विदेशी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर विमला लाकड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी की नावा जयपुर थाना क्षेत्र के चूड़ा दोहर के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में नकली विदेशी शराब का पैकिंग किया जा रहा है। जिस पर छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी की गई। जिसमें इंपिरियल ब्लू ,रॉयल स्टेज,इ7 के नाम से सात से दस हजार रैपर एवं 40 बोरा में खाली बोतल बरामद किया गया है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का निर्मित गोवा कीक के 27 पेटी पैक शराब एवं 35 पेटी नकली रीपैकिंग शराब बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि महुलिया गांव निवासी सुनील प्रसाद को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही साथ जेएच01डी-डीएसओ 100 बोलेरो को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि इस धंधे में शामिल एक बड़ा गिरोह का खुलासा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुनील नकली शराब पैकिंग कर बिहार भेजता था। वह शराब को कुडू से बरामद कर बिहार के औरंगाबाद में पार्टी को देता था। जिसे अनुसंधान के क्रम में इस गिरोह में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। प्रेस वार्ता में सब इंस्पेक्टर संजय कुमार व अन्य मौजूद थे।

## आधुनिक तकनीक व बागवानी की जानकारी को लेकर किया गया शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड के उद्यान विकास योजना के अंतर्गत मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक व बागवानी की जानकारी को लेकर शुक्रवार को चितरपुर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिशु रांची संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि उद्यान मित्र चितरपुर सतीश कुमार, उद्यान मित्र दुलमी रमेश कुमार शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक व बागवानी की जानकारी प्राप्त कर महिलाएं स्वावलंबी बन सकते है।



जिससे वे अपना व अपने परिवार का जीविकोपार्जन भी कर सकते है। इस दौरान प्रशिक्षण का कार्य प्रशिक्षक कल्याणी सिंह व कोमल कुमारी द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने महिलाओं को मशरूम की बेहतर तकनीक की जानकारी दिया। साथ ही फल, फूल व विभिन्न प्रकार की सब्जियो की खेती के बारे में भी जानकारी दी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत अय्योजकों द्वारा बुके देकर किया गया। मौके पर एपीओ के सचिव मोतीराम बेदिया, शिशु संस्था के सत्येंद्र कुमार, राजेन्द्र मुंडा के अलावे मंजू कुमारी, आरती देवी, प्रतिमा कुमारी, रुक्मणि कुमारी, रेणु देवी, देवंती देवी, कविता कुमार, गुलाचो देवी, दीपा देवी,संगीता देवी, लक्ष्मी देवी, बबिता देवी, सोनी देवी, नीलम देवी, आशा देवी, सरोज देवी सहित 83 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है: दीनबंधु

रजरप्पा। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चितरपुर प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार के नेतृत्व में चितरपुर पूर्वी कुम्हार टोला वार्ड सं दो में 30 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीब–गुरबा लोग काफी खुश हुए। लोगों ने कहा कि इस ठंड में श्री पोद्दार ने कंबल का वितरण कर पुण्य का काम किया है। उन्होंने कहा इससे गरीबों का कल्याण होता हैद्ध। गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है। मौके पर चितरपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह किसान मोर्चा जिला महामंत्री रामकृष्ण दुबे,जिला आईटी सेल सह प्रभारी वासुदेव प्रजापति, रामगढ़ जिला किसान मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्वर्ण सूखा धान एवं स्वर्ण समृद्धि धान का अग्रिम प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडू ।** सूखा सहनशील धान की नई प्रजाति स्वर्णसूखा धान एवं स्वर्ण समृद्धि किस्म की खोज किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। यह प्रजाति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर संतोष कुमार द्वारा विकसित की गई है। डॉ इंद्रजीत ने स्वर्ण सूखा धान प्रजाति की मुख्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह प्रजाति सूखा सहनशील होने के कारण कम पानी वाले क्षेत्र और ऊंचाहार वाले क्षेत्र जहां पानी की उपलब्धता अन्य धान की प्रजाति के उपज लिए कम हो वहां भी इसकी उपज 40 से 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है यह किस 110 से 115 दिन में पक कर तैयार हो जाती है । इसमें अन्य किस्मों की अपेक्षा सूखा सहने की क्षमता अधिक है। स्वर्ण समृद्धि धान की किस्म 135 से 140 दिन में पक कर तैयार हो जाती है इस किस्म का चावल लंबा पतला होता है इसकी उपज लगभग 55 से 60 कुंतल प्रति हेक्टेयर हैं यह माध्यम से निचली भूमि के लिए उपयुक्त प्रजाति है इसका चावल लंबा एवं पतला होता है इन दोनों किस्मों में रोग एवं कीटो से लड़ने की क्षमता है सीधी बुवाई के लिए भी उत्तम है 40 से 45 प्रतिशत पानी की बचत होती है इन दोनों प्रजाति के बीज को अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण योजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा दिया गया फसल होने के उपरांत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र मांडू रामगढ़ द्वारा संयुक्त रुप से प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बुमरी पंचायत की वार्ड सदस्य रेखा देवी सहित 40 से अधिक किसान उपस्थित रहे कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने कहा कि स्वर्ण सूखा धान एवं स्वर्ण समृद्धि का प्रत्यक्षण सफल रहा। यह धान की किस्म किसानों के लिए कम पानी में होने वाला तथा अन्य धानों की प्रजातियों की अपेक्षा अधिक रोग रोधी क्षमता वाला धान प्रजाति है इसे अपनाकर किसान धान से होने वाली आमदनी को और बढ़ा सकते हैं।

## अवैध शराब के विरुद्ध नियमित रूप से चलाएं जांच अभियान: उपायुक्त



**रामगढ़।** उत्पाद कार्यालय रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों व अनुज्ञप्ति धारी शराब विक्रेताओं के नियम अनुसार शराब की बिक्री सुनिश्चित करने को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु नियमित रूप से जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं, राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुरसे पंचायत में सरकार-आपके द्वार के तहत लगा विशेष शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत कुरसे पंचायत भवन में शुक्रवार को विशेष शिविर लगाया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया संदीप उरांव व संचालन पंसस कार्तिक मुंडा ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह व उपमुखिया अजय तुरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।



शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, षि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन आदि समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दर्जनों लड़कियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में चार महिला समूह को 50-50 हजार रूपये का चेक दिया गया। साथ ही हड़िया-दारू बेचने वाली चार महिलाओं को भी रोजगार के लिए 10-10 हजार रूपये का चेक दिया है। वहीं सावित्री फुलो-झानो योजना के तहत आठ छात्राओं को स्कॉलरशिप के रूप में 35-35 सौ रूपये का दिया गया। इस दौरान दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। साथ ही कई लोगों का वैक्सीनेशन भी किया गया।

## एक नजर में

### प्रेरणा शाखा ने छात्रों के बीच किया बैग का वितरण

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को झुमरीतिलैया के तीन निजी विद्यालयों में सौ जरुरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस दौरान भालोटिया स्कूल में 35 छात्रों, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में 33 और स्वामी विवेकानंद ज्ञान पीठ में 32 छात्रों को बैग दिया गया। इस दौरान प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि शिक्षा अमूल्य धरोहर है और बच्चों का मौलिक अधिकार भी है। ऐसे में बच्चों को पुस्तकों को सुरक्षित स्कूल से घर लाने ले जाने के लिए बैग की जरुरत होती है। वहीं शाखा पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक सप्ताह पूर्व विभिन्न विद्यालय पहुंची और सर्वे कर बैग दिया। वहीं सचिव नेहा हिसारिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है, इसके लिए पवन दारुका, संजय अग्रवाल, निधि झांझरी, सोनल खेतान को धन्यवाद दिया। मौके पर शाखा की मिनी सिहारिया, उषा शर्मा, मीना हिसारिया सहित तीनो विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### बाईपास में स्थित नेताजी सुभाष चौक पर सौंदर्यीकरण की मांग

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सह केब्री. सहाय जन कल्याण संस्था की कोडरमा प्रभारी प्रीति सहाय ने झुमरीतिलैया नगर परिषद प्रशासक के निर्देश पर सिटी मैनेजर सतीश कुमार को एक मांग पत्र सौंपा। जिसके तहत बाईपास नेताजी सुभाष चौक पर सौंदर्यीकरण की मांग किया है। ज्ञात हो कि बरही से रजौली तक राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन चौड़ीकरण निर्माण कार्य के जद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थान जो वार्ड 1, 18 एवं वार्ड 23 के संगम स्थल पर अवस्थित है एवं उसके निकट में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं चबूतरा प्रभावित हो रही है। सहाय सहित नेता जी जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं आम जनों ने नेता जी एवं अंबेडकर साहब के मूर्ति को नगर परिषद द्वारा एक व्यापक स्थल प्रदान करते हुए पार्क निर्माण करने की मांग किया है, ताकि स्थानीय जनों द्वारा देश के दोनों महान विभूतियों की जयंती पुण्यतिथि एवं अन्य सार्वजनिक समारोह के दौरान सम्मानपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया जा सके। मौके पर छात्र संगठन के अशरफ अली, समाजसेवी गालिब हुसैन, उपेंद्र सिंह सहित सम्मानित जन उपस्थित थे।

### मांगों को लेकर सामाजिक अंकेक्षण श्रोत संघ ने दिया धरना

**कोडरमा।** सामाजिक अंकेक्षण श्रोत व्यक्ति संघ द्वारा 5 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। वहीं धरना को सम्बोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष अरुण राज ने कहा कि हमलोग वर्ष 2016 से सामाजिक अंकेक्षण का कार्य करते आ रहे हैं, परन्तु अभी तक हमलोगों का बकाया भुगतान नही किया गया है, राज्य सरकार हमलोगों से सिर्फ काम ले रही है, काम के बदले मजदूरी नही दे रही है। धरना के उपरांत उपायुक्त को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमे सामाजिक अंकेक्षण का कार्य कर चुके बीआरपी, एसडी, बीआरपी डब्ल्यूडी और सहयोगी दल का पिछले 2 वर्षों का भुगतान जल्द किया जाय, सामाजिक अंकेक्षण कार्य एक माह के अंदर शुरू करते हुए सभी तरह की कल्याणकारी योजनाओं में जवाबदेही सुनिश्चित की जाय, बीआरपी को अंशकालिक के जगह पूर्णकालिक किया जाय और सभी बीआरपी, एसडी, वीआरपी, डब्ल्यूडी को नियमित कार्य उपलब्ध कराते हुए मानदेय 550 की जगह 800 किया जाय, यात्रा भत्ता अलग से दिया जाय आदि की मांगें शामिल है। मौके पर जिला सचिव मुकेश कुमार दास, ओमप्रकाश सिंह, अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार, डोली देवी, पवन कुमार, लालमणि सिंह, राहुल कुमार, दीपक साव, सरिता कुमारी, बबिता देवी व पूनम देवी आदि मौजूद थे।

### भाजपा का एकदिवसीय रोषपूर्ण प्रदर्शन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जन आक्रोश रैली निकली। इस रैली में मुख्य रूप से जिला विधानसभा प्रभारी टुनटुन गोप, जिला महासचिव अनूप जोशी, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी शामिल हुए। वहीं रैली प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। वहीं सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जयशंकर सिंह व संचालन मनोज भगत ने किया। वहीं सभा को मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने संबोधन के दौरान राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार मजदूर किसान विरोधी है और हर मोर्चे पर विफल है। यह सरकार परिवार की सरकार है, जो अपने आप तक सीमित है। इस सरकार में बेरोजगारी, क्राइम बढ़ गई है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज चौधरी, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, रामस्वरूप यादव, दीपेश अग्रवाल, नरेश यादव, पिंटू सिंह, बबलू सिंह, राजेश यादव, मनोज भगत, प्रदीप यादव, कमलनयन सिंह, कंचन देवी आदि शामिल थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियादें सुनी तथा संबंधित पदाधिकारियों को इसके समाधान हेतु निर्देशित किया। के जनता दरबार में 50 से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। जनता दरबार के दौरान लोगों ने बिजली, पेयजल, पेंशन, मकान निर्माण, जमीन, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन और गली निर्माण से संबंधित समस्याएं रखी। जिसे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान करने व उनकी पालन रिपोर्ट सूचना भवन में भेजने के निर्देश दिए। पांडू से आई गीता देवी ने उपायुक्त के समक्ष दिव्यांग पेंशन हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को उनका आवेदन अग्रसारित करते हुए पेंशन की स्वीकृति देने हेतु निर्देशित किया। जोड़ पंचायत के रमेश विश्वकर्मा ने सड़क एवं सरकारी चापाकल को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। उनके इस आवेदन को उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी मेदनीनगर को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया। हुसैनाबाद के महुडंड से आये सकेन्द्र पासवान ने अपने टोले में एक चापाकल लगवाने की मांग की। जिसे उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को उनका आवेदन अग्रसारित करते हुए चापाकल लगवाने हेतु निर्देशित किया।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सहयोग करना हमारी प्राथमिकता : शालू जिन्दल

**बासल (रामगढ़)।** देश के जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल की नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर ने अपने सीएसआर दायित्वों के तहत 500 से अधिक परिवारों के अपने घर का सपना पूरा करने का संकल्प लिया है। इसी के तहत प्राजेक्ट आशियाना का शुभारंभ किया गया है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयर पर्सन शालू जिंदल ने ओड़िसा के अंगुल, बड़बिल, टेंसा, भुबनेश्वर, छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और नई दिल्ली में आयोजित एक हाइब्रिड कार्यक्रम में परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि अपना घर हर परिवार का सपना होता है। लेकिन आर्थिक परेशानियों के कारण बड़ी संख्या में लोगों के पास अपना घर नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों के इस दुख को समझते हुए जेएसपी फाउंडेशन प्रोजेक्ट आशियाना के माध्यम से उनका सहयोग के लिए कदम बढ़ाया है। ताकि उनके जीवन में गुणात्मक सुधार आ सके। इसके पहले चरण में 13 राज्यों के कुल 529 परिवारों को वित्तीय सहायता के लिए चुना गया है। कार्यक्रम के दौरान उन्हें वित्तीय अनुदान के लिए पुष्टि पत्र प्रदान किये गए हैं। इस परियोजना के अंतर्गत चयनित परिवारों को फाउंडेशन के मूल्यांकन के आधार पर घर के निर्माण और शौचालय, पेयजल एवं विद्युतीकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ढाई लाख रुपये प्रदान किये जाएंगे।

# सही दिशा

झारखंड में 1932 के खतियान के आधार पर डोमेसाइल पॉलिसी को लेकर हेमंत सरकार ने विधेयक पास कर दिया है। निश्चित ही इस कदम से हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को संदेश दिया है कि जिन उदेश्यों को लेकर राज्य का निर्माण हुआ है वह पूरा करने के लिये ही उनकी सरकार सत्ता में आयी है। राज्य में डोमेसाइल पॉलिसी को लेकर लंबे समय से रस्साकस्सी होती आई है। इसके पूर्व रघुवर सरकार ने 1984 के आधार पर एक नीति की घोषणा की थी। निश्चित तौर पर राज्य का निर्माण झारखंडियों की उपेक्षा और संसाधनों के दूसरे राज्य के लोगों द्धारा किये जा रहे दोहन के खिलाफ किया गया था। वर्तमान सीएम श्री हेमंत सोरेन ने साफ कर दिया कि उनकी नीति और दिशा एकदम साफ है। 70 दिनों के अदंर बुलाये गये विधानसभा के दूसरे विशेष सत्र में इस विधेयक को लाकर भाजपा को भी बुरी तरह से परास्त किया। भाजपा इस मुद्दें पर इस प्रकार धिर गयी कि उसे इस विधेयक का समर्थन करना पड़ा। सीएम हेमंत सोरेन ने जिस आत्मविश्वास से इस विधेयक को लाकर मूल झारखंडियों के उम्मीद को जिंदा किया है। जब सीएम विधेयक पास होने के उपरांत राजधानी रांची स्थित अपने आवास लौट रहें थे तब लोगों ने ढोल-नगाड़ा लेकर नृत्य करते हुए सीएम हेमंत सोरेन का अभिवादन किया और इस एतिहासिक कदम के लिये राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। निश्चित ही सरकार के इस कदम से राज्य के मूल निवासियों, जनजातियों और पिछड़ें वर्ग की उम्मीद पूरी होगी। हेमंत सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि राज्य के विकास का मॉडल झारखंडवासियों के अनुकूल बने और उनके भावनाओं,संवेदनाओं का पूरा ख्याल रखा जाए। निश्चित ही विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे पूरे राज्य में जश्न का माहौल है।


# कांग्रेस पर आरोप

पीएम मोदी ने हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी है। कांग्रेस को अस्थिरता, भ्रष्टाचार और घोटालों' के लिए जिम्मेदार ठहराया। राज्य के कांगड़ा जिले में सर्वाधिक विधानसभा सीट हैं। कांग्रेस पर सेना प्रमुख का अपमान करने और सैनिकों की तुलना गुंडों से करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने सर्जिकल स्ट्राइक' पर भी सवाल उठाए थे, जिसमें पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों को भी निशाना बनाया गया था। कांग्रेस की सरकार केवल दो राज्यों-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बची है। तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस के खिलाफ जनता में इतना गुस्सा है कि उसे दशकों से कई राज्यों में दोबारा सत्ता में आने का मौका नहीं मिला है। पीएम के इस चुनावी भाषण में कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। हिमाचल प्रदेश के चुनाव में सामान्य तौर पर एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की जीत की परम्परा रही है। भाजपा यूपी,मध्य प्रदेश के तर्ज पर ऐसी परम्परा को तोड़ने का प्रयास कर रही है। लेकिन आम लोगों में बेरोजगारी, महंगाई और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार सहित पर्यावरण का से जुड़ें कई स्थानीय मुद्दों को लेकर पीएम चुप ही रहें हैं। दूसरी ओर कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश से पूरी तरह दूर है और प्रियंका गांधी प्रचारका कमान संभाल रहीं हैं। कांग्रेस का संगठन भी हिमाचल में मजबूत है लेकिन आत्म विश्वास से भरा नहीं है। शीर्ष नेतृत्व के मुखर होने से बूथ तक के कार्यकत्ताओं में जोश आता है जो राज्यों के चुनाव में निर्णायक सिद्धहोता है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के लिये राज्य में जीत का एक बड़ा अवसर है क्योंकि वहां के लोगों का लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ है। शासन बदला जाना इस बात का एक संकेत है।

# पेट्रोलियम उत्पाद को जीएसटी में लाना आवश्यक

देश में जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई 2017 से लागू हुई , सितंबर महीने में जीएसटी काउंसिल की 45 वीं बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका हाल के दिनों में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के मद्देनजर गैर बीजेपी शासित राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से इन उत्पादों पर लगे एक्साइज ड्यूटी को कम करने की गुहार लगाई थी लेकिन खुद वैट की रकम कम करने से इनकार करते रहे।



\- अभय कुमार सिंह

> मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है। इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता।

**तेल का गणित**

2014-15 के बाद से ऑयल और पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स वसूली के जरिए जमा होने वाली राशि में 370 फिसदी का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में ही 3.71 लाख करोड़ की कमाई केंद्र सरकार को इससे हुई। बेस प्राइस के दोगुने से अधिक दाम पर पेट्रोल/डीजल झारखण्ड में मिल रहा है। वो पैसा राज्य और केंद्र सरकार के खजाने में जा रहा है । मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है। इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता। अगर पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर जीएसटी लागू हो जाता है तो आम जनता को बहुत फायदा होगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 40 फीसदी तक गिरावट आ सकती है।

लेकिन सरकारी खजाने का बुरा हाल हो जायेगा। जरा सा भी वैट घटाता है तो आसानी से होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिये कई राज्य इसका विरोध करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग टैक्स पर ही निर्भर होते जा रही है।

सरकार के लिए तेल रूपी दुधारू गाय अगर जीएसटी के दायरे में आ जाती है तो फिर परिणाम देखिए। जीएसटी में 28 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे ऊँचा स्लैब है, मान लीजिए अगर पेट्रोल-डीजल को उसी स्लैब में रखें तो राज्य और केंद्र सरकार को मिलाकर 72% का सीधा नुकसान होगा।

केन्द्र सरकार के आय के अनेकों साधन हैं लेकिन राज्यों के पास आय के साधन सीमित है। शराब और पेट्रोलियम उत्पाद पर टैक्स दो सबसे बड़ा जरिया है । ऐसे में पेट्रोल-डीजल पर सरकार जो भी फैसला ले, उसमें राज्यऔर केंद्र दोनों के हितों का ख़्याल रखना जरूरी होगा। साथ ही ये भी तय करना होगा कि आम जनता की जेब भी ज्यादा ढीली न हो।

**ऐसे में जो विकल्प सामने आते हैं**

पहला तरीका इस कमाई की भरपाई करने के लिए 28 फीसदी जीएसटी के अलावा सरचार्ज भी लगा दिया जाए।जैसे लग्जरी कारों पर केंद्र सरकार ने किया है।

दूसरा तरीका ये हो सकता है कि केंद्र सरकार पहले बड़े मात्रा सेस लगावे फिर पूरे पर जीएसटी लगाए। और जीएसटी नॉन रिफंडेबल हो। उससे होने वाली आमदनी को केंद्र और राज्य सरकार बाँट ले। समस्या यह है कि इसके लिए दोनों सरकारों को इस फॉमूर्ले पर तैयार होना होगा जो कि राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी कठिन लगता है ।

**अगर तैयार भी हो भी गए तो**

इसमें सिर्फ आंकड़ों की हेराफेरी ही हो पायेगी निष्कर्ष कुछ नहीं निकलेगा। या जनता की जेब ढीली होगी या सरकार को राजस्व नुकसान उठाना पड़ेगा। जीएसटी को कम करके ऐसे चार कदम है जिससे सरकार को काफी लाभ हो सकता है और घाटा पूरा हो सकता है

1.सरकार को लोकलुभावन फैसलों पर कड़े और अनुशासित कदम उठाने पड़ेंगे। जिससे लोगों में काम करने की इच्छा भी बढ़ेगी।

मैन पावर की कमी पूरे देश में कहीं भी नहीं है। लेकिन मुफ्त के अनाज ने देश के बहुत बड़े आबादी को निकम्मा बना दिया है, यहां तक देखा गया है कि मोटर साइकिल, कार वाले लोगों को और अनाज उत्पन्न करने वाले किसानो को भी यह लाभ मिल रहा है जो कि बिल्कुल गलत है । अगर इस पर थोड़ा सटीक ध्यान डाल दिया जाए तो 36000 करोड तक की बचत हो सकती है।

2.अगर मनरेगा को सरकारी टेंडर से जोड़ दिया जाए और ठेकेदार बाध्य हो कि मनरेगा से जुड़े कम से कम 50% लोगों को रोजगार देने के लिए । प्राइवेट सेक्टर से भी मनरेगा जोड़ दिया जाए तथा मनरेगा का दायरा निकटवर्ती शहर तक बढ़ा दिया जाए तो इससे मनरेगा में हो रहे सरकारी घाटे की आपूर्ति हो जाएगी। साथ में प्राइवेट बिल्डर्स, सड़क निर्माण, रेल एवं पुल निर्माण, जिसमें हमेशा मैनपावर की कमी रहती है उन्हें बड़े पैमाने पर मैन पावर उपलब्ध हो जाएगा । सरकार जो बेरोजगारी भत्ता मनरेगा में दे रही है उसमे अपने आप भारी कमी होगी । वर्ष 2020-21 के बजट में ?61000 करोड इस निमित्त दिया गया उसमे अगले वित्त वर्ष में लगभग लगभग 50000 करोड़ की बचत यहां हो सकती है।

3. नवंबर तक जो प्रधानमंत्री ने मुफ्त अनाज की घोषणा की है उसमें देश में 200000 करोड़ का खर्च हो रहा है अगले वित्त वर्ष में यह सीधा बच जाएगा।

4. सबसे महत्वपूर्ण सरकारी योजना अगर तय समय सीमा पर पूरा हो जाए और बजट समय बाध्यता के साथ खर्च हो तो सुखद परिणाम सामने आएगा ही। जिसका जीता जागता उदाहरण बिहार पूल कॉरपोरेशन है।

ऐसा ही अनुशासित प्रयोग करके केंद्र तथा राज्य सरकारों का लाखों करोड़ों रुपया बच सकता है।

जनता को सस्ता पेट्रोल और डीजल भी मिल जाएगा तथा थोक और खुदरा महंगाई वृद्धि दर में भी कहीं ना कहीं कमी अवश्य दिखेगी।

**(लेखक व्यूरो चीफ, खबर मन्त्र हजारीबाग हैं। )**

## खास बात

# लंबी आयु का राज

**प्रशांत कुमार झा**

एक ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं।

ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है। बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**महर्षि** वसिष्ठ ने विश्वामित्र से कहा दुष्टों एवं असुरों सहित राक्षसराज रावण के संहार करने एवं ऋषि-महर्षि तथा आम जन के उद्धार के लिये विद्यालोक से अयोध्या में रामावतार होने वाला है। उनकी पराशक्ति सीता जनकपुर में अवतरित होने वाली है। आप वापस सिद्धाश्रम ( आज का बक्सर शहर ) लौट जाइये। ज्योंही जनकपुर में सीता विवाह का नियत समय आयेगा आप किसी बहाने अयोध्या जाकर श्री राम को लेते आइयेगा और राम एवं सीता का विवाह करा दिजिएगा। ब्रम्हर्षि सिद्धाश्रम लौट आये और राम-सीता विवार के नियम समय का प्रतीक्षा किये। इस बीच की अवधि में विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की। गायत्री मंत्र भक्ति का मंत्र है। भू यानी भू लोक में अर्जित की हुई सारी संपति रिश्ते नाते इत्यादि, भुव : यानी मन, बुद्धि एवं चित, स्वः यानी अहंकार जब तत् सविता यानी सद्गुरु को समर्पित कर दिया जाए तो इन्द्रियां देवतुल्य हो जाती है। जिस प्रकार प्रकृति के देवता परमात्मा के लिये कार्य करते हैं उसी प्रकार मन बुद्धि तथाअतः करण परा का हो जाता है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका सारांश यह है कि साधन के माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाए तो नहीं होगा। विश्वमित्र जी इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। चाहे नारदजी हो, उद्धव जी हो या चण्डकौशिक मुनि हो जिन्होंने सोचा कि साधन के द्धारा ज्ञान हो जाए उन्हें नहीं हुआ। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा तो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

## आपके ट्वीट

सुप्रीम कोर्ट जातिवादी है, अब भी कोई शक! ईडब्लूएस आरक्षण की बात आई तो कैसे पलटी मारी कि 50% की सीमा संवैधानिक बाध्यता नही है लेकिन जब भी एससी/एसटी / ओबीसी को आरक्षण देने की बात आती थी तो इंदिरा साहनी मामले में लगी 50% की सीमा का हवाला दिया जाता रहा।

**– उदित राज, कांग्रेस**

झारखण्ड के वीर शहीदों और आंदोलनकारियों का सपना हुआ साकार।1932 का खतियान आधारित स्थानीयता तथा एसटी-28%, पिछड़ा-27% और एससी-12% आरक्षण विधेयक माननीय विधानसभा के विशेष सत्र से हुआ पारित। जो कहते हैं, वो करते हैं।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





कोल इंडिया की कंपनी सीसीएलके आज प्रकाशित आंकड़े चिंताजनक जरूर हैं, चौकाने वाले नही, चूंकि जग जाहिर है। मांगे अधिक - काम कम, गलत परंपरा बन गई। यदि 20% कर्मी, 80% उत्पादन करें, तो क्या वो अधिक सुविधा के हकदार नहीं? **महेश पोद्दार**

## कार्टून वर्ल्ड

**विवाद में पिसते बच्चें**



## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

## चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रिण नहीं है।

**–अवंतिका राज, लोहरदगा**

# मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता के उन्नायक

**बृजमोहन ओझा**

## पुण्यतिथि

**पुण्यतिथि (12 नवंबर) पर विशेष**

**हिन्दी** पत्रकारिता के पितृ पुरुष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता, विद्यार्थियों के मध्य लोकप्रिय शिक्षक, उच्चकोटि के विद्वान एवं राजनीतिज्ञ, प्रसिद्ध वकील, प्रभावी वक्ता महामना मदनमोहन मालवीय का नाम और उनके सिद्धांत भारतीय संस्कृति व इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

उन्होंने हिन्दी पत्रकारिता को आदर्शों की पुण्यभूमि पर सींच कर उसे राष्ट्र एवं समाज की उन्नति हेतु एक माध्यम बताया। उन्होंने कभी भी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने आदर्शों एवं कर्तव्यों से समझौता नहीं किया। 1887 में उन्हें हिन्दोस्थान समाचार-पत्र के संपादक पद हेतु निमंत्रण मिला। यह निमंत्रण स्वयं राजा रामपाल सिंह ने दिया था। 1886 में कोलकाता की कांग्रेस में पंडितजी का एक बहुत ही ओजस्वी भाषण हुआ। इसमें उन्होंने अंग्रेजी भाषा में दिए व्याख्यान में कहा- एक राष्ट्र की आत्मा का हनन और उसके जीवन को नष्ट करने से अधिक और कोई अपराध नहीं हो सकता। हमारा देश इसके लिए ब्रिटिश सरकार को कभी क्षमा नहीं कर सकता कि उसने एक वीर जाति को भेड़-बकरियों की तरह डरपोक बना दिया है। इसी व्याख्यान से राजा रामपाल सिंह बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने पंडितजी को हिन्दोस्थान के लिए निमंत्रण भिजवाया।

बहुत सोच-विचार कर उन्होंने राजाजी के सामने दो शर्तें रखी और कहा कि यदि वे इन शर्तों को स्वीकार लेते हैं तो वे हिन्दोस्थान का संपादकत्व करने हेतु तैयार हो जाएंगे। पहली शर्त थी कि राजाजी उनके कार्य में किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करेंगे तथा दूसरी यह कि जब भी वे नशे की हालत में होंगे उन्हें मिलने नहीं बुलाएंगे। जब राजाजी ने इन दोनों शर्तों को सहर्ष स्वीकार कर लिया तो उन्होंने हिन्दोस्थान का संपादकीय भार स्वीकार कर लिया।

जुलाई 1887 में उन्होंने अपने शिक्षक पद से त्यागपत्र दे दिया और हिन्दोस्थान समाचार-पत्र संभाल लिया। महामना ने अपनी ओजस्वी कलम और तीक्ष्ण पत्रकारिता से हिन्दोस्थान को नई लोकप्रियता और ऊँचाइयां दीं। उन्होंने तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों पर अपनी कलम चलाई। उनके द्वारा लिखे लेख व संपादकीय बहुत लोकप्रिय हुए। उन्होंने हिन्दोस्थान में अनेक प्रयोग किए जिनमें से एक था ग्रामीण समाज की समस्याओं को स्थान देना। उन्होंने गांवों की समस्याओं एवं गाँवों के समाचारों को हिन्दोस्थान में स्थान दिया जो बाद में आगे चलकर हिन्दी समाचार-पत्रों का महत्वपूर्ण अंग बना।

हिन्दोस्थान के माध्यम से देश व समाज की सेवा का जो बीड़ा उन्होंने उठाया उसे लगातार अपने लेखों के माध्यम से आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी पत्रकारिता के द्वारा समाज में जागृति फैलाई। उनकी समाजहितैषी, जनहितैषी लेखनी ने उन्हें सम्पूर्ण हिन्दुस्तान में बहुत लोकप्रियता दिलाई।

मालवीयजी की लेखनी से हिन्दोस्थान चमक उठा। उनकी सभी विषयों पर अच्छी पकड़ थी। भाषा उनके विचारों की अनुगामिनी रही। जो लोग उनकी आलोचना करते वे उन्हें भी पत्र में स्थान देते। उनकी निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा, उन्हें औरों से अलग मुकाम प्रदान करती। उन्होंने इस बात का सदैव ध्यान रखा कि उन पर किसी दल विशेष या सम्प्रदाय या विचारधारा विशेष का हितैषी होने का चस्पा न लगे।

वे स्वयं लेखों का संपादन व संशोधन बहुत सावधानी से करते थे। लेख का प्रूफ आने के बाद स्वयं मिलान कर संशोधन करते थे। उनके लिए पत्रकारिता एक बड़ी जिम्मेदारी थी न कि आजीविका या व्यवसाय का माध्यम।

# जे जे इरानी के बिना भारत का स्टील सेक्टर

**आर.के. सिन्हा**

## व्यक्तित्व

**जेजे** ईरानी अरसा पहले टाटा स्टील के मैनेजिंग डायरेक्टर पद से मुक्त होने के बाद खबरों की दुनिया से कमोबेश गायब से रहे। पर हाल ही में निधन के बाद उन्हें जिस तरह याद किया जा रहा है, उससे साफ है कि वे असाधारण कॉरपोरेट हस्ती थे। 'स्टीलमैन ऑफ इंडिया' के नाम से मशहूर जेजे ईरानी को झारखंड, बिहार और स्टील की दुनिया से जुड़े हर शख्स का खास सम्मान मिलता रहा। पुणे में जन्मे जेजे ईरानी ने अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा जमशेदपुर में गुजारा। एक इंटरव्यू में अपनी इच्छा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा था कि जिस शहर में पूरी जिंदगी काम किया, आखिरी सांस भी उसी शहर में लेना चाहते हैं। ईश्वर ने उनकी यह इच्छा पूरी की। जेजे ईरानी में नेतृत्व के भरपूर गुण थे। उन्होंने भारत के कॉरपोरेट जगत में नवोन्मेष और उत्कृष्टता की संस्कृति को संस्थागत स्वरूप दिया। इस मसले पर विवाद नहीं हो सकता।

वे अपने मैनेजरों को हमेशा कुछ हटकर करने के लिए प्रेरित थे। वे सदैव अपने अफसरों के साथ खड़े रहते थे। जेजे ईरानी उनकी असफलता में साथ नहीं छोड़ते थे। इसलिए उनके मैनेजर बेहतरीन नतीजे लाकर देते थे। उनमें जेआरडी टाटा का अक्स देखा जा सकता था। दोनों की शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति सोच एक सी है। जमशेद ईरानी अपने जीवन के हर पल को सार्थक बनाने में जुटे रहते थे। बेशक मानव जीवन क्षणभंगुर हो, फिर भी उसे इंसान को अपने सतकर्मों से ही सार्थक बनाने का अवसर ईश्वर प्रदान करते हैं । अंधकार का साम्राज्य चाहे कितना भी बड़ा हो पर एक कोने में पड़ा हुआ छोटा सा दीपक अपने अंत समय तक अंधेरे से मुकाबला तो करता ही रहता है।

अब देखिए कि फूलों का जीवन कितना छोटा सा होता है, पर वो अपने सुगंध देने के धर्म का निर्वाह तो करते ही है। जेजे ईरानी ने अपने जीवन को फूलों और दीपक जैसा जाने-अनजाने में बना ही लिया। वे सदैव बेहतर कर्म करते रहना चाहते थे। उनका जीवन भी बेदाग रहा है। वे अपनी कंपनी को नई दिशा देते हुए कल्याणकारी योजनाओं के लिए मोटी राशि दान में देते रहे। वे टाटा स्टील से मुलाजिमों को बाहर निकालने के पक्ष में कभी नहीं रहे। आजकल के मैनेजर तो लगातार अपनी कंपनी के मुलाजिमों को नौकरी से निकालने में ही यकीन करते हैं।

उनमें एक कमाल का गुण यह भी था कि वे चुन-चुनकर एक से बढ़कर एक मैनेजरों को अपने साथ जोड़ लेते थे। वे मेरिट के आधार पर ही टाटा स्टील पर पेशेवरों को अहम पद देते थे। उनके कुशल निर्देशन के फलस्वरूप टाटा स्टील चट्टान की तरह मजबूत हुई।

ईरानी अच्छे खिलाड़ी भी थे। उन्होंने अपने आखिरी समय तक क्रिकेट खेला और देखा। उनकी पहल पर ही टाटा स्टील से देश के क्रिकेट, एथलेटिक्स और पर्वतारोहण की दुनिया से जुड़े खिलाड़ी निकले। उनमें एवरेस्ट को फतेह करने वाली बछेन्द्री पाल भी थीं। उन्हें स्टांप और कॉइन कलेक्शन का भी जुनून था। जमशेदपुर शहर के लिए उनके दिल में एक विशेष प्यार था। उन्होंने यहां कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए, जिसका फायदा जमशेदपुर के लोगों को आज भी मिल रहा है। जिन्होंने जमशेदपुर शहर को देखा है, वे जानते हैं कि यह कितना बेहतरीन शहर है।

जारी...

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## असहायों के बीच कंबल वितरण

**बड़कागाँव।** चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने140 असहाय लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। मुखिया ने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कंबल पंचायत क्षेत्र के वैसे लाचार,बेबस व गरीबों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जा रहा है।

## लूना सवार की मौत

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के डीपू चौक के पास एक लूना गाडी बीआर 44 एएफ 5144 में सवार उपेंद्र साव सत्तू बेचकर झुमरा की ओर जा रहा था इसी बीच हजारीबाग की ओर से आ रही एक मिनी ट्रक संख्या बीआर 21 जिए 4120 ने अपने चपेट में ले लिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया । घटना की सूचना पाते ही दारू थाना के ए एस आई नवीन शर्मा ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए शेख मेडिकल भिखारी कॉलेज भिजवा दिया और ट्रक एवं लूना को जप्त कर थाने ले आई । हॉस्पिटल जाने के बाद डॉक्टरों ने उपेंद्र साव को मृत घोषित कर दिया । उपेंद्र कुमार साव पिता लालचंद साव गांव सोनाहन थाना पोस्ट सोना हन जिला कैमूर का रहने वाला था ।

## अवैध लकड़ी सहित ट्रैक्टर जब्त

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के पंचरुखी तिलैया से गुरुवार की देर रात्रि अवैध लकड़ी का बोटा लदा ट्रेक्टर को वन विभाग द्वारा जप्त किया गया।वनपाल दीपक यादव के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर वन विभाग द्वारा छापेमारी कर बोटा से लदा ट्रेक्टर जप्त किया। वही ट्रेक्टर के चालक मणिलाल राणा सलैया बरकट्ठा निवासी, मालिक एवं संलिप्त अन्य तीन लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## सदर विधायक के विधायक प्रतिनिधि के पिता का हुआ निधन

**दारू।** मनीष जायसवाल के दारू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू के पिता हरिनारायण महतो का निधन शुक्रवार को 95 साल की उम्र में हो गया। वह पिछले कुछ समय से कमर दर्द से परेशान थे और पूरी तरह से बेड पर थे। सीसीएल में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्य करते थे और साल 1999 में सेवानिवृत्त हुए थे उन्होंने अपने पीछे 3 पुत्र और दो पुत्री छोड़ गए इस बात की खबर मिलते ही पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक मनीष जायसवाल सहित प्रखंड के सभी भाजपा नेता और कार्यकताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनकी पुनीत आत्मा के लिए ईश्वर से कामना की और शोकाकुल परिजनों को इस विकट दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सुरेश प्रसाद, प्रकाश दयाल,रंजीत कुमार सिन्हा, रामनारायन कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, राजन सिन्हा, संजय कुशवाहा, लक्ष्मी देवी, सोनी कुशवाहा, रौशन सिन्हा आदि शामिल थे।

### भाजपा की जन आक्रोश रैली ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन

# गठबंधन की सरकार में पदाधिकारी से लेकर पूरी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त : मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** भाजपा कार्यकर्ताओ नें सरकार के नीतिओं के विरुद्ध में प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई। रैली धनबाद रोड मस्जिद के पास से शुरू होकर बरही चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंची। यहां सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव व संचालन ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी व एससी सेल मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रदेश से आए प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार में पदाधिकारी से लेकर पूरी तरह भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबी है।



जनआक्रोश रैली में शामिल पूर्वविधायक व अन्य

बिना घूस दिए जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। खनिज-संपदा की लूट मची है। राज्य का विकास पूर्णरूपेण बाधित हो गया है। बालू घाट की तस्करी, बेरोजगारी, खनिज संपदा की लूट, राजस्व के हो रहे नुकसान, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध, ट्रांसफर-पोस्टिंग एवं दलित समाज के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न की घटना से आज प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भगवान केशरी, शैलेन्द्र सिन्हा, सुरेंद्र रजक, परमेश्वर यादव, राजेन्द्र चंद्रवंशी, नागेंद्र साहू, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मोतीलाल चौधरी, हरेंद्र गोप, रामचन्द्र टुड्डू, मुकेश कुमार, विशेश्वर यादव, समशेर आलम, अर्जुन रविदास समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सौम्या रानी ने विज्ञान पत्र वाचन में द्वितीय पुरस्कार जीता



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में अखिल भारतीय गणित विज्ञान मेला 2022- 23 का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, शारदा विहार, भोपाल, मध्य प्रदेश में दिनांक 3 से 6 नवंबर 2022 तक संपन्न हुआ' उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली की बहन सौम्या रानी ने किशोर वर्ग के विज्ञान पत्र वाचन में पूरे अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री दिनेश कुमार मिश्र ने आज वंदना सभा में सौम्या रानी को प्रमाण पत्र एवं शील्ड को प्रदान करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर सौम्या रानी के पिता सुनील कुमार एवं माता आरती कुमारी भी उपस्थित थे' गौरतलब है कि 33 वा राष्ट्रीय खेलकूद जयपुर, राजस्थान में दिनांक 5 नवंबर से 8 नवंबर 2022 तक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के खो-खो इवेंट के बाल वर्ग में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली की बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए पूरे राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त विद्यालय का नाम रोशन किया।

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाना मेरी प्राथमिकता : राजेन्द्र

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत में सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान 150 लाभुको के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 02 योजना का चयन किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 3 सखी मंडल के बीच 6 लाख रुपया का सीसीएल ऋृन दिया गया।

फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत मंगरी देवी को 10,000 रूपया और सुरजी देवी को 20,000 रूपया सहयोग राशि दिया गया। मनरेगा के तहत तीन 90*90*10 डोभा निर्माण का स्वीकृति पत्र दिया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि प्रति योजना 4 लाख 95 हजार रूपया है, तीनों योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल बीडीओ, मुखिया व अन्य व अन्य

इस दौरान कार्यक्रम का व्यवस्था देखकर बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता का गुणगान उपस्थित भीड़ कर रही है। इस दौरान मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत की जनता को सभी सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाना मेरी प्राथमिकता है। जनता के लिए लागू किया गया सरकार के सभी योजनाओं का लाभ धनवार पंचायत के जनता को किस प्रकार मिले, इस कार्य नियनितरूप से प्रयासरत हूँ।

मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक अन्य कर्मी जनप्रतिनिधियों के साथ पंचायत के उप मुखिया दामोदर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्या संतोषी देवी, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश साव, पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुशवाहा, नरेश प्रसाद, राजेश कुमार, प्रशांत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत टाटीझरिया में लगा शिविर, अनुपस्थित रहे पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी व एमओ

# लापरवाही से मवेशियों की जान गयी: बीस सूत्री अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** आपकी-योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण काफी संख्या में पहुंचे।

जेएसएलपीएस के फूलो झानो आशीर्वाद योजना की ओर से दो समुहों के बीच 40,000 रुपए व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 6 सखी मंडल के बीच 11 लाख रुपये का ऋृण व सहायता राशि सखी मंडल के महिलाओं को दिया गया। इसके अलावा मनरेगा योजना के तहत 10 ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड का वितरण, 1 व्यक्ति को केसीसी, तीन लोगों को धोती-साडी, 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल, 2 विकलांग, चार विधवा व चार वृद्वजनों को पेंशन और सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 36 किशोरियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में मुख्य रूप वरिय पदाधिकारी इंदु खलखो, जिप सदस्य रामप्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ सह सीओ शाईनी तिग्गा, मुखिया सुरेश यादव, पंसस पिंगला देवी उपस्थित हुए।



शिविर में शामिल लोग

**अनुपस्थित रहे पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी व एमओ :** पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर नकुल मोदी व खाद्द आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार की अनुपस्थिति पर लोगो ने नाराजगी जाहिर किया है। दिन भर लोग केवल फार्म लेकर घुमते नजर आए। दोनों की अनुपस्थिति में लोग हताश व निराश होकर वापस घर लौट आए।

नकुल मोदी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अनुपस्थित रह रहे हैं। इससे प्रखंड क्षेत्र के पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि पशु चिकित्सा पदाधिकारी की लापरवाही के कारण उनके मावेशीयों की जान चली गई।

बिचौलियों के माध्यम से गाय, बकरी, सूअर, मुर्गी, पालन एंव शेड की स्वीकृति के नाम पर घुस लेते है। बीससुत्री अध्यक्ष ने आला अधिकारियों से टाटीझरिया प्रखंड में दूसरे पदाधिकारियों को नियुक्त करने की मांग किया है।

वहीं इन पदाधिकारियों का कहना है कि हमलोग को दुसरे प्रखंड का भी जिम्मा है जिससे हमलोग को परेशानी होती है।

एक नजर में

## शराब की बोतल से भरी कार जब्त

**चरही।** चरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते गुरुवार देर रात विदेशी शराब की बोतल से भरी एक कार को जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया। थाना के सअनि निरंजन प्रकाश ने बताया कि एक शिफ्ट डिजायर कार नंबर जेएच01बीयू/6183 में 310 बोतल विदेशी शराब की बोतल कार की डिकी में लादकर रांची के डोरंडा से बिहार जा रही है।पुलिस को सूचना मिलते ही हरकत में आ गई।चरही एनएच 33 चेकिंग अभियान चलाया।तभी उक्त कार आते देख पुलिस ने चारों ओर से लिया।जांच करने पर कार की डिक्की के अंदर छुपाकर रखे गए कीमती शराब पाया गया।कार और उसके चालक सह शराब तस्कर रांची के डोरंडा निवासी इस्तिखार आलम पिता युनूस को गिरफ्तार किया गया।चरही थाना कांड संख्या 72/22 की धारा 272,273,290 आईपीसी 47 ए झारखंड एक्साइज एक्ट तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आजसू पार्टी ने की बैठक

**बड़कागांव।** आजसू पार्टी के प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड आवासीय कार्यालय में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन प्रवक्ता तापेश्वर कुमार ₹तापस₹ ने किया।बैठक में आगामी दिसंबर माह में होने वाले सम्मेलन और धरना प्रदर्शन पर मुख्य रूप से चर्चा किया गया।17 नवंबर को निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण के लेकर जिला मुख्यालय में ,24 नवंबर को ट्रेड यूनियन का सम्मेलन बेरमो मे,साथ ही आजसू महिला मोर्चा का प्रमंडलीय सम्मेलन 4 दिसंबर को बिष्णुगढ़ कोनार डैम में, को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य संदीप कुमार कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज कुमार दांगी, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम,जुगेश्वर सिंह,विनोद राम आदि मौजूद थे।

## हेंदेगढा पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के हेंदेगढा पंचायत मुख्यालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चुरचू बीडीओ इंदर कुमार,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया गिरजा कुमारी व पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ जबकि संचालन इंदरा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दशरथ महतो ने कहा कि सरकार की जो योजनाएं जमीन पर उतारी जा रही है इसका भरपूर लाभ उठाएं।अगर किसी भी तरह की शिकायत हो तो प्रखंड के बीडीओ के पास शिकायत करें।इस पर तत्काल गंभीरता से लिया जाएगा।पंचायत कि मुखिया गिरजा कुमारी ने कहा की पंचायत के क्षेत्रों में विकास से जो भी समस्या हो इसकी जानकारी सभी मुखिया और प्रखंड के पदाधिकारियों के पास शिकायत कर सकते हैं। इसका तुरंत निराकरण किया जाएगा।

## सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन आज

**विष्णुगढ़।** हेमन्त सरकार के नीतियों के खिलाफ विष्णुगढ़ भाजपा प्रखंड इकाई द्वारा धरना प्रदर्शन आज। इस बाबत शनिवार को विष्णुगढ़ प्रखंड परिसर में धरना प्रदर्शन के आयोजन को लेकर भाजपाई तैयारियों में जुटे दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भारी संख्या में भाजपाइयों को हेमंत सरकार के खिलाफ एकजुट होने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को भोपू के जरिए प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपीबी पटेल होंगे। विदित हो की राज्य में ब्याप्त, भय, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, लूट और झूठ का विरोध में प्रखंड से पंचायत स्तर पर करने की रूपरेखा पूर्व में जेपी पटेल की मौजूदगी में की गई थी। के तहत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकताओ का जुटान होगा।

## आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम संपन्न




मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम द्वितीय चरण के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता व संचालन बीपीओ राजीव आनंद ने की।

शिविर का उद्घाटन बीडीओ रिंकू कुमारी, जिप रेणु देवी सीओ मनोज कुमार महथा ने बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने की। वहीं रेणु देवी कहा की राज्य सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्य क्रम के जरिए ग्रामीणों को सुविधा दिलाने का कार्य किया है। जो हर मामले में सार्थक साबित हो रहा है। इस अवसर पर, कई असाहय वृध बुजुर्गो को कंबल दिया गया। साथ ही सवित्री बाई फूले की 12 बालिकाओं को स्वकृति प्रमाण पत्र भी दिया गया।

शिविर में प्राप्त सैकड़ों आवेदनों का निबंधन के बाद निष्पादित किया गया। जबकि गंभीर मामले से जुड़े आवेदनों को संबंधित विभागों को जांच के लिए भेजा गया। मौके पर सभी वार्ड सदस्य, अंचल ब्लाक कर्मी और ग्रामीण मौजूद हुए।

### झारखंड सरकार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ पर भाजपा ने किया जोरदार प्रदर्शन

# राज्य सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार बढ़ा है और महिलाएं असुरक्षित हैं: जयंत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड में हेमंत सोरेन के सत्ता में आते हीं भय, भ्रष्टाचार, बलात्कार सहित खनिज की लूट का एक नया आयाम स्थापित हुआ है। जिसके विरोध में भाजपा पूरे राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर क्रमबद्ध रूप से आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ के प्रखंड मुख्यालय पर रामगढ़ प्रखंड के अंतर्गत आने वाले तीनों मंडलों के हजारों कार्यकताओं ने आम जनता को अपने साथ लेकर विराट आक्रोश प्रदर्शन किया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की उपस्थिति में हुए इस प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा की गरिमामई उपस्थिति ने कार्यकताओं का मनोबल को दुगुना किया एवं रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने मंच संचालन किया । धन्यवाद ज्ञापन इलारानी पाठक ने दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित लोगों को बताया की आज पूरे झारखंड में बेरोजगारी, भय, भ्रष्टाचार और महिलाओं के साथ बलात्कार चरम पर है। किसी भी सरकारी काम को करवाने के लिए आम जनता को घुंस देना पड़ता है। कहा आज की स्थिति ये है की सरकारी बाबू हो या थाना के अधिकारी सब के सब हेमंत सोरेन के कार्यकर्ता बनकर सरकार के विरोधियों को जेल भेजने की धमकी देते हैं। राज्य में आदिवासी हित की बात और एक लाख रोजगार देने के नाम पर चुन कर आए हेमंत सोरेन ने सबसे पहले आदिवासियों की जमीन ही हड़पनी शुरू की और आज प्रताड़ित और बलात्कार होने वालों में सबसे ज्यादा आदिवासी महिलाएं हीं है। उन्होंने बताया की भाजपानीत रघुवर दास की सरकार में नक्सलियों को खत्म करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से जिन आदिवासी युवक युवतियों की भर्ती सहायक पुलिसकर्मी के रूप में कर नक्सलियों का सफाया किया गया था उन युवकों को प्रोत्साहन देने के बजाय सत्ता में आते हीं हेमंत सोरेन ने कार्यमुक्त कर न सिर्फ उन आदिवासी युवकों को बेरोजगार किया बल्कि पूरे राज्य में नक्सलियों के आतांक को भी बढ़ावा दिया। कहा कि आज शायद नक्सलियों द्वारा लिए गए लेवी का एक बड़ा हिस्सा जेएमएम के पार्टी फंड में भी जाता हो तो कोई बड़ी बात नहीं। मौके पर मुख्य वक्ता राकेश प्रसाद ने कहा की आज जिधर देखो उधर लूट मची है,न जमीन सुरक्षित है न हीं महिलाएं। पहाड़ों को खोद कर पत्थर और नदी को खोद कर बालू की तस्करी में सरकार ने अपने विधायक प्रतिनिधि को लगा रखा था जो आज जेल में है। राकेश प्रसाद ने नारा दिया की अब ये स्पष्ट है हेमंत सरकार भ्रष्ट है। आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व सांसद यदुनाथ पाण्डे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, इलारानी पाठक, रंजन फौजी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, मंत्री राजेंद्र कुशवाहा, वासुध तिवारी, दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, राजेश ठाकुर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल जयंत सिन्हा

# सांसद फंड से शहर में करवाया जायेगा दानवीर भामाशाह चौक का निर्माण: जयंत

### उत्साह के साथ किया गया सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** साहू भवन रामगढ़ में शुक्रवार को साहू समाज द्वारा सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता व संचालन शिव शंकर साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से भामाशाह चौक निर्माण को लेकर सांसद जयंत सिन्हा द्वारा अनुमोदन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि नामित सदस्य कृति गौरव, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजन फौजी उपस्थित थे। मौके पर अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने सांसद जयंत सिन्हा का शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। सांसद ने दानवीर भामाशाह के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नंदकिशोर गुप्ता ने सांसद जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि कृति गौरव को ज्ञापन सौंपा। समाज द्वारा दानवीर भामाशाह के चौक का निर्माण करवाने की मांग पर सांसद ने कहा कि दानवीर भामाशाह हमारे महापुरूषों में शामिल हैं। वे देश की धरोहर भी हैं। कहा कि दानवीर भामाशाह के चौक का निर्माण शीघ्र करवाया जाएगा। कहा कि इसका निर्माण सांसद फंड से कराया जाएगा। उन्हें साहू समाज के सदस्यों से कहा कि चौक निर्माण के लिए स्थान का चयन कर आप हमें सूचित करें। सांसद द्वारा इसकी घोषणा पर समाज के लोगों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया।



मंच पर अतिथि

स्पीड न्यूज

## देश की दशा-दिशा बदल सकते हैं युवा : कार्तिक



सिसई। जिला युवा कांग्रेस द्वारा सिसई प्रखंड के टाना भगत भवन में विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव की अध्यक्षता में युथ जोड़ो बुथ जोड़ो कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी कार्तिक कुजुर, जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी उपस्थित थे। कार्तिक कुजुर ने कहा कि इस देश की दिशा और दशा को युवा ही बदल सकते हैं। आज युवा बेरोजगारी की समस्याओं से झूझ रहे हैं। जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि युवा कांग्रेस हर बुथ में जाकर कांग्रेस के नीतियों को बताकर हर बुथ में दस दस युवाओं को जोड़ने का काम करेगी। केंद्र में जब से मोदी सरकार आई है युवाओं को छलने का काम कर रही है। आने वाले चुनाव में युवा इसका जवाब देंगे। मौके पर सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की, प्रमुख मीना देवी,जितेंदर लोहरा,सुभाष उरांव, बसंत उरांव, मोजिब अंसारी, सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संकट मोचन मंदिर कमेटी का हुआ गठन

गुमला। शहर के लोहरदगा रोड स्थित शिव नगर संकट मोचन मंदिर का कमेटी गठन शुक्रवार को किया गया। जिसमें अध्यक्ष हरि नारायण सिंह , उपाध्यक्ष दिनेश महापात्र, सचिव राकेश कुमार वर्मा, सह सचिव यशराज सिंह, संयुक्त सचिव पारस कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष देव कुमार प्रजापति व ओम प्रकाश गुप्ता, मुख्य संरक्षक राकेश सिंह, सह संरक्षक भरत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य में भगवान पाठक, अंकित कुमार सिंह, हरिओम साहू ,त्रिगुणा तिवारी, काली सिंह, सत्येंद्र साहू, आशुतोष पाठक, अरविंद सिंह, राम साहू ,पूरन साहू ,राजू खैरवार, राहुल झा, पवन प्रजापति, आशु पाठक, विकास पाठक, उदय मिश्रा, अमित सिंह को बनाया गया। समिति के सचिव राकेश कुमार वर्मा ने सभी के समक्ष मंदिर पुनः निर्माण कार्य का ब्यौरा पेश किया। जिसे सभी ने एक मत से पारित किया।

## गुमला में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

गुमला। नालसा तथा झालसा के आदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में कुल 8 बेंच बनाया गया है। जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित क्रिमिनल , सुलहनीय वाद , नापतोल, एक्साइज , एनआई एक्ट, मोटरयान संबंधी मामलों का निपटारा किया जाएगा । इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने लोक अदालत को उपयोगी बताया तथा कहा कि इससे पक्षकारों का महत्वपूर्ण समय तथा पैसे की बचत होती है। लोक अदालत में पक्षकार सुलह से अपने विवादों का निपटारा करते है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पक्षकारों अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठाकर मामलों का निपटारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं।

## बैंक में खाता नहीं खोलने पर सांसद से की शिकायत

जारी। जारी पहुंचे सांसद सुदर्शन भगत को भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर प्रखंड में संचालित बैंक ऑफ इंडया शाखा में खाता नही खुलने व पासबुक का अपटूडे नही होने की शिकायत की। सांसद ने कहा कि वे अविलंब डीसी से बात कर सारी समस्या का हल कराने का प्रयास करेंगे।

## सेन्हा : बाइक चोरी मामले में प्राथमिकी

सेन्हा–लोहरदगा।सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत स्थित बरही पुल के समीप लोहरदगा भंडरा पथ के किनारे खड़ी अपाची बाइक जेएच 01ई सी 5283 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिस पर बाइक मालिक बिंदेश्वर उराँव ने सेन्हा थाना को आवेदन देते हुए बताया कि घटना 1 नवम्बर का है। बताते हुए कहा कि मैं अपने खेत की जोताई करवाने बाइक से गया था।

# गुमला जिला में घट रहा है पानी का लेबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उपसचिव राकेश कुमार सिंह ने जल बचाने की अपील की

**गुमला।** मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग भारत सरकार के उपसचिव राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को गुमला परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि गुमला जिला में जमीन के नीचे पानी का लेबल घट रहा है। यह इस जिले के लिए चिंताजनक बात है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो आने वाले सालों में इस जिले में पानी की भयावह स्थिति हो सकती है। उन्होंने बताया कि पूरे देश भर में कुल 526 जनपद है। जिसमें गुमला जिला भी एक है।

केंद्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा अन्य जनपदों की तरह ही गुमला में भी पानी की स्थिति को लेकर सर्वे कराया गया है। यहां पानी लेबल की स्थिति खराब हो रही है चूंकि गुमला पठारी जिला है हर साल यहां बारिश भी काफी अच्छी होती है। परंतु अच्छी बारिश होने के बावजूद यहां बारिश के पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है। बरसाती पानी जमीन के ऊपर से बही बहकर निकल जा रही है। पानी के बहाव का ठहराव में सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है। प्रशासन द्वारा बरसाती पानी का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए पहले ही अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। अब उन योजनाओं को और भी ठोस रूप से संचालित करने की जरूरत है। अब वक्त आ गया है कि लोग इसे सिर्फ प्रशासन और सरकार की जिम्मेवारी नहीं समझकर खुद की जिम्मेवारी भी समझे। लोग पानी को लेकर अपने आचार, विचार और व्यवहार में परिवर्त्तन लाये और पानी का संवर्द्धन और संचयन सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पानी का दुरूपयोग करने से बचे। दिनोंदिन जनसंख्या में वृद्धि हो रही है।

### घटते जल स्तर व पानी के दोहन पर केंद्र सरकार के उप सचिव ने जतायी चिंता

यदि आज हम पानी नहीं बचा पायेंगे तो आने वाले समय में हम हमारे लोगों के पीने तक के लिए पानी नहीं बचा पायेंगे। उन्होंने बताया कि गुमला की दो प्रमुख नदियां पानी का आधार है। नदियां के आसपास वाले क्षेत्र में पानी की कमी नहीं है। परंतु जैसे-जैसे नदी से दूर होते हैं। वैसे-वैसे पानी का स्तर कम होता जाता है। हर जगह पानी की उपलब्धता बरकरार रखने के लिए जमीने के नीचे पानी के स्तर को बेहतर बनाना होगा। परंतु यह तभी संभव है जब बरसाती पानी को जमीन के नीचे तक पहुंचाया जाये। इसके लिए अधिकाधिक कुआं, डोभा, तालाब बनाया जाये और अधिकाधिका वृक्षारोपण हो। साथ ही जिस पानी को हम उपयोग करते हैं. सुनिश्चित करें कि वह पानी फिर से जमीन में चला जाये। सीजीडब्ल्यूडी के वैज्ञानिक डॉक्टर पीवीके कुमार ने बताया कि गुमला में पहले भी पानी के लेबल का जांच किया गया है। परंतु तब और अब में अंतर यह है कि तब पानी की स्थिति ठीक थी। परंतु अब पानी का लेबल घट रहा है जो चिंता का विषय है। धरती के नीचे पानी के लेबल को पहले की तरह ही फिर से करने के लिए धरती को रिचार्ज करने की जरूरत है। इसके लिए बरसाती पानी का ठहराव सुनिश्चित करना होगा।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सात दिन के अंदर बनायें : डीसी

**जन्म मृत्यु पंजीकरण को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक में दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अधिकारियों के साथ बैठक करते गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव।

**गुमला।** जन्म मृत्यु पंजीकरण से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं समिति के सदस्यों उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जन्म-मृत्यु निबंधन एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जिसके माध्यम से जनसंख्या एवं अन्य योजना के लिए कार्य किया जाता है। ऐसे दस्तावेजों का सही रहना आवश्यक है। बैठक के दौरान जिले में अक्टूबर माह तक जन्म निबंधन की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जन्म, मृत्यु एवं मृत जन्म का जिले में शत-प्रतिशत ऑनलाइन निबंधन आधिकारिक वेबसाइट पोर्टल पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपने अधीनस्थ क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी से विस्तृत रूप से जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को जन्म- मृत्यु के 7 दिनों के भीतर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके उसके लिए सभी विभाग समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग व सांख्यिकी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से बैठक करें एवं प्रमाण पत्र जारी करे। पंचायत वार सुदूर इलाके में भी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लोगो को जागरूक करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि जन्म - मृत्यु का निबंधन कराना अनिवार्य है। उन्होंने आम लोगों से जन्म एवं मृत्यु का निबंधन आवश्यक कराने की अपील की। बैठक में बताया कि जन्म- मृत्यु का पंजीकरण ऑनलाइन भी किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग नजदीकी पंचायत में जाकर पंचायत सचिव से निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं शहरी क्षेत्र में नगर परिषद-निगम में जाकर जन्म - मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसी एक प्रखंड में शत प्रतिशत जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिया। बैठक में कई अधिकारी उपस्थित थे।

## घाघरा में कई योजनाओं की बीडीओ ने की समीक्षा

घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ विष्णुदेव कच्छप की अध्यक्षता में सरकार के कार्यक्रम व विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में सर्वप्रथम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा की गई। पंचायतवार प्राप्त आवेदन, इंट्री, निष्पादन एवं आवेदन में की गई कार्रवाई की जानकारी ली गयी एवं विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों को नियमानुसार लाभ देने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। सरांगो के पंचायत सेवक के लापरवाही के आरोप में वेतन रोकने का निर्देश दिया। 13 नवंबर को प्रखंड कार्यालय में डालसा शिविर हेतु कंबल के लिए योग्य लाभुक लाने, आवास लाभुक को ताला चाभी देने हेतु लाभुकों को लाने, मनरेगा में वैसे मजदूर जो 100 दिन काम कर लिए हों उन्हें पुरस्कृत करने हेतु लाभुकों को लाने, पेंशन लाभुकों को लाने, 5 केसीसी लाभुकों को लाने का निर्देश दिया

## 1932 खतियान व ओबीसी आरक्षण पास होने पर जश्न



**गुमला/घाघरा।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में संचालित महागठबंधन सरकार ने विधान सभा का विशेष सत्र बुलाकर शुक्रवार को 1932 खतियान व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पास किये जाने पर आदिवासी बहुल गुमला जिला में खुशी की लहर दौड़ गयी है। महागठगंधन सरकार में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सरकार के इस ऐतिहासिक कदम को लेकर मिठाईयां बांटी व पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। गुमला शहर में कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय टावर चौक पर कांग्रगेसियों ने 1932 का खतियान व ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत पास होने पर खुशी मनायी। मौके पर रमेश कुमार ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1932 का खतियान व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सरकार के इस कदम से राज्य में निवास करने वाले लोग लाभान्वित होंगे। वहीं घाघरा प्रखंड में कांग्रेसी के अलावे मूलवासी ने प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदनी चौक में सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जमकर खुशियां मनाई। पूर्व प्रदेश प्रवक्ता शिव भगत टुनटुन ने कहा गठबंधन सरकार के द्वारा 1932 खतियान ओबीसी को 27% आरक्षण के लिए विशेष सत्र बुलाकर नौवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु केंद्र सरकार को भेजा गया है।

# झारखंड में बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं : सांसद

**चैनपुर में भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली,राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प**



**चैनपुर।** चैनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक के नेतृत्व में शुक्रवार को हेमंत सरकार के जन विरोधी कार्यशैली के विरोध में जन आक्रोश रैली सह धरना प्रदर्शन कर अंधे बहरे एवं लंगड़े सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया। यह आक्रोश रैली दुर्गा मंदिर के समीप से निकाली गई जो पीपल चौक, थाना रोड होते हुए ब्लाक परिसर में पंहुच धरना में तब्दील हुई। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आज हेमंत सोरेन की सरकार में सभी वर्ग की जनता त्रस्त है। जब से उसकी सरकार बनी है तब से झारखंड के लोग एवं बहु बेटियां सुरक्षित नहीं है। आये दिन हत्या एवं दुष्कर्म का मामले सामने आ रहा है और सरकार मौन है। आज झारखंड में जमीन खनीज लूटने में सबसे अहम भमिका हेमंत सरकार की है। उन्होंने कहा कि ब्लाक के जितने भी पदाधिकारी है वो समय रहते होश में आ जाएं। ये ब्लाक जनता का है न कि जेएमएम पार्टी का है। आप जनता के नौकर है न कि किसी पार्टी के गुलाम। आप अपनी कार्यशैली में सुधार लायें नहीं तो भाजपा यहां से आपको खदेड़ने का काम करेंगी।

## सीठियो में बिजली करंट से दो की मौत

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो में सुबह सुबह खेत सिंचाई के दौरान बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर ही दो व्यक्तियो की मौत हो गई। एक साथ दो लोगो की मौत होने से पूरे गांव में मातम में डूब गया। मृतक की पहचान सीठियो निवासी कमलेश्वर साहू उम्र 40 एवं विश्राम उरांव उम्र 35 के रूप में हुई है। दोनों सुबह सुबह दक्षणी कोयल नदी के समीप अपने खेत में फसलों का सिंचाई करने के लिए गए हुए थे।जानकारी अनुसार फसल सिंचाई के दौरान विश्राम उराँव बिजली तार के संपर्क में आ गया, जिसे कमलेश्वर साहू ने देखा तो बचाने के लिए दौड़ पड़ा लेकिन विश्राम उराँव को बचाने के क्रम में कमलेश्वर ने सूझ बूझ खो दिया और वह भी बिजली तार के संपर्क में आ गया और दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बल दल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पेट्रोल पंप से रंगदारी मांगने व मारपीट में चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा ।** भंडरा लोहरदगा पथ के ब्लॉक के समीप स्थित यसराज पेट्रोल पंप में पांच जुलाई को हुई मारपीट व मारपीट के मामले में भंडरा पुलिस ने घटना मे समीप सभी चार लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । अज्ञात हो को चार माह पहले पांच जुलाई को भंडरा स्थित यसराज पेट्रोल पम्प मे चार लोगो द्वारा पेट्रोल पम्प कर्मी के साथ रंगदारी व मारपीट कर फरार हो गये थे । पम्प मालिक संजय खत्री ने इसकी लिखित शिकायत की थी ।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इसमें थाना क्षेत्र के रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के मुरकट्टी निवासी परवेज अंसारी,राहुल उरांव,चम्पा उरांव व शम्भू उरांव का नाम शामिल है।

उक्त मामले में पम्प मालिक संजय खत्री के बयान पर भंडरा थाना में कांड संख्या 42/022 धारा 147, 149, 323, 341, 387,504,506 भादवी के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थाना क्षेत्र मे किसी तहत की रंगदारी,मारपीट अन्य अपराधों को किसी हालत मे बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

# राज्य में चरम सीमा पर भ्रष्टाचार : मनीर उरांव

**किस्को और सदर प्रखंड में सरकार के खिलाफ भाजपा की जनाक्रोश रैली में उमड़ी भीड़**




**लोहरदगा।** भाजपा किस्को मंडल और लोहरदगा ग्रामीण मंडल द्वारा जन आक्रोश रैली प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया गया। यह कार्यक्रम भ्रष्टाचार महिला उत्पीड़न लूट कानून व्यवस्था के खिलाफ जनाक्रोश रैली निकाली गई, जो सरस्वती शिशु मंदिर किस्को से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय तक गया । जिसका नेतृत्व किस्को मंडल अध्यक्ष मुकेश साहू ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव एवं झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित थे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि 1000 करोड़ के घोटाले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपना पक्ष रखने का नोटिस दिया तो, हेमंत सोरेन ने अपने आप को आदिवासी कहकर जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। न्यायालय संविधान से चलता है ना की किसी के बयान से,जबसे मुख्यमंत्री बने हैं तभी से घोटाले शुरू हो चुके हैं कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की यह नीति है उन्हें भी अपना हिस्सा से मतलब है जनता को क्या हो रहा है इस से कोई मतलब नहीं है। जबसे हेमंत सोरेन की सरकार का गठन हुआ है, 1 सप्ताह बाद चाईबासा में 7 आदिवासियों की हत्या कर दी गई और हत्यारों को माफी भी दे दी गई। महिलाओं और बच्चियों के साथ झारखंड में हत्या अपहरण एवं बलात्कार की साढ़े 5 हजार घटनाएं घटी। आज कहीं भी हमारी मां बहने और बेटियां अपने आप को सुरक्षित नहीं महसूस कर रही है । बुवाई समय पर नहीं होने के कारण एवं बाद में वर्षा ज्यादा होने के कारण किसानों के फसल का जो नुकसान हुआ है उसकी कीमत आदिवासियों की सरकार कहने वाले हेमंत सोरेन के द्वारा मात्र ?3500 देने का घोषणा किया है।वही महिलाओं को ?1 में जमीन की रजिस्ट्री की जाती थी उसे भी यह सरकार ने बंद करने का काम किया। किसानों महिलाओं युवाओं शिक्षित बेरोजगारों को चुनाव के दरमियान जो घोषणाएं की गई थी एक भी पूरी नहीं की गई। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इसी किस्को प्रखंड मुख्यालय में महिलाओं के उत्थान के लिए एक सौ से ऊपर ऑटोमेटिक सिलाई मशीन देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सांसद सुदर्शन भगत द्वारा किया गया है। उसका श्रेय लेने के लिए लोहरदगा के विधायक दबाव बनाते हैं।

## एक नजर में

### खेल महाकुंभ में 500 से अधिक छात्र होंगे शामिल



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती झारखंड के द्वारा आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ की तैयारी का समीक्षा गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने किया। इस बैठक में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर ,शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।सभी विभागों का विभाग सह समीक्षा एवं तैयारी की जानकारी ली गई।इस महाकुंभ में झारखंड प्रांत के विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिर से 500 से अधिक भैया - बहन भाग लेंगे। इस महाकुंभ का आगाज विद्यालय के भैया- बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम ,घोष बैंड, भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं मशाल जुलूस से किया जाएगा ।इस महाकुंभ का आकर्षन नन्हे भैया बहनो द्वारा कबड्डी, खो-खो एवं एथलेटिक का प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा ।समीक्षा बैठक में आने वाले छोटे भैया -बहनों के लिए बॉक्साइट नगरी लोहरदगा के स्वादिष्ट प्रसिद्ध व्यंजन एवं उनके स्वास्थ्य संबंधित समीक्षा किया गया । इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ,विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी उपस्थित थे।

### प्रखंड से लेकर शीर्ष स्तर तक भ्रष्टाचार : भगत



**जारी।** जारी प्रखंड भाजपा कार्यकताओं ने संसद सुदर्शन भगत के नेतृत्व में झारखंड में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं व्याप्त भ्रष्टाचार व सरकार के गलत कार्यशैली को लेकर आक्रोश रैली निकाला एवं किसान भवन में बैठक की। बैठक के बाद राज्यपाल के नाम का ज्ञापन अंचल कार्यालय में सौंपा। संसद सुदर्शन भगत ने कहा कि राज्य में प्रखंड स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता पक्ष के लोगों के द्वारा बालू की कालाबाजारी से पूरा प्रदेश त्रस्त हैं और छोटे-छोटे विकास कार्य बालू के अभाव में ठप पड़ा हुआ है। झारखंड सरकार में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण की घटना हो रही है इसलिए हमलोगो को सावधानी बरतनी होगी। आदिवासी महिलाओं के हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं रोज घटित हो रही है। नक्सली घटनाएँ दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी होती जा रही है। पानी बिजली की व्यवस्था भी राज्य में दयनीय हो गई है। जब रघुवर की सरकार थी तब पूरी तरह से नक्सली घटना, बलात्कार, धर्मातरण आदि बन्द थी। जब से जेएमएम की सरकार आई है तब से नक्सली राज्य में पनप रहे हैं और घटना को अंजाम दे रहे हैं। मौके पर जारी प्रखंड महामंत्री दिलीप चीक बड़ाईक ने संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार का कार्यकाल महज 3 साल ही पूरा हुआ है। लेकिन 3 साल में ही लूट खसोट एवं व्याप्त भ्रष्टाचार चरम पर है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कामेश्वर साय, नंदकिशोर नन्द, विनय प्रताप शाहदेव, सत्येंद्र सिंह, संत कुमार भगत,फुलमाईत देवी,धनी बैगा संतोष बड़ाईक, हरिहर सिंह, सरिता देवी,सकलदीपनाथ शाहदेव,शंकर लाल शाहदेव,गौतम सिंह,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एजेंट लक्ष्य निर्धारित कर काम करें : प्रशांत

**लोहरदगा ।** ढोरहा टोली स्थित होटल गीतांजली मे शुक्रवार को एलआईसी के विकास अधिकारी नवल किशोर के यूनिट का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन हुआ । कार्यक्रम में मंडल के माननीय विपणन प्रबंधक प्रशांत साहू एवं प्रोडक्ट मैनेजर ने उपस्तिथि अभिकर्ताओ को एल आई सी कैरियर को सफल बनाने के कई सुझाव दिये । मौके पर मार्केटिंग मैनेजर धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि एलआईसी की जीवन लक्ष्य पॉलिसी ऐसी पॉलिसीज में से एक है । जिसमें पॉलिसीहोल्डर की मौत हो जाने के बाद भी पॉलिसी अपनी मैच्योरिटी को पूरा करती है । इस पॉलिसी में कंपनी ही पॉलिसीहोल्डर की मौत होने के बाद प्रीमियम का खर्च उठाती है। और 10 फीसदी हिस्सा सम अश्योर्ड के रुप में हर साल नॉमिनी को मिलता है। उन्होंने एल आई सी की धन वर्षा स्कीम सिंगल के बारे मे बताये हुये कहा कि अगर पॉलिसी होल्डर की मृत्यु हो जाती तो ये पॉलिसी के भीतर उनकी फैमिली को आर्थिक सहायता भी दी जाती है। इसके अलावा दोगुने एकमुश्त पेमेंट की सुविधा भी इस पॉलिसी के तहत दी जाती है।एलआईसी की इस पॉलिसी में 2 विकल्प होते हैं. पहला ऑप्शन चुनने पर जमा किए हुए प्रीमियम पर 1.25 गुना रिटर्न मिलता है. यानी कि 10 लाख के सिंगल प्रीमियम पर पॉलिसी होल्डर की अगर मौत हो जाती है तो नॉमिनी को 12.5 लाख रुपए का गारंटीड रिटर्न एडिशन बोनस की तरह मिलेगा। इसी प्लान में अगर आप दूसरा ऑप्शन चुनते हैं तो 10 गुना तक रिस्क कवर मिलता है। यानी सिंगल प्रीमियम पर बीमाधारक की मौत हो जाती है तो ऐसी हालत में नॉमिनी को 1 करोड़ रुपए तक मिलते हैं।

### गेट टूगेदर के सेमीफाइनल में पहुंचा गोल्डेन ईगल



**गुमला।** गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता का लीग चरण का अंतिम दिन दो मैच शुक्रवार को खेला गया। इससे पूर्व तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। आज गोल्डेन ईगल व रॉयल्स के टीम के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर रॉयल्स की टीम ने गोल्डेन ईगल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित दस ओवरों में पहले बल्लेबाजी करते हुए गोल्डेन ईगल की टीम ने पांच विकेट खोकर शानदार 118 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल्स की टीम 10 ओवर में 111 रन ही बना सकी। गोल्डेन ईगल की टीम ने 7 रन से मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपना स्थान बना लिया। टीम की ओर से नीलांबर साहु ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल कर मैन ऑफ दी मैच बने। शनिवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। इस अवसर पर अमित एक्का ने मैन ऑफ द मैच चुने गये खिलाड़ी नीलांबर साहु को पुरस्कृत किया। वहीं लीग चरण का अंतिम मैच रायल्स लाइंस व सुपर स्टार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सुपर स्टार ने रायल्स लाइंस को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स लाइंस की टीम ने दस ओवर में 7 विकेट खोकर 99 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी सुपर स्टार की टीम दस ओवर में 8 विकेट खोकर 85 रन ही बना पायी। रॉयल्स लाइंस की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अमन नवाज ने शानदार 34 रन बनाये व तीन विकेट लिये। अच्छे प्रदर्शन के लिए अमन नवाज को मैन ऑफ दी मैच चुना गया।

### स्थानीयता लागू करने पर जताया आभार

**भंडरा ।** हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता का एक बार फिर से दिल जीत लिया है। शुक्रवार को हेमंत सोरेन जेएमएम की सरकार ने जिस तरह विशेष सत्र का आयोजन कर विधानसभा में 1932 का खतियान आधारित एसटी को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत, एससी 12 प्रतिशत अरक्षण को पारित कराया। इससे पूरे राज्य की जनता में खुशी की लहर है उक्त बातें जेएमएम के भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने शुक्रवार को भंडरा के डाकबंगला भवन जे एम एम कार्यकताओं का बैठक आयोजित कर कहा । साथ ही शनिवार को भंडरा नौडीहा चौक से थाना मोड़ तक आभार यात्र निकालने को लेकर सरकार के प्रति अभिवादन करने की सहमति जताई है। इस पर जेएमएम कार्यकर्तओं ने भी भव्य आभार यात्रा निकालने को लेकर सहमति दी है। मौके पर पिंटू उराँव, बिठू उराँव, शामिल उराँव, तिवारी उराँव, रामविलाश उराँव, जातरू उराँव, तैयब खान, साहिल मंसूर, रवि यादव, मनोज उराँव, बुधराम उराँव, सैफुल्लाह अंसारी, खुर्सीद अंसारी, एजाजुल अंसारी, सहित काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### पांच वर्षीय बालक का शव नदी से बरामद

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा निवासी श्रवण प्रजापति के पांच वर्षीय पुत्र रंजीत प्रजापति का शव घर के ही सामने कररुआ घाट नदी में संदेहास्पद स्थिति में मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार खेलो झारखण्ड 2022-23 के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य रोहणी देवकांत पांडेय ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने बच्चों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।

### नप अध्यक्ष ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**गढ़वा।** नगर परिषद के वार्ड नंबर नौ दीपवा मुहल्ला में नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी एवं वार्ड पार्षद कमला देवी ने पीसीसी पथ का शिलान्यास पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया। 11 लाख 99 हजार 511 रूपये की लागत से इस पथ का निर्माण जेपीएस स्कूल से लेकर रण बहादुर सिंह के खटाल मार्ग होते हुए रामजी प्रसाद के घर से सरस्वती नदी तक किया जाएगा। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केषरी, वार्ड प्रतिनिधि बंधु राम आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त से बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड बनाने की मांग

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य सह ग्राम विकास समिति की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने उपायुक्त रमेश घोलप को मांग पत्र सौंप कर भवनाथपुर में बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड बनाने की मांग की है।

### संत पल एकेडमी गढ़वा को मिली मान्यता

**गढ़वा।** संत पल एकेडमी को आईसीएसई से स्वीति मिलने की घोषणा डाल्टनगंज धर्मप्रांत के विशप थियोडोर ने शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित अभिवावक गोष्टी कार्यक्रम में की। इस मौके पर बिशप ने अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि आज गढ़वा के लिए बहुत खुशी का दिन है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**केतार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुकुंदपुर पंचायत का नारायण वन सूर्य मंदिर परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शंभू सिंह, प्रखंड विकास पदाकिारी मुकेश मछुआ, मूंगा साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

### मलेरिया व टाइफायड से पीड़ित युवक की मौत

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के बहेरा गांव निवासी रामसुंदर राम के 38 वर्षीय पुत्र बसंत कुमार राम की 10 नवंबर की रात रिम्स रांची के निधन हो गया। वह मलेरिया व टाईफायड से करीब 10 दिन से पीड़ित था। स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद भी ठीक नहीं होने पर रांची ले जाकर रिम्स में भर्ती कराया गया था। बावजूद इसके उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### 45 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर पंचायत के शिवपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के कक्षा एक व दो के 45 बच्चों को स्कूल ड्रेस प्रदान किया गया। इन बच्चों का अभी तक बैंक में खाता नहीं खुल सका है। इस कारण इन्हें स्कूल में ड्रेस प्रदान किया गया। जिन बच्चों का बैंक में खाता खुल गया है उनके स्कूल ड्रेस का पैसा उनके बैंक खाता में चला गया है। कांडी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, शिवपुर पंचायत की मुखिया सोनी देवी व अन्य ने स्कूल ड्रेस का वितरण किया।

झामुमो ने मनाया जश्न, निकाली रैली, जमकर हुई आतिशबाजी, खूब उड़े अबीर-गुलाल, बांटी मिठाई

# स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हुआ झारखंड का इतिहास झारखंडियों का सपना हुआ साकार : झामुमो

## 27 प्रतिशत आरक्षण व 1932 का खतियान पारित होने पर उल्लास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में शुक्रवार को ओबीसी के लिए 27 प्रतिषत आरक्षण, स्थानीय के लिए 1932 का खतियान आदि पारित होने पर पूरे राज्य सहित गढ़वा में भी उल्लास का माहौल है। सरकार के इस फैसले की खुशी में झामुमो एवं मूल वासियों ने खूब जश्न मनाया। विधानसभा से पारित होते ही गढ़वा जिला झामुमो के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में रैली निकाली गई। झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। खूब अबीर, गुलाल उड़ाए एवं मिठाइयां बांटी। टाउन हॉल के मैदान से रंका मोड़ तक जुलूस निकाली गई। रंका मोड़ पर ही लगे बड़े टीवी में विधानसभा की कार्रवाई भी कार्यकर्ता देख रहे थे। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता आदि नेताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और बेहद खुशी का दिन है। झारखण्ड के आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्ग तथा इस राज्य के मूलनिवासियों की वर्षों पुरानी सपना को हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने साकार कर दिया है। हेमन्त सरकार ने सही मायने में आज झारखंडी जनभावना के अनुरूप तमाम झारखंडियों को झारखंडी पहचान दिया है। इसके साथ ही राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण के जरिए उनका जायज हक प्रदान किया है। झारखण्ड वासियों के लिए यह आपार हर्ष का विषय है कि झारखंड स्थानीयता विधेयक और आरक्षण (संशोान) विधेयक झारखण्ड विधानसभा से पारित हो गया है। झारखंड के इतिहास में यह पल स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। हेमंत सरकार ने यह साबित कर दिया है कि सही मायने में यह सरकार झारखंडियों की सरकार है। आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े और वर्षों से शोषित, पीड़ित जनता की सरकार है। वक्ताओं ने कहा कि हेमन्त सरकार के ऐतिहासिक फैसलों और जनकल्याणकारी कार्यों ने भाजपा, आजसू समेत तमाम विपक्षी दलों को पूरी तरह से मुद्दाविहीन कर दिया है। जिसके हताशा में बौखला कर भाजपा और केन्द्र सरकार देश की संवैधानिक संस्थाओं, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। जो कभी सफल होने वाला नहीं है। झारखंड की जनता सब देख और समझ रही है। 2024 में राज्य की जनता भाजपा, आजसू समेत तमाम सामन्तवादी ताकतों को इसका करारा जवाब देगी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, चंदन पासवान, अनिता दत्त, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, अरविंद यादव, आशीष गुप्ता, श्रवण कमलापुरी, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।






जश्न मनाते झामुमो के लोग, रैली में उमड़ी भीड़

भाजपा का सीएम हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम संपन्न

# झारखंड सरकार भ्रष्टाचारी सरकार है, जो अपनी जिम्मेवारी से मुक्त रहती है : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के झुमरीतिलैया मंडल, कोडरमा नगर मंडल एवं कोडरमा ग्रामीण मंडल द्वारा संयुक्त रूप से झारखंड सरकार की गलत नीतियों एवं प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश रैली झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक से लेकर प्रखंड कार्यालय कोडरमा तक निकाला गया। वहीं प्रखंड कार्यालय के समीप सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं पूर्व सांसद कोडरमा सह हुडको के डायरेक्टर रविंद्र राय उपस्थित हुए। जन आक्रोश आक्रोश रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने किया। वहीं रैली के दौरान हेमंत सोरेन हाय-हाय, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो, हेमंत सोरेन इस्तीफा दो, भ्रष्टाचारी सरकार इस्तीफा दो, बलात्कारी सरकार इस्तीफा दो जैसे गगनभेदी नारे लगाए। वहीं सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचारी सरकार है, जो अपनी जिम्मेवारी से मुक्त रहती है। संवैधानिक पद पर होते हुए भी भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना शोभनीय नहीं है, सरकार जिम्मेवारी से मुकर रही है। सरकार को आड़े हाथों लेते हुए अन्नपूर्णा देवी ने काफी खरी-खोटी सुनाई और कार्यकर्ताओं को प्रदेश तक का घेराव करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा। वहीं पूर्व सांसद सांसद रविंद्र राय ने कहा कि जिस सरकार का राजा स्वयं चोर हो अपने अधिकारियों से उगाही कराता हो, उससे नैतिकता की क्या अपेक्षा की जा सकती है, शासन और प्रशासन मस्त हैं। हमें झारखंड सरकार को नींद से जगाना होगा। मौके पर दिनेश सिंह, राजेश सिन्हा, नरेंद्र पाल, रामचंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, रवि मोदी, रमेश हर्षधर, देवनारायण मोदी, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव, कांति देवी, सुभाष मोदी, मनोज कुमार झुन्नू, मानिकचंद सेठ, विनोद सिन्हा, राजकुमार यादव, सूरज प्रताप मेहता, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, कांति देवी, लीना सिन्हा, राखी भदानी, सविता देवी, रीता लोहानी, पिंकी जैन, पिंटू मजूमदार, इंदरदेव वर्णवाल, राजेश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 18 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम चतरा रवाना

**गढ़वा।** चतरा में आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 18 सदस्यीय टीम शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हुई। 18 सदस्यीय टीम को संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाए देते हुए रवाना किया। चतरा जाने वाली 18 सदस्यीय टीम में आयुषी कुमारी, अंजली कुमारी, रिद्धि सिंह, आयुषी कुमारी दुबे, आयुषी कुमारी पांडेय, अमल कुमार ठाकुर, अनिमेष कुमार पाण्डेय, रौशन कुमार पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार रवि, हिमांशु पाल, उज्ज्वल कुमार, मयंक राज, अभिजीत यादव, लकी कुमार को शामिल किया गया है। वहीं कोच संघ के कोषायक्ष कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे है उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे है।

### दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने कबाड़ी की दुकान में पूर्व में चोरी किये गए कबाड़ी के कीमती पार्ट्स को बेचने आये चोर को पकड़कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व चंचाल पहाड़ी क्षेत्र में संचालित क्रशर से कीमती पार्ट्स की चोरी की गई थी। जिसे लेकर क्रशर संचालक आशीष कुमार मेहता ने आसपास स्थित कबाड़ दुकानदारों को चोरी की जानकारी दी थी। कबाड़ बेचने आये युवक की जानकारी क्रशर व्यवसायी को दी गई।

मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है

# पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है

**डोमचांच (कोडरमा)।** यह कविता तो आपने सुनी ही होगी ''मानव जब जोर लगाता है पत्थर पानी बन जाता है''। जी हां यह पंक्तियां डोमचांच के दो बेटों पर सटीक बैठती है, जिन्होंने जेपीएससी की परीक्षा पास कर पूरे गांव और जिले में अपना कीर्तिमान स्थापित कर दिखाया है। वहीं नगर पंचायत के मंझलीटांड़ निवासी चंदन कुमार सिंह पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने जेपीएससी द्वारा आयोजित लेखा पदाधिकारी की परीक्षा पास कर डोमचांच सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया है। बता दें कि चंदन एक किसान का बेटा है, चंदन के पिता राजेन्द्र सिंह एक किसान हैं और किसानी कर उन्होंने अपने बेटे को पढ़ाया। चंदन ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा सीएम् हाई स्कूल डोमचांच से ली। वहीं बारहवीं व स्नातक की शिक्षा जेजे़. कॉलेज से ली, जबकि बीएड की परीक्षा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा से पास की। इसके बाद 2012 से कुछ वर्षों तक यह गर्ल्स स्कूल में अनुदेशक के पद रहे। फिर 2015 में हाई स्कूल परीक्षा की तैयारी के लिए रांची चले गए, जिसके बाद अपने कठिन परिश्रम से 2019 में इन्होंने सरकारी शिक्षक बन गोड्डा में सेवा दे रहे थे।



आरएनएम कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का किया गया आयोजन

# देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली की वकालत की थी : डॉ फहीम अहमद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सभागार में एनएसएस के बैनर तले 14 वा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस सह भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 134 वीं जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने किया। संचालन एनएसएस के वॉलंटियर ऋषभ गुप्ता एवं सरदार करणजीत सिंह संयुक्त रूप से कर रहे थे।कार्यक्रम का शुभ आरंभ एनएसएस गान एवं क्लैपिंग से किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए एनएसएस पीओ डा० फहीम अहमद ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद आज से ठीक 134 वर्ष पूर्व 11 नवंबर 1888 को सऊदी अरब के शहर मक्का में पैदा हुए। उन्होंने 1912 में भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक सप्ताहिक पत्रिका अल हिलाल की शुरूआत की थी लेकिन ब्रिटिश सरकार ने बैन कर दिया था। मौलाना आजाद एक प्रसिद्ध शिक्षाविद,एक जांबाज पत्रकार, उच्च कोटी के विचारक, स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते थे। भारतीय शिक्षा संरक्षण संरचना के मजबूत बनाने में उन्होंने अपनी महती भूमिका निभाई। मौलाना आजाद ने नारी शिक्षा के लिए पुरजोर वकालत की थी। आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर उन्होंने काफी जोर दिया था। उनके कार्यकाल के दौरान देश के पहले आईआईटी वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) आईआईएससी, भारतीय संस्कृति संबंध परिषद (आईसीसीआर) एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्था की स्थापना की जो आज भी देश का गौरव है। साहित्य में रिसर्च को बढ़ावा दिया। भारत में सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक अंतर को पाटने के लिए ललित कला, संगीत, नाटक और साहित्य अकैडमी की स्थापना की थी। उन्होंने ने देश की आजादी में महती भूमिका निभाई वहीं टू नेशन थिवरी का पुर जोर विरोध किया था। उन्होंने 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की पुरजोर वकालत की। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा मंत्री रहते हुए वर्ष 1947 से 1958 तक के अतुलनीय योगदान दिया। दीपक कुमार ने अंग्रजी भाषा में मौलान आजाद की जीवनी पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेहलता,अंकिता कौर, उम्मे सानिया, मुस्कान, निशा चांदनी, रोहनी, नेहा नाज के अतिरक्त दर्जनों बॉलिंटियर ने महती भूमिका निभाई। इस मौके पर टीआर प्रो सुबोध कुमार सिंह,पूजा कुमारी, प्रो रामजीत यादव, प्रो शिव रतन सिंह, प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो चंदन कुमार सिंह, प्रो सतेंद्र सिन्हा मौजूद थे।




एक नजर में

### प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**कांडी।** कांडी मंडल भाजपा इकाई के तत्वावधान में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के विरोध में प्रखंड मुख्यालय में जन आक्रोश रैली व विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन आक्रोश रैली स्थानीय भाजपा कार्यालय से चलकर, बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए डूमरसोता मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय तक गई व धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गई। भाजपा प्रदर्शनकारियों को पुलिस प्रखंड कार्यालय के अंदर प्रवेश नही करने दी। मुख्य गेट के बाहर ही प्रदर्शन का कार्यक्रम हुआ। रैली में शामिल लोग वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे तथा हाथ में तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बालू व पत्थर माफिया गद्दी छोड़ो आदि नारे लगा रहे थे।

### भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली

**इटखोरी।** भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को इटखोरी में विरोध प्रदर्शन किया। राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई। रैली कृषि फार्म से शुरू होकर इटखोरी चौक और चौपारण-चतरा मेन रोड होते प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची। यहां सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

### रिजर्वायर डैम में डूबने से एक मजदूर की मौत

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी एक तरफ देश की विकास कार्य में लगे हैं, वही दूसरी तरफ एनटीपीसी के विस्थापित गांवों की ग्रामीणों के लिए विनाश जाल बिछाने में लगे हैं। ग्रामीणों की माने तो एनटीपीसी की घोर लापरवाही एवं बिना सुरक्षा के कारण एक मजदूर डैम में डूब गया, जहां मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई।

### मगध प्रबंधन और भूरैयतों के बीच बैठक संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में अंचलाधिकारी विजय कुमार दास के अध्यक्षता में सीसीएल के मगध- संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र के महाप्रबंधक केके सिंहा एवं वहां के भूरैयतों के बीच बैठक किया गया। बैठक की मुख्य उद्देश्य सराढु पंचायत अंतर्गत देवलगड्डा बस्ती को राहम पंचायत के लरंगा गांव में स्थानांतरित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया।


### आज होगा शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के परिसर में कल यानी शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से एक दिवसीय शिविर लगाया जाएगा।इस शिविर में न्यायालय से सम्बंधित कानून की जानकारी के अलावे विभिन्न मामलों में जनसुनवाई कार्य किया जाएगा।शिविर में कई तरह के योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जाएगा।

### क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

चतरा। समाहणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में केन्द्रीय प्रायोजित योजना कम्प्यूटराइजेशन ऑफ प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी (पीएसीएस) से संबंधित जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति (डीएलआईएमसी) की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से पैक्सों के सशक्तिकरण एवं उनके कामकाज में पारदर्शिता के साथ सुगमता बनाने का निर्देश दिया।

# भद्रकाली मंदिर का अवलोकन करने पहुंची इंग्लैंड की शोधकर्ता



म्यूजियम में रखे अवशेषों का अवलोकन करते शोधकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली मंदिर की अवलोकन करने इंग्लैंड की शोधकर्ता डा. फियोना बकी शुक्रवार को इटखोरी पहुंची। मंदिर पहुंचकर इंग्लैंड की शोधकर्ता ने सर्वप्रथम मंदिर परिसर में अवस्थित म्यूजियम का अवलोकन किया। म्यूजियम में रखे हुए प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष, कलाकृतियों तथा प्रतिमाओं को देखकर इंग्लैंड की शोधकर्ता काफी प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि इटखोरी का धार्मिक स्थल अंतर्राष्ट्रीय शोध केंद्र बनने की क्षमता रखता है। आने वाले समय में दुनिया के कई देशों के शोधकर्ता यहां शोध करने के लिए पहुंचेंगे। इंग्लैंड के शोधकर्ता ने मंदिर क्षेत्र को और विकसित करने की आवश्यकता जताई। म्यूजियम का अवलोकन करने के पश्चात उन्होंने मां भद्रकाली मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर तथा बौद्ध स्तूप मंदिर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष तथा कलाकृतियों व प्रतिमाओं को क्षेत्र का बहुमूल्य धरोहर बताया। डा. फियोना इंग्लैंड के कार्डिफ युनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। उनके शोध का मुख्य विषय प्राचीन भारतीय मंदिरों की वास्तुकला का डिजाइन और औपचारिक विकास है। उन्होंने अपने शोध को लेकर उत्तर भारत में काफी फील्ड वर्क किया है।

# 33.800 किलोग्राम डोडा व 10.300 किलोग्राम गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए 33.800 किलोग्राम डोडा और 10.300 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए तीन युवक को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुंदा थाना अंतर्गत ग्राम कुटिल से कुछ व्यक्ति एवं बाहरी तस्कर अवैध रूप से गांजा एवं डोडा खरीद कर कुंदा की ओर जाने वाले हैं। पुलिस कप्तान के आदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल मदारपुर गांव से पहले मोड़ के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। इस दौरान तीन व्यक्तियों ने एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुंदा की ओर आ रहे थे। इसी बीच पुलिस व पदाधिकारियों को देखकर मोटरसाइकिल छोड़ भागने का कोशिश किया।

इस दौरान पुलिस ने इन तीनों व्यक्तियों को धर दबोचा इस दौरान 6 किलो गांजा के साथ गिरफ्तारी की गई साथी इनके निशानदेही पर मदारपुर गांव से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर बीच जंगल में 33. 800 किलोग्राम डोडा और 10 किलो 300 ग्राम गांजा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल एक स्मार्टफोन बरामद किया गया। तीन गिरफ्तार व्यक्ति कुंदा थाना क्षेत्र के कुटिल गांव निवासी नंदू रजक और दो बाहरी तस्कर जो अंतर जिला का रहने वाले हैं।

# बंदूक की नोंक पर पांच लाख रुपये लूटकर भाग रहे 2 युवक गिरफ्तार, एक फरार

थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़गड़वा एवं कुसूमटोला के पास हुई गिरफ्तारी तीसरे की गिरफ्तारी को लेकर अभियान तेज


चंदवा पुलिस द्वारा पकड़ा गया अपराधी


बरामद हथियार व पैसा से भरा बैग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर फिल्मी अंदाज में मैकलुस्कीगंज स्थित एक प्रज्ञा केंद्र से बंदूक की नोक पर लाखो रुपये लूट कर बाइक से भाग रहे 3 में से 2 लुटेरों को धर दबोचा वहीं तीसरा लुटेरा मौके से भागने में सफल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मैकलुस्कीगंज के प्रज्ञा केंद्र संचालक आशीष प्रसाद साहू प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी अपना प्रज्ञा केंद्र खोल रहा था, इसी दौरान घात लगाए 3 अपराधी आ धमके व गन पॉइंट पर लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालक के पास से एक बैग जिसमें पांच लाख रुपये से अधिक व चेकबुक व जरूरी कागजात थे उसे लेकर भाग निकले, घटना की सूचना के तुरंत बाद मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने अपराधियों के घर-पकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया व भुक्तभोगी से मिली सूचना के आधर चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर पीछा शुरू किया व इसकी सूचना चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा को भी दी। जिसके बाद चंदवा पुलिस के द्वारा हड़गड़वा के पास लूट कांड को अंजाम देकर बाइक से भाग रहे अपराधियों को रोका, इसी दौरान एक अपराधी बाइक से कूदकर भाग निकला। वहीं दो लुटेरों को लुटे गए बैग के साथ चंदवा पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया। पुलिस के द्वारा हथियार व प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया गया है। इधर संचालक से पुछे जाने पर बताया कि लगभग पांच लाख रुपये से अधिक लूट कर भाग रहे थे। मामले में पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा ने बताया कि दो अपराधियों के पकड़े जाने, नकद व हथियार बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया की मामले में जांच पड़ताल की जा रहा है। आगे विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### हाथियों के झुंड ने फसल को किया नष्ट

**बारियातू।** हाथियों की झुंड ने बारियातू बस्ती निवासी लुढ़न महतो व बैजू महतो की चारदीवारी व कई किसानों के आलू व टमाटर की फसल को रौंद कर क्षतिग्रस्त कर दिए। बारियातू बस्ती निवासी लुढ़न महतो, बैजू महतो ने बताया कि बीते रात लगभग तीन बजे के आस-पास चार से पांच हाथियों की झुंड जिसमे एक हाथी का बच्चा भी शामिल है। घर के पीछे बने चारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिए। वही राजेश पासवान, कैलू यादव का आलू व टमाटर की फसल को पैरों से रौंद कर क्षतिग्रस्त कर दिए। हाथियों की झुंड बस्ती में हाथियों की झुंड आने से ग्रामीणों में दशहत बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों की झुंड बिश्रामपुर जंगल मे रुके है।

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक जनता दरबार मे प्रखंड कार्यालय के क्लर्क अजय मुंडा ने बताया कि अभी तक अंचल से सम्बंधित गैर मजरुआ भूमि को बंदोबस्ती करने को लेकर मात्र एक आवेदन प्राप्त हुआ। इधर जनता दरबार मे प्रखंड अंचल के कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं रहने से जनता दरबार का समुचित लाभ ग्रामीण नहीं उठा पा रहे है।

### बाइक से गिरकर पारा शिक्षक घायल

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बालूमाथ रेलवे साइडिंग के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से बालूमाथ निवासी पारा शिक्षक राजकुमार भगत घायल हो गये। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार भगत 52वर्ष पिता स्व० सावर भगत बालूमाथ स्तिथ अपने घर से डुमरातांड भगिया स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान बालूमाथ रेलवे साइडिंग के पास कोयला डस्ट से हुए कीचड़नुमा सड़क में वह स्लिप होकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राजकुमार भगत को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### किसानों को शॉल और सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित



**लातेहार।** कोरटेवा एग्री साइंस पायोनियर कम्पनी द्वारा सदर प्रखंड अन्तर्गत भूसूर पंचायत के सिंजों गांव में शुक्रवार को फसल कटाई दिवस मनाया गया। इस दौरान जिला के अधिकारी सुजीत सिंह चौहान ने कहा कि पायोनियर 27पी37 दो नम्बर के खेत में सबसे अधिक उपज देने वाला शंकर धान है। वहीं किसानों को 27पी 37 धान और अन्य धान को 25 वर्ग मीटर कटाई व झड़ाई कर दिखाया गया। जिसमें पायोनियर 27 पी 37 का धान ज्यादा उपज दी। वहीं बताया गया कि किसान प्रति एकड़ 6 हजार रुपए से ज्यादा मुनाफा कमा रहे है। वहीं कम्पनी एवं किसान द्वारा बैंड बाजा ढोल नगारा के साथ पायोनियर 27पी37 हर हाल बेमिसाल जिसने किया हर मैदान फतेह नारा लगाते हुए सिंजो गांव में पायोनियर धान अधिक लगाने वाले किसानों को शॉल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## हत्या के मामले का महज छह दिनों के अंदर पुलिस ने किया उद्भेदन, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन

**लातेहार।** हेरहंज थाना अंतर्गत एक युवक कमलेश उरांव की हत्या के मामले का कांड का उद्भेदन हेरहंज पुलिस ने घटना छह दिनों के अंदर कर लिया है। प्रेम प्रसंग में युवक की जान गई थी। विदित हो कि गत चार नवंबर को युवक का शव ग्राम होंजर तेतरटांड़ के पास से बरामद किया गया था। उसकी हत्या पत्थर से कूचकर की गई थी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पांच नवंबर 2022 को सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया था। रात में शव का पहचान कमलेश उरांव पिता उम्र 19 वर्ष गणेश उरांव ग्राम कसमार थाना हेरहंज के रूप में होने के उपरांत अज्ञात के विरुद्ध हेरहंज थाना कांड संख्या 44/22 धारा 302, 120 बी, 201 भादवि के अंतर्गत किया गया था। एसपी ने आगे बताया कि बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार एवं पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में हेरहंज थाना से एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा कांड का अनुसंधान में पता चला कि युवक का एक लड़की से प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा है। इससे युवक की पत्नी काफी परेशान रहती थी। जिससे उनके दोस्त चतरा जिले के लावालौंग थाना के कदहे गांव निवासी मनबोध गंझू पिता जेठू गंझू के द्वारा अपने भाभी (मृत युवक की पत्नी) को परेशान देखकर मौका का फायदा उठाते हुए सुनसान जगह पर ले जाकर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मनबोधनल गंझू ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल किया है। पुलिस ने आरोपित मनबोध गंझू को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया गया है। वहीं छापामारी दल में मुकेश चौधरी थाना प्रभारी हेरहंज, पुअनि बिन्देश्वर महतो, अभषेक कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

## जेजेएमपी का एक सक्रिय उग्रवादी चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते एसडीपीओ

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एक सक्रिय उग्रवादी को कमलेश नायक उर्फ कमलेश घासी 21 वर्ष ग्राम कोने बिनगड़ा, जिला लातेहार को हथियार और जिंदा गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सुचना पर छापामारी कर उसे सिकनी-रिचुघुटा मार्ग पर पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादी सदर थाना के पेशरार में पुलिस के साथ मुठभेड़ की घटना और मनिका थाना क्षेत्र के देव बार मोड़ में हुई मार्ग डकैती की घटनाओं में शामिल था। वहीं लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार ने बताया कि जेजेएमपी के सक्रिय उग्रवादी कमलेश नायक उर्फ कमलेश घासी को लोडेड पिस्टल एवं जिंदा गोलियों के साथ पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हाल में ही कमलेश नायक ने बिनगड़ा गांव की एक नाबालिग लड़की का पिस्तौल की नोक पर अपहरण कर लिया था। पुलिस ने नाबालिग लड़की को भी गिरफ्तार उग्रवादी के पास से सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं अपराधी के पास से 9 एमएम की एक पिस्तौल, 9 एमएम जिंदा गोली 4 और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वहीं अपराधी कमलेश नायक के उपर लातेहार थाना कांड संख्या 279/2022 दिनांक 11/11/2022 धारा 25 (1-ए)26 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट अंकित किया गया है। वहीं छापामारी दल में पुअनि दीपक नारायण सिंह, धर्मेंद्र कुमार महतो और मोहम्मद शाहरुख समेत लातेहार थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## रैयती बताकर बाधित किये गये चकला पथ को सीओ ने कराया शुरू


ग्रामीणों से वार्ता करते सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखण्ड के चकला पंचायत अंतर्गत दर्जनभर गांव को एनएच-99 व प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ने वाले चकला ग्रामीण पथ को एक ग्रामीण किस्टो उरांव के द्वारा रैयती जमीन पर पथ होने की बात कह ट्रेंच खोदकर बाधित कर दिया गया। पथ बाधित होने के दर्जनों गांव का आवागमन बाधित हो गया। जिसके बाद पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का एवं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी चंदवा बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व चंदवा थाना को दी, जिसके बाद शुक्रवार की सुबह प्रशासनिक टीम वहां पहुंची व ग्रामीणों की समस्याओं को जाना एवं पथ बाधित करने वाले ग्रामीण किस्टो उरांव को पथ बाधित न करने की हिदायत दी। प्रशासन के द्वारा समझाए जाने के बाद वह मान गया जिसके बाद तत्काल खोदे गए ट्रेंच को भर दिया गया। मौके पर सीआई ऋषि देव कमल, मुखिया रंजीता एक्का, अमीन महावीर राम, मंटू राम, साजिद खान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बच्चियों को प्रलोभन देकर दिल्ली ले जाने वाले मुजरिम पर नहीं हुई कार्रवाई : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता


पुतला दहन करने जाते भाजपाई

**बरवाडीह/ छिपादोहर।** गुरुवार को छिपादोहर चेकनाका के पास सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। जहां भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी ने बताया कि विगत एक सप्ताह पूर्व छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम से आदिम जनजाति परिवार के पांच नाबालिक बच्चियों को बहला-फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर गांव के ही कलिम अंसारी नामक व्यक्ति ने बगैर बच्चियों के माता-पिता को सूचना दिए दिल्ली ले जाया गया था। परिजनों को काफी खोजबीन के बाद पता चला कि कलीम अंसारी दिल्ली ले गया है। जिसके बाद परिजनों के द्वारा चुंगरू पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया के साथ छिपादोहर थाना पहुंच कर एफआईआर दर्ज कराया गया था। बावजूद इसके थाना प्रभारी के द्वारा दोषी कलीम अंसारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया गया ना अभी तक बच्चियों की कोई खोजबीन शुरू की गई। इधर बच्चियों के परिजन प्रशासन से इंसाफ की आस लगाए बैठे हैं। वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि पुलिस प्रशासन एक सप्ताह के अंदर सभी बच्चियों को सकुशल घर वापसी कराए और दोषी कलीम अंसारी को गिरफ्तार करे नहीं तो भाजयुमो उग्र आंदोलन करने को विवश होगी। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह, नरेश सिंह, विगण सिंह, गंगेश्वर ठाकुर, विद्यासागर मिश्रा, चंदन ठाकुर, संतोष, रामजीत मल्हार, वीरेंद्र सिंह, कमलेश प्रसाद, राजन गुप्ता, बादल बैठा और मोहन राम समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दामोदर घाटी निगम की तुबेद कोल माइंस ने जागरुकता शिविर का किया आयोजन


शिविर का उद्घाटन करते अतिथि

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम की तुबेद कोल माइंस ने अपने सीएसआर गतिविधियों के तहत परियोजना क्षेत्र के नेवाड़ी मध्य विद्यालय के पास एक चिकित्सा सह जागरुकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में तकरीबन तीन सौ ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गईं। इससे पहले निगम के कार्यकारी निदेशक खनन महेश कुमार सिंह व वरीय संयुक्त सचिव आरपीएके सिन्हा ने संयुक्त रूप से बतौर मुख्य अतिथि दीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर डीवीसी के अधीक्षण अभियंता अमीत प्रसाद, वरीय मंडल पदाधिकारी राहुल उरांव, अधीक्षण अभियंता खनन मनीष कुमार व मिथिलेश कुमार तथा उप निदेशक मानव संसाधन रवि प्रकाश तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक महेश कुमार ने कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों के निवर्हन के तहत इस स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है। उन्होंने इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में एमओआइसी डॉ. देबू ज्योति घोषदस्तीदार व डॉ. सुमन कुमार झा, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता रानी, तुबेद कोल माइंस के चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार व फार्मिस्स्ट विवेक केरकेट्टा ने तकरीबन 325 रोगियों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया। मौके पर नेवाड़ी समेत आसपास के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क पर बह रहा है जलमीनार का पानी, खेत बना आवागमन का सहारा

**परेशानी**

जलमीनारों के समक्ष सोखता और नाली का निर्माण कराने की मांग


पानी जमा होने से बाधित चकलवा टोले की सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्राम के चकलवा टोला में स्थापित सोलर जलमिनार का पानी कई महीने से कच्ची सड़क पर बह रहा है। जिससे आवागमन करने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलमिनार लगाए जाने के बाद से ही हम सबों को आवागमन के लिए दूसरे की जमीन का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थिति यह कि पूर्व में जो सड़क हुआ करती था आज वहां लगातार पानी बहने से चारों और घास जम गया है। जिससे सड़क का नामोनिशान पूरी तरह मिट गया है। वहीं पानी से बदबू आने के कारण लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि जलमिनार के पास सोखता का निर्माण करवाया जाना चाहिए था। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक सोखता का निर्माण नहीं हो सका है। यही कारण है कि कच्ची सड़क पर गंदा पानी जमा होने से लोगों को आवागमन ने दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

## समावेशी शिक्षा के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय परिसर में समावेशी शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईईओ रामप्रसाद यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षको व आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीईईओ यादव ने बताया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 दिव्यांग जनों के अधिकार, गरिमा को संरक्षित करता है और प्रत्येक क्षेत्र में उनके अधिकारों को सुनिश्चित भी करता है। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक निखिल मधुर एवं मनोज कुमार महतो ने आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के निहित प्रावधानों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही सभी से उपरोक्त अधिनियम के सम्बंध में ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील भी किया। कार्यक्रम में बीपीओ, सीआरपी, शिक्षक आंगनबाड़ी सेविका सहित कई समाजसेवी भी उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड के तहत सरईडीह उच्च विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बेतला।** झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण योजना खेलो झारखंड के अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्कूली छात्र छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के युवा नेता विजय बहादुर सिंह, बरवाडीह प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, पोखरी कला पंचायत के मुखिया नीतू सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश टोप्पो समेत अन्य गणमान्य अतिथि सामूहिक रूप से कार्यक्रम की शुरूआत मशाल जलाकर एवं विद्यालय का झंडा लहरा कर, राष्ट्रगान गाकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस नेता विजय बहादुर सिंह ने कहा कि आज जिस प्रकार मनुष्य के जीवन में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता है। उसी प्रकार शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होने के लिए स्कूली छात्र-छात्राएं को खेल जरूरी है। खेल के क्षेत्र में आज सुदूरवर्ती इलाकों से अच्छे-अच्छे प्रदर्शन करने के बाद खिलाड़ी निकल रहे हैं। जो जिला राज्य एवं देश लेवल तक खेल के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,राजद के प्रखंड अध्यक्ष नसीम अंसारी, समेत कई लोगों ने स्कूली छात्र छात्राओं को संबोधित कर हौसला अफजाई किया, कार्यक्रम में पहुंचे बरवाडी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी ने फीता काटकर कार्यक्रम शुभारंभ की एवं बच्चों के संबोधित करके हौसला अफजाई की,मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं,एवं कई पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड में खुलेआम सरकार द्वारा लूट का कार्य किया जा रहा है : हरिकृष्ण सिंह

मनिका प्रखंड में हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में भाजपा ने किया आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता व अन्य

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी मंडल मनिका के तत्वधान में,मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में,भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा दिन शुक्रवार को झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्यापत, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, बालू, पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रखंड स्तरीय जन आक्रोश रैली तथा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा उच्च विद्यालय मनिका के मैदान से भव्य आक्रोश रैली निकाली गई। रैली बाजारटांड़ से पैदल चलते हुए पचफेड़ी चौक से होकर प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची और सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे भाजपा जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सोरेन सरकार के 3.5 वर्ष के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस सरकार में बिचौलियों को लूट की पूरी छूट दे दी गई है। आज झारखंड राज्य में बच्चियां एवं महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इस जनविरोधी नीतियों की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आज हम लोग आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि वर्तमान में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आज जन आक्रोश रैली प्रदर्शन किया जा रहा है। पूरे झारखंड में अपराधी बेलगाम हैं और साथ ही साथ यहां के खनिज पत्थर बालू सहित अन्य बहुमूल्य रत्नों की लूट खुलेआम सरकार द्वारा की जा रही है। आज झारखंड में महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। आए दिन दुष्कर्म कि बड़ी-बड़ी घटनाएं सुनने को मिलती है। अपराधी बेखौफ होकर लूट और हत्या की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी के विरोध में जन आक्रोश रैली है। आलम यह है कि हेमंत सरकार भी ईडी के जांच के दायरे में आ चुकी है। जिस राज्य के मुख्यमंत्री के ऊपर भ्रष्टाचार के लगातार आरोप लग रहे हों उससे यह समझ जाना चाहिए कि वर्तमान में राज्य में किस तरह की सरकार चल रही है। आगे भी भाजपा द्वारा इस तरह की रैली राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ में होती रहेगी। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे,भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा,अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान,प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, भाजपा नेता महेश सिंह, राजधानी यादव,भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित राज गोलू,भाजपा महामंत्री मनदीप कुमार,समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### सरकार आपके द्वार में मिला योजनाओं का लाभ

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद वार्ड नंबर 19 मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार आज जिसमें वार्ड की जनता ने राशन कार्ड, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, सावित्री बाई फुले योजना, श्रम कार्ड, हेल्थ कार्ड योजना आदि का लाभ लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड संख्या 19 के पार्षद अभिषेक दास उपस्थित हुए। साथ में अनंत बाउरी, धर्मेन्द्र दास प्रतिमा बाउरी, सुमिता गोराई, टुम्पा मंडल, अनिल साव, राजेश बाउरी, चिन्मय बनर्जी का योगदान रहा।

### बेरमो: सीसीएल कारो परियोजना कॉन्टैक्टर ग्रुप की बैठक

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना के कारो कॉन्टैक्टर ग्रुप की बैठक जवाहर नगर स्थित भरत यादव के आवास पर हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की कारो परियोजना से संबंधित कामों में यदि कोई बाहर के ठेकेदार पार्टिसिपेट करता है तो उसके साथ सामए दामए दंडए भेद कोई भी नीति अपनानी पड़ेगी तो संगठन पीछे नहीं हटेगे। बाहर के ठेकेदारों का विरोध किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कार्तिक महतोए भरत यादवए सोहनए संजय गोपए रामचंद्र यादवए विजय पासवानए चंदनए लालमोहन यादवए सोनू अग्रवालए धनु रामए विक्की महतोए दीनानाथ प्रसाद आदि ठेकेदार एवं विस्थापित मौजूद थे।

### 12 पंचायत और 5 वार्ड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज

**धनबाद।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शनिवार को 12 पंचायत व 5 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शनिवार को धनबाद प्रखंड के समसिखरा पंचायत भवन, पूर्वी टुण्डी रूपन पंचायत भवन, कलियासोल सुसनलिया पंचायत भवन, निरसा सोनबाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरसा, तोपचांची तांतरी पंचायत भवन, बाघमारा केशरगढ़, तेतुलिया–1 व खानुडीह पंचायत भवन, बलियापुर सिन्दुरपुर चालधोवा शिव मंदिर के पास, एग्यारकुण्ड शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत भवन, गोविन्दपुर तिलैया मध्य विद्यालय छोटाजमुआ, धनबाद नगर निगम वार्ड 42 में जियलगोरा बीसीसीएल गेस्ट हाउस, वार्ड 47 लोदना हाई स्कूल व वार्ड 52 में विवाह भवन सम्राट नगर, चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड 20 आंगनबाड़ी केंद्र कपासरा व वार्ड 21 के वार्ड विकास केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आज तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालयए झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में शनिवार 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में लोग ज्यादा से ज्यादा अपने मामलों का निष्पादन करा सकते हैंए जो भी अपना मुकदमा समाप्त करवाना चाहते हैं। वह अपना आवेदन अपने अधिवक्ता के माध्यम से या फिर खुद से न्यायालय में आवेदन देकर अपने मामलों का निष्पादन करवा सकते हैं। न्यायालय में प्री लिटिगेशन के मामले समाप्त किया चुका है। अब तक न्यायालय में कई मामले निष्पादन किया गया। 12 नवम्बर को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 4 बेंच का गठन किया गया है। जिसके प्रथम बेंच पर कुटुंब न्यायालय राजीव रंजनए प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी श्वेता सोनी एव अधिवक्ता उमेश प्रसादए दूसरे बेंच पर जिला जज दितिय अनिल कुमारए प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव एव अधिवक्ता उमेश प्रसादए तीसरे बेंच पर एससीजेएम विशाल गौरवए प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो एव अधिवक्ता संत कुमार महतो तथा चौथे बेंच पर एसडीजेएम दीपक कुमार साहु एव अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह मौजूद रहेंगे।

# सार्वजनिक नल को लेकर दो पक्षों में मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के ईस्ट भगतडीह कॉलोनी में माडा के द्वारा लगाए एक सार्वजनिक नल को कब्जा किए जाने का विरोध करने पर मंगलवार की देर रात दो पक्षों में मारपीट एवं फायरिंग की घटना प्रकाश मे आया। भगतडीह के रहने वाली खुशबू यादव ने पड़ोस के ही रहने वाले पंकज तिवारी शेखर तिवारी कारू पांडेय करण पांडेय शुभम पांडेय शिवम पांडेय चंदन वर्मा अजीम खान नामक युवकों द्वारा जबरन उनके घर पर घुसकर मारपीट और महिलाओं के साथ छेड़ छाड़ का प्रयास किया। वही स्थानीय लोगो ने बताया कि ये सभी स्थानीय विधायक समर्थक है, उनलोगो ने हथियार प्रयोग कर गोलियां भी चलाई , धमकी देते हुए कहा कि हमारा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। थाना उनके जेब में है। जब थाना मे इनकी शिकायत की तब केश दर्ज करने से मना कर दिया, उल्टा हमलोगों पर ही झूठा केश कर दिया गया हैं ।

भाजपा नेत्री रागनी सिंह भुक्तभोगी सहित कई लोग एसएसपी संजीव कुमार को बताया कि झरिया में झरिया प्रशासन की अनदेखी के कारण झरिया में झरिया विधायक के समर्थकों द्वारा आए दिन गुंडई एवं छेड़खानी की जाती रही ,बावजूद इसके झरिया प्रशासन ने सत्ता के प्रभाव में इस पर अपनी चुप्पी साध रखी है उल्टा भुक्तभोगियों पर ही कार्यवाही की जा रही है, ऐसे में झरिया प्रशासन के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े होते है जहां भुक्तभोगी द्वारा लगातार फोन करने के बावजूद झरिया प्रशासन ने किसी प्रकार की नाही कार्यवाही की नाही घटना स्थल पर पहुंचे । भगतडीह के रहने वाले कई स्थानीय महिलाए पुरुष एवं बच्चे भी एसएसपी को उनके साथ किए गए मारपीट और छेड़छाड़ होने की बात बताई। एसएसपी संजीव कुमार ने मामले को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करने की बात कही। वही उन्होंने बताया कि जनता के हित के लिए जनता के द्वारा 100 नंबर डायल करने के बावजूद अगर किसी भी थाना क्षेत्र के थानेदार या अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती है तो उस थानेदार एवं प्रशासन अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

### 58 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

झरिया। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा 16 नम्बर बस्ती के रहने वाले मो लुकमान 58 वर्षीय का शव स्टेडियम के पास से बरामद किया गया है। बताते हैं कि 7 नम्बर को घर से अचानक गायब हो गए। परिजनों ने जिससे खोज बीन काफी किया पर नहीं मिला, जिसका शव शुक्रवार को स्टेडियम के पास मिला। परिजनों ने बताया कि स्वेटर,ब्लू रंग का हाफ पैंट हवाई चपल पहना हुआ है। दाहिना पैर घसीट कर चलता था । शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुच कर शव बरामद किया उसके बाद परिजन पहचान किया। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए हैं जोरापोखर पुलिस में सबको पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### बीएसएल में परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट पर कार्यशाला

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों हेतु सीओ एवं सीसी के एचआरडी हाल में कोलध्ओर टिपलर में श्डेमरेज रिडक्शनश पर परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके उदघाटन सत्र में सीजीएम ;सीओ एवं सीसीद्धराकेश कुमारएसीजीएम ;ट्रैफिकद्धए के झाएजीएम ;मासंविद्धश्रीमती देवाश्री रानी टोप्पोएजीएम ;आरएमएचपीजे दास गुप्ताएजीएम ;सीओ एवं सीसीद्धएल के पूर्तीएजीएम ;सीओ एवं सीसीद्धआर एन विश्वासएजीएम ;सीओ एवं सीसी अशोक कुमारएजीएम ;सीओ एवं सीसीद्धए जी रावएजीएम ;सीएचपीद्धएस आर चौधरीएजीएम ;यातायातद्धमोण शहाबुद्दीन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। देवाश्री रानी टोप्पो ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# राजगढ़िया परिवार ने बनाया नेत्रदान का रिकॉर्ड

## परिवार से हुआ 5वां नेत्रदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** समाजसेवी अंकित राजगढ़िया की नानी कमला अग्रवाल का आज सुबह 7 बजे रानीगंज मे निधन हो गया जिसके बाद अंकित राजगढ़िया नेत्रदान के लिए पीएमसीएच नेत्र विभाग के डॉ रजनीकांत को दिए नेत्रदान के लिए पीएमसीएच की टीम रानीगंज जाकर नेत्र को सुरक्षित रखी है नेत्र विभाग की टीम मे नेत्र पदाधिकारी रमेश प्रसाद, विश्वजीत मंडल, अभय, दीपू मौजूद रहे है अंकित ने बताया कि यह उनके परिवार से 5 वा नेत्रदान है जप भारत मे एक परिवार से सबसे अधिक नेत्रदान का रिकॉर्ड है इसके पहले उनके परिवार से बड़े पापा देवी प्रसाद राजगढ़िया,पिताजी प्रकाश चंद्र राजगढ़िया,बड़ी माँ विमला देवी,मामा सुरेश अग्रवाल और आज कमला अग्रवाल का नेत्रदान किया गया अंकित ने बताया कि उनके परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि उनका परिवार का हर सदस्य नेत्रदान करेगा और जाने के बाद बेनूर दुनिया को रोशन करेगा। आपको बता दे कि अंकित राजगढ़िया ने की खुद का पूरा शरीर पीएमसीएच को दान किया हुआ है।

# रचनात्मक गुणों के विकास के लिए डीपीएस में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बच्चों में कलात्मक व रचनात्मक गुणों के विकास हेतु डीपीएस बोकारो में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पहले दिन प्री.नर्सरी कक्षा के बच्चे सामाजिक मित्र विषयवस्तु पर आधारित प्रतियोगिता में विभिन्न पात्रों डॉक्टरए ग्वालाए सब्जी. विक्रेताए पुलिसकर्मी फायर फाइटर, शेफ, ठेला-खोमचे वाले आदि की भूमिकाओं में नजर आए। छात्राएं टॉफी गर्लए बैलून गर्ल के रूप में भी दिखीं। दूसरे दिन नर्सरी कक्षा के बच्चे शेरए बाघए चीताए हाथीए पांडाए भालू आदि जानवरों के वेश में सज.धज कर पहुंचे और वन्य.जीवों के संरक्षण का सुंदर व जीवंत संदेश दिया।तीसरे दिन पेंग्विनए स्टार फिशए जेली फिशए व्हेलए डॉल्फिनए अजगरए कछुआ आदि के रूप में प्रेप कक्षा के बच्चे मंच पर उतरे और जलीय जीवों का अस्तित्व बचाए रखने परप्रस्तुति दी। उन्होंने जादूगरए जोकरए स्पाइडरमैनए जिन्न आदि वेशभूषा के अलावा विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान में वहां की सांस्कृतिक विशेषताएं रेखांकित कीं। चौथे और अंतिम दिन पहली कक्षा के बच्चे परियों की कहानी सुनाई।

# बड़की बौआ रेलवे फाटक खुलने से ग्रामीणों में खुशी

## लॉकिंग मशीन का बटन दबा किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया के बड़की बौआ स्थित धनबाद गया रेल खंड पर गेट संख्या 4/सी/ई को पिछले दिनों धनबाद रेल प्रबंधन ने बंद कर दिया था। जिससे स्थानीय लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। बड़की बौआ के लोगों को मुख्य सड़क पर आने का संपर्क पूरी तरह से टूट गया था। जिससे स्कूली बच्चों को भी परेशानी हो रही थी।

रेलवे के इस प्रावधान से हो रही समस्या के निदान को लेकर शहीद शक्ति नाथ महतो की पुत्री अंजना देवी ने आंदोलन भी किया था और रेल प्रबंधन से फाटक चालू करने की मांग रखी थी। वहीं फाटक बंद किये जाने और लोगों को हो रही समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो से भी गुहार लगाई थी। मथुरा प्रसाद महतो ने आश्वासन दिया था कि रेल प्रबंधन से वार्ता कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

शुक्रवार को बड़की बौआ के स्थानीय ग्रामीणों को बड़ा सौगात मिला। जहां गोमो वरीय अनुभाग अभियंता रेलवे पथ शैलेन्द्र कुमार, रेलवे अनुभाग अभियंता सिग्नल दीपक दयाल, धनबाद सिग्नल अभियंता पीयूष गोयल के साथ ए जी चंद्र और बड़की बौआ पंचायत के मुखिया भीमलाल रजक की मौजूदगी में इनपुट लॉकिंग मशीन का बटन दबा कर उद्घाटन किया गया। धनबाद गया रेल खंड के फाटक संख्या 4/सी/ई के खुलने से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि फाटक बंद होने से हाट बाजार जाने में दिक्कत होता था। बच्चो को स्कूल भेजने में परेशानी होती थी। फाटक खुलने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# जर्जर सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा और रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रयासो ने एक बार फिर रंग लाया और उस गांव का एकलौता सामुदायिक जर्जर भवन का कायाकल्प हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत के पारटांढ स्थित काफी पुराना और प्रसिद्ध मजार जो मरहुम हाफिज गुलाम मोहिउद्दीन का बताया गया उसके बगल में ही काफी पहले एक सामुदायिक भवन का निर्माण यह सोचकर करवाया गया था कि गांव के सामुहिक कार्यक्रम में लोगो को सहुलियत हो मगर काफी पुराना और रख रखाव के अभाव के कारण यह भवन पुरी तरह जर्जर हो गया था यहां तक कि भवन लगभग धंसने के कगार पर पहुच गई थी। मगर सौभाग्य से इस ओर रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी की नजर इस ओर गई और उन्होंने इस गंभीर मामले को झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी के समक्ष रखा और बीना समय गंवाए एक प्रतिनिधि मंडल सीसीएल कथारा जीएम से मिले और उक्त भवन की जीर्णोद्धार की मांग रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीएल प्रबंधन ने जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया की उक्त भवन की जल्द से जल्द मरम्मति करवाई जाये। जारंगडीह के पदाधिकारियों ने भी मामले को गंभीरता से लिया और सीसीएल सीएसआर फंड से इस भवन की मरम्मति की अनुशंसा कर दी और काम शुरू हुआ। उक्त जर्जर भवन के जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण को लेकर भवन की मरम्मति के साथ साथ रंग रोगन और भवन के पुरे फरस पर टाइल्स लगाया गया। अब उस भवन की सुंदरता देखते बनती है। इस संबंध में अध्यक्ष श्री अंसारी ने बताया कि अब गांव वालो को शादी विवाह आदि सामुहिक कार्यक्रम में सहुलियत होने के साथ साथ टेंट आदि के पैसे भी बचेगे। इस कार्य को करवाने मे सहयोग करने वालो मे उपरोक्त लोगो के अलावे मो बेलालए युनूस अंसारीए रहमत अंसारीए करीम अंसारीए मो खलील अंसारीए अब्दुल मनानए नियाज अहमदए अब्दुल जब्बारए शाने अहमदए मोजफ्फर हुसैनए रिसालत हुसैनए कुतबुददिनए हसनैनए मो रियाज अंसारीए हाशीम अंसारीए खुर्शीद अंसारीए अलाउद्दीन आदि लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

# सिंदरी: बीबीएमकेयू इंटरकॉलेज क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** बीबीएमकेयू तीसरे अंतरकॉलेजीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी के द्वारा कल्याण केन्द्र में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में सहयोगी के रूप में एससीएसए सिन्दरी के सदस्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता में बीबीएमकेयू के 8 कॉलेजों से आए 24 महिला धावकों व दस कॉलेजों से आए 36 पुरुष धावकों ने अपनी प्रतिभा को दशार्या।

मुख्य अतिथि एफसीआईएल सिन्दरी के संपदा अधिकारी सह एससीएसए सिन्दरी अध्यक्ष देबदास अधिकारी व विशिष्ट अतिथि बीबीएमकेयू सेक्रेटरी ऑफ स्पोर्ट्स कांउसिल डॉ ए एस बेग ने महिला वर्ग की विजेता बीएसके कॉलेज मैथन की अनिता दास व पुरुष वर्ग के विजेता बीबीएमकेयू पीजी विभाग के प्रताप राव सहित अन्य प्रतिभागियों को मेडल व ट्राफी से सम्मानित किया। महिला वर्ग में प्रथम बीएसके कालेज की अनिता दास, द्वितीय पीकेराय कॉलेज की निशा कुमारी, तृतीय स्थान पर बीएसएस महिला कॉलेज की कुमारी रोमी, चौथे स्थान पर सिन्दरी कॉलेज की प्रमिला कुमारी, पाँचवे स्थान पर आर एस मोर कॉलेज गोविंदपुर की कलावती हेम्ब्रम व छठे स्थान पर एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की देवी कुमारी रहीं। पुरुष वर्ग में बीबीएमकेयू पीजी विभाग के एस प्रताप राव प्रथम, पीजी विभाग के उदय कुमार यादव द्वितीय, पीजी विभाग के रमेश कुमार पाण्डेय तृतीय, पीजी विभाग के मुकेश कुमार चौथे, पाँचवे स्थान पर बीबीएम कॉलेज बलियापुर के अरुण कुमार महतोव छठे स्थान पर बीडीए कॉलेज से रोहन कुमार रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता सिन्दरी कॉलेज प्राचार्य डॉ नकुल प्रसाद व संचालन प्रो अनिल आशुतोष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज तिवारी ने किया।

### पूर्व विधायक ने अफसरों को लगाई फटकार

**बोकारो।** कसमार रूआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत कसमार प्रखंड अंतर्गत मंजूरा पंचायत सचिवालय भवन के निकट परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 21विभागों के स्टालों लगाए गए थे जिससे कुल 2900 आवेदन प्राप्त हुए वहीं सर्वर डाउन रहने के कारण 2400 ही आवेदन ऑन द स्पॉट ऑन लाइन हो पाया। कार्यक्रम के गोमिया के पूर्व विधायक सह झारखंड सरकार के समन्वयक समिति के सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो उपस्थित थे।

# भाजपा ने रैली निकाल सरकार की नीतियों का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**पूर्वी टुंडी।** भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी तथा विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली भाजपा अध्यक्ष समीर साव के नेतृत्व में निकाली गई। रैली शंकरहीह मोड़ स्थित काली मंदिर से शुरू होकर गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग से होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंहा, जिले के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, टुंडी विधानसभा के रह चुके विधायक प्रत्याशी विक्रम पांडे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव मिश्रा, भाजपा नेता मोहन कुमार,जिप सदस्य जेबा मरांडी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष महादेव कुमार, फिरोज दत्ता आदि शामिल हुए। प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया हेमंत सरकार गद्दी छोड़ो, हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का आंदोलन भाजपा कार्यकताओं ने लगाया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री सिन्हा, श्री पांडे, श्री अग्रवाल आदि को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार सिर्फ लूट भ्रष्टाचार करने में लगी है। एवं खनिज संपदा की जमकर लूट मची है। जन विरोधियों भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी कुर्सी में बैठने का कोई अधिकार नहीं है। ईडी जांच में फंसता देख हेमंत सरकार बौखला गई है। हम सभी झारखंड राज्य को लूटने नहीं देंगे। बहुत जल्दी यह सत्ता जाएगी और भाजपा की सरकार आएगी।

### विरोध-प्रदर्शन में थे शामिल

कार्यक्रम में भाजपा नेता बासुदेव कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास, भाजपा नेता महादेव कुमार, भीम लाल भंडारी,कांत लाल मंडल,संदिप मंडल, अजीत कुमार, सत्यदेव हेंमब्रम,समेत काफी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### वृद्धाआश्रम में विमला देवी की पुण्यतिथि मनी



**धनबाद।** भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने टुंडी प्रखंड आसनडाबर मे लालमणि वृद्धाश्रम मे अपने माता विमला देवी की 18 वीं पुण्य तिथि मनायी। श्री रवानी ने यहाँ पर रह रहे सभी वृद्दजनो को भोजन कराया ओर आर्थिक मदद भी की। वही स्वजनो ने सभी रह रहे वृद्दजनो का चरण स्पर्श कर बारी – बारी से आशिर्वाद लिया। इसके पुर्व भी यहाँ कई बार श्री रवानी ने अपनी माँ का पुण्य तिथि आश्रम मे मनायी है। उन्होंने आश्रम मे आम लोगो से मदद करने का भी अपील किया । मौके पर दिनेश कुमार रवानी , सावित्री देवी , सीमा देवी , मंजु देवी , बेलु देवी , रुपा कुमारी , किशोर चन्द्रवंशी , विधा सुधा , अक्षत राज , प्रियांषु चन्द्रवंशी , के अलावा आश्रम के डा० देवेन्द्र शरण , सुधीर वर्णवाल , सुबल सिंह , शांति देवी थे रेखा दत्ता व नारायण दत्ता ने भोजन के उपरांत भजन गाकर सबो को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**धनबाद।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना। समस्या के निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में एनएच द्वारा 2018 में भूमि अधिग्रहण करने के बाद अब तक मुआवजा की राशि नहीं देने, पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा कर घर निर्माण करने, ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि को सुधारने, कॉलेज द्वारा मार्कशीट और एडमिट कार्ड नहीं देने, ऑनलाइन पंजी टू में दूसरे व्यक्ति का नाम दर्ज करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

### बेटी के जन्म दिन पर माता का जागरण



**बेरमो।** फुसरों नगर परिषद क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी मोहन महतो द्वारा अपनी पुत्री शीतल कुमारी के जन्मदिन के अवसर पर भव्य माता जागरण का आयोजन करवाया। यहां धनबादए बोकारोए रांची सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद हिंदीए भोजपुरीए खोरठा भाषा में कई भक्ति भजनो की प्रस्तुत दी गई। इसमें दर्शक झूमते रहे। आयोजन कर्ता मोहन महतो ने कहा कि बेटियां लक्ष्मी स्वरूप होती है। बेटी मेरे लिए अभिमान से कम होती है। इसलिए इनका सम्मान जरूरी है। रात भर लोगों ने भक्ति गाना में झूमते हुए जागरण का लुफ्त उठाया।

### आपकी सरकार आपके द्वार में समस्याओं से रू-ब-रू हो रहे अधिकारी

**बोकारो।** आपके योजना . आपकी सरकारए आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न पंचायत भवनोंए नगर निगम चास एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिले के वरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने क्रमवार शिविर में शामिल ग्रामीणों से उनकी समस्या सुनीए उसके निष्पादन को लेकर बीडीओध्सीओ को जरूरी दिशा द्द निर्देश दिया। साथ हीए ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार खड़ी हैए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।कार्यक्रम का आयोजनद्धचास प्रखंड के कांड्राध्कुरा पंचायतए चंदनकियारी प्रखंड के बड़ाजोरध्चंदनकियारी पण पंचायतए गोमिया प्रखंड के टीकाहाराध्बड़की पुन्नु पंचायतए बेरमो प्रखंड के बेरमो पण पंचायतए नावाडीह प्रखंड के खरपीटो पंचायतए चंद्रपुरा प्रखंड के सिजुआ पंचायतए पेटरवार प्रखंड के उतासारा पंचायतए जरीडीह प्रखंड का बारू पंचायतए चास नगर निगम के वार्ड संख्या 29द्द30 ए नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 25 में किया गया। शिविरों में ऑन स्पॉट निष्पादित मामलों व स्वीकृत आवेदनों के लाभुकों के बीच जिले के वरीय पदाधिकारियोंए प्रखंड विकास पदाधिकारियोंध्अंचलाधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## मजदूर-प्रबंधन के बीच यूनियन पुल का काम करती है: पीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के एसडीओसीएम प्रबंधन के साथ शुकवार को परियोजना कार्यालय में राकोमयू प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक बैठक हुई। पीओ कुमार अरविंद झा ने कहा कि प्रबंधन और मजदूर के बीच यूनियन पुल का काम करती है। मजदूर कंपनी के अंग हैए उनकी सुविधाजनक का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है। मजदूरो के सभी समस्या निदान किया जाऐगा। उन्होंने कहा कि श्रमिक संगठन के लोगो कामगारो के साथ मिलकर काम करने से ही कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। क्षेत्रिय अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडे ने कहा कि सेंट्रल कॉलोनी और शारदा कॉलोनी कॉलोनी के जिन क्वार्टर हालत काफी जर्जर हो गई है। उसकी अविलंब मरम्मत कराई जाए। आवासों में तारफेल्टिंग और सीढी के काम नहीं होने के कारण काफी परेशानी है। कायाकल्प के तहत जिन क्वार्टरो का आधा अधूरा काम किया गया है उसे जल्द पूरा किया जाए। कॉलोनी और माइंस मे नियमित शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था की जाए। खदानों में पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। कंपनी के नियमानुसार कामगारों को पदोन्नति आदि मांगों को विस्तार पूर्वक रखा। मौके सीनियर मैनेजर शैलेश प्रसादए मैनेजर इंचार्ज राजीव कुमारए कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंहए पीई यूनियन के पासवानए पीई अखिल उज्जवलए एम टी सिविल राजन चौघरीएसहित यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र सिंहए एरिया सचिव शिवनंदन चौहान सहित शाखा अध्यक्ष मुरारी सिंहए सचिव रविशंकर ठाकुरए कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसादए मोहम्मद कलीमुद्दीनए जितेन्द्र सिहए युधिष्ठिर सिंहए ललित सिंहए कृष्णा गोपए उपेंद्र सिंहए चंद्रमोहन गोप एअजय कुमार एराजेश सिंह एआदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### जैकलीन को जेल या बेल, फैसला 15 को



**नयी दिल्ली।** सुकेश के साथ रिश्ते के कारण श्रीलंकन ब्यूटी पर ईओडब्ल्यू का शिकंजा कस चुका है। हालांकि अभी अभिनेत्री अंतरिम जमानत पर रिहा हैं, लेकिन उनके लिए शुक्रवार का दिन बेहद महत्वपूर्ण था। जहां पहले उनकी बेल पर फैसला आने वाला था, वहीं अब सामने आया है की यह 15 तारीख को आएगा।

### एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड को इस सप्ताह की शुरूआत में मराठी फिल्म 'हर हर महादेव' के प्रदर्शन को बाधित करने के सिलसिले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि राकांपा नेता के साथ उनके नौ समर्थकों को भी गिरफ्तार किया गया है।

### सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** एक अदालत ने दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट अपना फैसला 16 नवंबर को सुना सकता है।

### जम्मू : जैश का आतंकी कामरान मारा गया

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों ने जैश के एक आतंकी का मार गिराया है। आतंकी की पहचान कामरान भाई उर्फ हनीस के रूप में हुई है जो कुलगाम-शोपियां इलाके में एक्टिव था और कई आतंकी घटनाओं में शामिल रहा है।

### हिमाचल की 68 विधानसभा सीटों पर मतदान आज

**शिलांग।** विधानसभा के लिए 68 विधानसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से सुबह पांच बजे तक होगा। चुनाव मैदान में उतरे 412 उम्मीदवारों के भविष्य को 55.92 लाख मतदाता ईवीएम में कैद करेंगे। मतदान वाले दिन मौसम के साफ रहने का अनुमान है। मतदान के चलते शनिवार को राज्य में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। प्रदेश में 36 हजार से अधिक मतदाता डाक मतपत्रों से मत डाल चुके हैं।

## सीतारमण बोलीं, दोनों देशों का नजरिया सकारात्मक

# अमेरिका से संबंधों को और प्रगाढ़ बनायेगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिये पूरे उत्साह के साथ काम करेंगे और इसको लेकर दोनों देशों का नजरिया काफी सकारात्मक है।

नौवीं भारत-अमेरिका वित्तीय भागीदारी मंच की बैठक की शुरूआत के मौके पर अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता से हमारे बीच लंबे समय से चले आ रहे बेहतर संबंधों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा 'भारत एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को काफी महत्व देता है। हमारे बीच पारंपरिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं जो साझा मूल्यों, व्यापक मुद्दों पर आपसी हितों और दोनों देशों के लोगों के जीवंत संपर्क पर आधारित है।'




वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक और वित्तीय भागीदारी मंच के माध्यम से पर्याप्त और बहुआयामी सहयोग द्विपक्षीय संबंधों की एक प्रमुख आधारशिला है। उन्होंने कहा, 'हमारी बैठक हमारे आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूती देगी, दोनों देशों की कंपनियों के बीच संबंधों को मजबूत करेगी और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को दूर करने के लिये समन्वित नीतिगत रुख को सुगम बनाएगी।' बता दें कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत जी-20 की अध्यक्षता संभालाने वाला है।

सीतारमण ने कहा, 'हम वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का अधिक समन्वित तरीके से और बहुपक्षीय व्यवस्था को मजबूत कर अमेरिका के साथ निकट सहयोग जारी रखेंगे।' अमेरिकी वित्त मंत्री येलेन ने कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग न केवल आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देगा बल्कि यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि के समर्थन के लिहाज से भी मददगार हो सकता है।

येलेन ने कहा, 'भारत आने वाले दिनों में जी-20 की अध्यक्षता संभालने जा रहा है। इसको देखते हुए, हम अपनी साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने को उत्सुक हैं।' उन्होंने कहा कि हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हमारे बीच जो आपसी समझ बनी है, उससे हमें अपने साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसमें जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करना, बहुपक्षीय संस्थानों को विकसित करना और कई विकासशील देशों पर जारी कर्ज बोझ को दूर करना शामिल है। येलेन ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के स्तर को और प्रगाढ़ बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

### दिल्ली बनाम केंद्र मामले में याचिकाओं पर रोक, 24 को सुनवाई

**नयी दिल्ली।** प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर दिल्ली बनाम केंद्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने किसी भी तरह की याचिका दायर करने पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 24 नवंबर को सुनवाई करेगी। इससे पहले दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस मामले में एक हलफनामा दाखिल किया है। दिल्ली सरकार का मामला यह है कि चुनी हुई सरकार को केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण नौकरशाहों और अधिकारियों पर किसी भी तरह के प्रशासनिक नियंत्रण से बाहर कर दिया है। अधिकारी केंद्र सरकार के आदेश पर एलजी के माध्यम से नियुक्ति या तैनाती पाते हैं।

### चुनाव आयोग ने हिमाचल गुजरात में रिकॉर्ड जब्ती की

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनावी राज्यों हिमाचल प्रदेश और गुजरात में नकदी, शराब, ड्रग्स और अन्य सामानों की रिकॉर्ड जब्ती का दावा किया है। आयोग ने एक बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश में 50.28 करोड़ रुपये जब्त किए हैं, जो 2017 के विधानसभा चुनाव में 9.03 करोड़ रुपये की तुलना में पांच गुना अधिक है।

## राजीव गांधी की हत्या के मामले में थी दोषी

# जेल से बाहर आकर बोली नलिनी- मैं आतंकी नही...



एजेंसी

**चैन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए 6 लोगों को अब सुप्रीम कोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार नलिनी श्रीहरन और आरपी रविचंद्रन समेत 6 दोषी रिहा होंगे। रिहाई का फैसला आने के बाद नलिनी श्रीहरन ने खुशी जताई है। नलिनी ने कहा है, ह्यमैं जानती हूं, मैं आतंकवादी नहीं हूं। वहीं, नलिनी की मां ने कहा है, ह्यमैं कहना पसंद करूंगी कि सच की जीत हुई है। इसके साथ ही तमिलनाडु में नलिनी के समर्थकों के बीच भी खुशी की लहर है। वेल्लोर में उसके घर के पास उनके समर्थकों ने खुशी में आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। सुप्रीम कोर्ट से रिहाई का फैसला आने के बाद नलिनी श्रीहरन ने न्यूज18 से कहा है, 'मैं जानती हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं. मैंने जेल में कई साल परेशानी झेली है. आखिरी के 32 साल मेरे लिए चुनौती भरे रहे. मैं उन सभी लोगों का धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मेरी मदद की. मैं तमिलनाडु के लोगों और अपने वकीलों को धन्यवाद देती हूं.'

**मां ने कहा- खुशी का कोई ठिकाना नहीं :** कोर्ट के फैसले से नलिनी का परिवार काफी खुश है। नलिनी के परिजनों ने कहा कि बहुप्रतीक्षित रिहाई कुछ और नहीं, बल्कि असीम आनंद की अनुभूति है। नलिनी की मां एस पद्मा ने कहा, खुशी के भाव शब्दों में बयां नहीं किए जा सकते। इस खुशी का कोई ठिकाना नहीं है, बल्कि यह असीम आनंद की अनुभूति के अलावा और कुछ नहीं है।

### नीट यूजी काउंसलिंग के तीसरे दौर के शेड्यूल में हुआ बदलाव

**नयी दिल्ली।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने नीट यूजी काउंसलिंग 2022 के लिए दूसरे दौर की सीट अलॉटमेंट रिजल्ट की तारीख को फिर से शेड्यूल कर दिया है। एमसीसी के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, नीट यूजी दूसरे दौर का अंतरिम आवंटन परिणाम अब 14 नवंबर, 2022 को घोषित किया जाएगा। जबकि आवंटित कॉलेज में शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों के रिपोर्टिंग करने की शुरूआत 15 नवंबर से होगी। कमेटी ने नीट यूजी दूसरे दौर की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण की समय-सीमा को 13 नवंबर, 2022 सुबह 10 बजे तक बढ़ा दिया है।

## जजों की नियुक्ति मामले में देरी को लेकर कोर्ट की केंद्र को फटकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति को लेकर जो नाम अब तक पेंडिंग रखा है वो मंजूर नहीं है।

कोर्ट के मुताबिक सरकार न तो नामों की नियुक्ति करती है और न ही अपनी आपत्ति के बारे में बताती है। सरकार के पास 10 नाम भी लंबित हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दोहराया है। इस मामले के लेकर सुप्रीम कोर्ट ने लॉ सेकेट्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने बेंगलुरु के एडवोकेट्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की ओर से भेजे गए नामों को लंबित रखना, उन्हें मंजूरी नहीं देना और इस मामले में कोई वजह नहीं बताना 'स्वीकार्य' नहीं है।



### दावा : पुतिन को हत्या का डर! इसलिए नहीं जायेंगे जी-20 बैठक में

**नयी दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को क्या सच में अपनी हत्या का डर है और क्या इसी कारण से वे जी-20 शिखर बैठक में शामिल नहीं होंगे? जी, हां। रूस के एक कूटनीतिक विशेषज्ञ का यही दावा किया है। रूसी राजनयिक विशेषज्ञ सेरगे मारकोव ने आशंका जताई है कि अमेरिका, ब्रिटेन और यूक्रेन की सेना की विशेष इकाई पुतिन की हत्या की साजिश रच सकती हैं। इसलिए पुतिन जी-20 शिखर बैठक में नहीं जाएंगे। इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन 15 व 16 नवंबर को हो रहा है।

## मोदी ने मैसूर-चेन्नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, एयरपोर्ट का उद्घाटन किया



एजेंसी

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी बेंगलुरु पहुंचे। उन्होंने केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का उद्घाटन किया। यह टर्मिनल लगभग 5,000 करोड़ रुपए की लागत से बना है। मोदी ने बेंगलुरु रेलवे स्टेशन पर मैसूर-चेन्नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ये देश की 5वीं और दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन है।

पीएम मोदी ने भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी रवाना किया। पीएम ने वंदे भारत ट्रेन को नए भारत की नई पहचान बताया।

### लवलीना एशियाई मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतीं

**नयी दिल्ली।** भारत की स्टार खिलाड़ी लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया है। ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुकीं लवलीना ने शुक्रवार (11 नवंबर) को जॉर्डन के अम्मान में इतिहास रचा। उन्होंने 75 किग्रा वर्ग में अपना फाइनल मुकाबला जीत लिया। लवलीना ने खिताबी मैच में उज्बेकिस्तान की रुजमेतोवा सोखीबा को 5-0 से हराया। लवलीना के अलावा परवीन हुड्डा ने 63 किग्रा भारवर्ग, स्वीटी ने 81 किग्रा भारवर्ग और अल्फिया पठान ने 81+ किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया।

### बाजार में बहार, सेंसेक्स ऑल टाइम हाई 61795 पर, निफ्टी 18350 के पास

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शानदार तेजी दिखी। इस दौरान सेंसेक्स में 1181 अंकों की मजबूती के साथ अब तक के सबसे ऊंचे लेवल 61795 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 321 अंकों की तेजी के साथ 18350 के अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी आईटी इंडेक्स में 3.81 फीसदी की तेजी दिखी। शुक्रवार के कारोबार के दौरान निफ्टी 18362 अंकों के लेवल पर पहुंचा जो एक नया रिकॉर्ड है। निफ्टी के 37 शेयरों में तेजी दिखी, जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को बाजार में तेजी का बड़ा कारण एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर रहे। इन दोनों शेयरों में क्रमशः 5.72 और 5.73 प्रतिशत की शानदार तेजी दिखी।

## महाराष्ट्र: राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में पहुंचे आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को 65वें दिन महाराष्ट्र में है। यहां हिंगोली जिले में शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे कांग्रेस की इस यात्रा में शामिल हुए। उनके साथ महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, शिवसेना विधायक सचिन अहीर भी मौजूद रहे। वहीं, यात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता श्री पी गणेशन का निधन हो गया। राहुल गांधी ने उनके निधन पर दुख जताया।



### मूडीज ने 2022-23 के लिए भारत की जीडीपी का अनुमान घटाया

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वर्ष और अगले वर्ष के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को घटा दिया है। मूडीज का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई, ऊंची ब्याज दरें और वैश्विक विकास के धीमा पड़ने से अर्थव्यवस्था की चाल पूर्व में दिए गए अनुमानों की तुलना में धीमी पड़ सकती है। मूडीज ने कहा है कि उसके ताजे अनुमान के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की जीडीपी पूर्व के अनुमान 7.7% प्रतिशत से घटकर 7% रह सकती है। इतना ही नहीं वर्ष 2023 में यह घटकर 4.8 प्रतिशत पर पहुंचने की आशंका है। मूडीज के अनुसार वर्ष 2024 में यह रिकवर करते हुए 6.4 प्रतिशत पर पहुंच सकता है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में सात फीसदी विकास दर रहने का अनुमान जताया था।

## वर्कआउट के दौरान हार्ट अटैक से सिद्धांत सूर्यवंशी का निधन

टेलीविजन जगत से एक शॉकिंग खबर सामने आई है। एक्टर सिद्धांत वीर सूर्यवंशी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। जानकारी के मुताबिक, सिद्धांत का निधन वर्कआउट करते समय हुआ है। अभिनेता महज 46 साल के थे और इंडस्ट्री में अच्छा काम कर रहे थे। सिद्धांत वीर सूर्यवंशी का यूं अचानक जाना टीवी जगत के लिए हैरान कर देने वाली खबर है। यह लंबे समय से इस इंडस्ट्री से जुड़े हुए थे और कई कलाकारों के साथ उनका संबंध अच्छा था। सिद्धांत जब सुबह वर्कआउट कर रहे थे तभी अचानक उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद अभिनेता को अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टरों की एक टीम ने सिद्धांत का करीबन 45 मिनट तक इलाज किया और उन्हें बचाने की कोशिश की गई। लेकिन डॉक्टर्स उन्हें बचाने में नाकामयाब रहे। इसके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बता दें कि 15 दिसंबर को अपना 47 वां जन्मदिन मनाने वाले थे। सिद्धांत के निधन की जानकारी जय भानुशाली ने एक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। अभिनेता ने अपने दोस्त को याद करते हुए एक भावुक पोस्ट किया। जय ने सिद्धांत की तस्वीर अपनी इंस्टा स्टोरी पर लगाते हुए लिखा, 'भाई, तुम बहुत जल्दी चले गए।'






## फाइनल कल : इंग्लैंड और पाक के बीच कौन किसपर भारी

## दोनों टीमें दूसरी बार खिताब जीतना चाहेंगी

एजेंसी

**मेलबर्न।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। दोनों टीमें दूसरी बार खिताब अपने नाम करना चाहेंगी। पाकिस्तान ने साल 2009 में पहली बार इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। बाबर आजम एंड कंपनी ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया था, जबकि 2010 की चैंपियन इंग्लैंड की टीम ने अंतिम चार में भारत को 10 विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में एंट्री मारी है। इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार गई थीं। अब दोनों टीमों की नजरें खिताब पर है। साल 2021 के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड को न्यूजीलैंड ने पराजित किया था, जबकि पाक को ऑस्ट्रेलिया ने हराकर उसकी दूसरी बार खिताब जीतने का सपना तोड़ा था।

**फाइनल मैच में बारिश का साया**

रविवार को होने वाले फाइनल और अगले दिन रिजर्व डे दोनों दिनों में बारिश का खतरा मंडरा रहा है जिससे इन दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जा सकता है।

### इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें 2 बार टी20 विश्व कप में भिड़ चुकी हैं

टी20 विश्व कप में इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें दो बार टकराई हैं। दोनों मैचों में इंग्लैंड को जीत मिली है। दोनों टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभी तक कोई टी20 मैच नहीं जीत सकी हैं। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पाकिस्तान की टीम अभी तक कुल 2 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं इंग्लैंड ने यहां पांच मैच खेले हैं, जिसमें चार में उसे हार मिली है, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा है।

### दोनों के बीच 28 मुकाबले खेले गए हैं

इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 इंटरनेशनल मैचों में अभी तक कुल 28 बार भिड़ी हैं। इस दौरान इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। इंग्लिश टीम ने 18 मैचों में बाजी मारी है जबकि 9 मैचों में पाकिस्तान विजयी रहा है। एक टी20 मैच बेनतीजा रहा है। दोनों टीमें हाल में 7 मैचों की टी20 द्विपक्षीय सीरीज में आमने सामने हुई थीं। पाकिस्तान में आयोजित इस सीरीज में मेहमान इंग्लैंड की टीम ने 4-3 से सीरीज जीती थी।




## फीफा वर्ल्ड कप : कतर में वर्ल्ड चैंपियन बनने को तैयार 32 टीमें

अब से कुछ दिनों बाद ही फुटबॉल का सबसे मेला यानि फीफा वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। दुनिया भर के स्टार खिलाड़ियों का कतर में जमावड़ा लगेगा, जो अपने देश को वर्ल्ड चैंपियन बनाने उतरेंगे। 20 नवंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 दिसंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच मेजबान कतर और इक्वाडोर के बीच होगा। वर्ल्ड कप के क्वालिफाइंग दौर के मुकाबले खत्म हो चुके हैं और 32 टीमों का चयन भी हो चुका है। टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें से 18 ने अपने दल का ऐलान कर दिया है। 32 टीमों को 8-8 के ग्रुप में बांटा गया है। 48 लीग राउंड मुकाबलों के बाद हर ग्रुप की टॉप दो टीमें अगले राउंड में पहुंचेंगी। इसके बाद नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। 14 और 15 दिसंबर को सेमीफाइनल मैच होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमें 17 दिसंबर को तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। वहीं टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 18 दिसंबर को खेला जाएगा। कई बड़े सितारों को यहां एक्शन में देखने का मौका मिलेगा।



VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !